रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

झारखंड का रण 2024

रांची, रविवार 20 अक्टूबर 2024 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~5~~ ● वर्ष : 2, अंक : 190

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

* *

मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.2 | 23.6 |
| जमशेदपुर | 34.6 | 24.5 |
| डालटनगंज | 33.2 | 22.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

**इंडिया गठबंधन** सीटों पर सहमति, सीएम हेमंत ने किया ऐलान

# झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन के दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर काफी हद तक सहमति बन गई है. इस बारे में शनिवार दोपहर रांची में गठबंधन दलों की एक बैठक हुई. बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीट बंटवारे को लेकर जानकारी दी. उन्होंने बताया कि राज्य की 81 विधानसभा सीटों में से 70 सीटों का बंटवारा कांग्रेस और झामुमो के बीच होगा, वहीं बाकी बची 11 सीटें अन्य सहयोगी दलों के लिए छोड़ी जाएंगी.

प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंनेयह भी बताया कि इस विधानसभा चुनाव में लेफ्ट पार्टियां भी इंडिया गठबंधन के बैनर तले चुनाव लड़ेंगी. यानी 70 सीटों के बाद बची हुई 11 सीटों पर लेफ्ट व राजद जैसे गठबंधन के अन्य सहयोगी अपने प्रत्याशी उतारेंगे. हालांकि कौन-सा दल कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, फिलहाल इस बात का फैसला नहीं हुआ है. हेमंत सोरेने ने कहा कि आगे जो भी फैसला होगा, वो आपको बता दिया जाएगा. सोरेन ने कहा, हम इंडिया गठबंधन के लोग इस चुनाव को काफी गंभीरता से ले रहे हैं, और हर एक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस चुनाव में हमने साथ जाने का निर्णय लिया है. हमने गठबंधन के साथ चुनावी मैदान में जानेका फैसला लिया है. आगे उन्होंने बताया, झामुमो, कांग्रेस और राजद के साथ इस गठबंधन में एक और सहयोगी शामिल हो रहा है. लेफ्ट पार्टी भी अब इस गठबंधन का हिस्सा होगी. कौन किस पर चुनाव लड़ेगा, इस बारे में सहयोगी दलों के साथ बैठ कर बातचीत करते हुए तय किया जाएगा. अभी तक हम लोगों ने यही निर्णय लिया है.

## 43 से 45 सीटें आ सकती हैं झामुमो के खाते में

जानकारी के अनुसार, झामुमो के खाते में 43 से 45 सीटें आ सकती हैं. वहीं कांग्रेस के खाते में 28 से 30 सीट आने की संभावना है. चर्चा यह है कि शेष 11 सीटों में सात राजद और चार माले के खाते में जाने की संभावना है. कयास है कि गठबंधन में समाजवादी पार्टी को भी एडजस्ट करने की कोशिश की जाएगी.

**सीट शेयरिंग में हर पहलू पर रखा गया है ध्यान :** सीएम ने कहा कि सीट शेयरिंग में हर पहलू पर ध्यान रखा गया है. उन्होंने कहा कि सभी गठबंधन अपने-अपने ताल ठोक रहे हैं. कौन कहां से चुनाव लड़ेगा, इसकी जिज्ञासा बनी रहती है. इंडिया गठबंधन ने चुनाव को गंभीरता से लेते हुए हर पहलू को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया है. अब लेफ्ट पार्टी की भूमिका अहम होगी.

**जल्द ही उम्मीदवारों के नामों का ऐलानः गुलाम अहमद मीर**

कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सीट शेयरिंग फाइनल है. पार्टी नाम फाइनल करने में जुटी है. जल्द ही इसका ऐलान कर देंगे. झामुमो के अलावा घटक दल राजद के नेताओं से भी उनकी बात हुई है. सबकुछ ठीक है. परेशानी वाली बात नहीं है. गुरुवार की रात कांग्रेस नेताओं और हेमंत के बीच पहले फेज के चुनाव पर चर्चा हुई. इसमें जल्द सीट शेयरिंग और नामों के घोषणा पर विमर्श किया गया.




होटल रेडिसन ब्लू में राहुल गांधी का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन.

- राजद और माले 11 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव
- गठबंधन में शामिल हो सकते हैं और भी दल

**राजद और माले नेता नहीं थे उपस्थित :** बता दें कि जिस वक्त सीट शेयरिंग की घोषणा हो रही थी उस वक्त कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव, झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे, लेकिन राजद और माले का कोई भी नेता उपस्थित नहीं था.

**2019 के चुनाव में कौन कितनी सीट पर लड़ा था चुनाव**

| झामुमो | कांग्रेस | राजद |
|---|---|---|
| 43 | 31 | 07 |

झामुमो ने 30 सीटों पर जीत हासिल की थी. कांग्रेस ने 16 सीटों पर जीत हासिल की थी. राजद ने एक सीट जीती थी.

**भाजपा ने जारी की 66 उम्मीदवारों की सूची**

# चंपाई के बेटे, अर्जुन की पत्नी और रघुवर की बहू को टिकट

- लोबिन, सीता और गीता भी उतरेंगी चुनावी अखाड़े में
- मेनका और समरी लाल का पत्ता कटा, पांच पूर्व सांसद भी मैदान में
- बीजेपी में शामिल होने के चंद घंटे बाद रौशन लाल चौधरी को मिला टिकट

रवि भारती। रांची

भाजपा ने शनिवार को 66 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी. कई चौंकाने वाले नाम भी है. बाबूलाल मरांडी को धनवार से पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से, अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा को पोटका से और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को जमशेदपुर पूर्वी सीट से टिकट मिला है. दुमका से इस बार पूर्व मंत्री लुईस मरांडी का पत्ता कट गया. कांके से समरी लाल की जगह जीतू चरण राम पर दांव खेला गया है. लुईस की जगह सुनील सोरेन को टिकट मिला है. भाजपा ने 12 महिलाओं को टिकट दिया गया है. सूत्रों के मुताबिक प्रत्याशियों के चयन में सावधानी बरती गई है. सभी जातीय और सामाजिक समीकरणों के अलावा आरक्षित सीटों पर जीत हासिल करने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है.

बता दें कि 2014 से लेकर 2019 तक पांच सालों तक रघुवर दास के नेतृत्व में राज्य में बीजेपी सरकार ने कार्यकाल पूरा किया. लेकिन चुनाव के ऐन मौके पर सरयू राय का टिकट काटना और आजसू पार्टी के साथ समझौता नहीं हो पाना बीजेपी को महंगा पड़ा. दोनों ही दलों को 2019 के चुनाव में खामियाजा उठाना पड़ा और बीजेपी सत्ता से बाहर हो गई. इसलिए इस बार पार्टी की ओर से पहले सर्वे कराया गया.

अलग-अलग सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही उम्मीदवार चयन का काम पूरा किया गया. सीता सोरेन जामताड़ा से, गीता कोड़ा जगन्नाथपुर से और लोबिन हेंब्रम बोरियो से किस्मत आजमाएंगे. वहीं आजसू छोड़ बीजेपी में शामिल होने से चंद घंटे बाद रोशनलाल चौधरी को बड़कागांव से उम्मीदवार बनाया गया है. एनसीपी छोड़ बीजेपी में शामिल हुए कमलेश सिंह को हुसैनाबाद सीट से टिकट दिया गया है. बीजेपी ने पांच पूर्व सांसदों पर भी दांव खेला है. सुनील सोरेन को दुमका से रवींद्र पांडेय को बेरमो से, सुदर्शन भगत को गुमला से, विशुनपुर से समीर उरांव और बाबूलाल मरांडी को धनवार से उतारा है. **टुंडी और बरहेट से नामों की घोषणा अभी नहीं हुई है.**

### जाने कौन-कहां से हैं उम्मीदवार

1-राजमहल- अनंत ओझा
2-बोरियो- लोबिन हेंब्रम
3-लिट्टीपाड़ा-बाबूधान मुर्मू
4-महेशपुर- नवनीत हेंब्रम
5-शिकारीपाड़ा- परितोष सोरेन
6-नाला- माधवचंद्र महतो
7-जामताड़ा- सीता सोरेन
8-दुमका- सुनील सोरेन
9-जामा- सुरेश मुर्मू
10-जरमुंडी-देवेंद्र कुंवर
11-मधुपुर- गंगानारायण सिंह
12-सारठ- रंधीर सिंह
13-देवघर-नारायण दास
14-पौड़ैयाहाट- दवेंद्रनाथ सिंह
15-गोड्डा- अमित मंडल
16-महगामा-अशोक भगत
17-कोडरमा-नीरा यादव
18-बरकट्ठा-अमित यादव
19-बरही-मनोज यादव
20-बड़कागांव- रोशन लाल चौधरी
21-सिमरिया- उज्जवल दास
22- हजारीबाग- प्रदीप प्रसाद
23-बगोदर-नागेंद्र महतो
24-जमुआ- मंजू देवी
25-गांडेय- मुनिया देवी
26-गिरिडीह- निर्भय शाहाबादी
27-बेरमो- रवींद्र पांडेय
28-बोकारो- विरंची नारायण
29-चंदनक्यारी-अमर बाउरी
30-सिंदरी-तारा देवी
31-निरसा-अर्पणा सेन गुप्ता
32-धनबाद- राजसिन्हा
33-झरिया-रागिनी सिंह
34-बाघमारा- शत्रुघ्न महतो
35-बहरागोड़ा- दिनेशानंद गोस्वामी
36-घाटशिला- बाबूलाल सोरेन
37-पोटका- मीरा मुंडा
38-जमशेदपुर पूर्वी- पूर्णिमा दास
39-सरायकेला- चंपाई सोरेन
40-चाईबासा- गीता बलमुचू
41-मझगांव- बड़कुंवर गगरई
42- जगन्नाथपुर-गीता कोड़ा
43-चक्रधरपुर-शशिभूषण समड
44-खरसांवा- सोनाराम बोदरा
45-तोरपा- कोचे मुंडा
46-खूंटी-नीलकंठ सिंह मुंडा
47-खिजरी-रामकुमार पाहन
48-धनवार- बाबूलाल मरांडी
49-रांची- सीपी सिंह
50-हटिया-नवीन जायसवाल
51-कांके-जीतू चरण राम
52-मांडर- सन्नी टोप्पो
53-सिसई-अरुण उरांव
54-गुमला- सुदर्शन भगत
55-विशुनपुर- समीर उरांव
56- सिमडेगा- श्रद्धानंद बेसरा
57-कोलेबिरा- सुजान जोजो
58-मनिका- हरेकृष्ण सिंह
59-लातेहार-प्रकाश राम
60-पांकी- शशि भूषण मेहता
61-डाल्टनगंज- आलोक चौरसिया
62-विश्रामपुर- रामचंद्र चंद्रवंशी
63-छत्तरपुर- पुष्पा भुईंया
64-हुसैनाबाद- कमलेश सिंह
65-गढ़वा- सत्येंद्र तिवारी
66-भावनाथपुर- भानू प्रताप शाही



सीपी सिंह शनिवार को संजय सेठ को मिठाई खिलाते हुए. **फोटो-रमीज**

# हेमंत और मीर की पहल के बाद राजद के तेवर पड़े नरम

प्रमुख संवाददाता। रांची

इंडी गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर देर शाम तक सहयोगी दलों की बैठक हुई. इसमें झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राजद प्रवक्ता मनोज झा शामिल रहे. बैठक से पहले सीएम हेमंत सोरेन ने ऐलान किया था कि झामुमो और कांग्रेस 70 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी. 11 सीटों पर सहयोगी दल चुनाव लड़ेंगे. इसकी घोषणा के बाद राजद से तेवर तल्ख कर लिया. हालांकि तेजस्वी यादव से हेमंत-गुलाम अहमद मीर की मुलाकात के बाद राजद के तेवर थोड़े नरम हुए. पार्टी नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि परिवार में ऐसा होता है. सब ठीक जाएगा. भोक्ता ने कहा कि उन्नीस-बीस के साथ गठबंधन कायम रहेगा.

**12 सीट पर अड़ गए थे तेजस्वी :** जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव 12 सीटों पर अड़े थे. इससे पहले राजद के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक में ज्यादातर नेताओं ने 15 से 18 सीट की मांग की थी. राजद नेता मनोज झा ने कहा, हमारा पूरा नेतृत्व यहां है. आज सुबह बैठक हुई और उस बैठक में ये पाया गया कि ताकत जनाधार की है, जो राजद के पक्ष में है. पिछली बार हम सात सीटों पर लड़े थे क्योंकि लालू यादव का हृदय विशाल था. हमारा लक्ष्य था भाजपा को हटाओ, जो आज भी है. दुख के साथ कहना पड़ता है कि एक तरफा फैसला लिया गया. अलग-अलग जिलों में हमारी जो मौजूदगी है, जो बहुत ताकतवर है. हम अपने गठबंधन के सहयोगियों को कहेंगे कि उसके अनुसार फैसला लें.



सीएम हेमंत सोरेन ने की तेजस्वी यादव से मुलाकात, तो बनी बात.

**कांग्रेस-झामुमो की सीट शेयरिंग से भड़का राजद**

## रांची में थे तेजस्वी यादव फिर भी नहीं बुलाया : मनोज झा

**रांची।** झारखंड में झामुमो और कांग्रेस के 70 सीटों पर मिल कर लड़ने की घोषणा के बाद गठबंधन में खटपट शुरू हो गई है. राजद ने सीटों के बंटवारे पर दिए हेमंत के बयान पर असंतोष जताया है. राजद सांसद मनोज झा ने कहा, एकतरफा फैसला है. अलग-अलग जिलों में हम मजबूत हैं. तेजस्वी जी खुद यहां हैं. हमारे सभी नेताओं के यहां होने के बावजूद आपने गठबंधन प्रक्रिया में हमको शामिल नहीं किया, तो यह दुख की बात है. मनोज झा ने आगे कहा- हम आपके सामने एक खास वजह से आए हैं. शनिवार सुबह हमारी एक बैठक हुई थी. इसमें तय हुआ कि वोटों की ताकत और जनाधार राजद के पक्ष में है. पिछली बार हम 7 सीटों पर लड़े थे क्योंकि लालूजी का दिल बड़ा था. उनका लक्ष्य बीजेपी को बाहर करना था. आज भी लक्ष्य वही है. हम 5 सीटों पर दूसरे नंबर पर रहे. हमारे गठबंधन के बाकी साथी शायद इतनी सीटों पर वोट प्रतिशत के लिहाज से दूसरे नंबर पर नहीं थे. झा ने कहा- सीट बंटवारे पर बैठक में इन बातों पर गौर नहीं किया गया. एकतरफा फैसला लिया गया. कहा गया कि आपको इन सीटों का ऑफर दिया जा रहा है. यह राजद की ताकत के अनुरूप नहीं है. हम गठबंधन के सहयोगियों से आग्रह करते हैं कि उचित फैसला लीजिए. मनोज झा ने कहा- तेजस्वी जी की अगुवाई में हमारे सभी नेता यहां मौजूद हैं. ऐसे में यदि गठबंधन की बुनावट की प्रक्रिया में आपने हमको शामिल नहीं किया, तो इस बात का दुख तो होता है.

# अनुराग की जगह अजय बने डीजीपी

**चुनाव आयोग के निर्देश के बाद लिया गया डीजीपी पद का प्रभार**



सौरभ सिंह। रांची

चुनाव आयोग के निर्देश पर आईपीएस अनुराग गुप्ता से शनिवार को झारखंड डीजीपी पद का प्रभार वापस ले लिया गया, और निर्देश दिया गया कि पुलिस हाउसिंग के एमडी के पद पर तैनात अजय कुमार को प्रभार सौंप दीजिए. इसको लेकर शनिवार की शाम गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई.

बता दें कि इससे पहले भारत के निर्वाचन आयोग ने कार्यवाहक डीजीपी अनुराग गुप्ता को तत्काल पद से हटाने का निर्देश दिया. उनकी जगह डीजीपी रैंक के वरिष्ठ अफसर को इस पद का कार्यभार सौंपने को कहा था. बताया जा रहा है कि अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद से हटाने के चुनाव आयोग के निर्देश के पीछे दो वजहें हैं. एक तो यह कि गुप्ता कार्यवाहक डीजीपी के रूप में तैनात थे. दूसरी वजह यह बताई जा रही है कि आयोग में उनके खिलाफ शिकायतें की गई थीं. पूर्व में राज्यसभा चुनाव को लेकर हॉर्स ट्रेडिंग केस में भी उनपर संलिप्तता के आरोप लगे थे. हालांकि इस मामले में उन्हें बाद में क्लीन चिट मिल गई थी. अनुराग गुप्ता के पहले 1989 बैच के आईपीएस अजय कुमार सिंह राज्य के डीजीपी थे. उन्हें पद से हटाए जाने को गलत बताते हुए हाल में सुप्रीम कोर्ट में एक अवमानना याचिका दायर की गई थी. इसकी सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाहक डीजीपी गुप्ता को भी नोटिस जारी किया था.

**डीजीपी के लिए सीनियर आईपीएस का मांगा पैनल**

चुनाव आयोग ने शनिवार को झारखंड सरकार को निर्देश दिया कि डीजीपी अनुराग गुप्ता को तत्काल हटाकर कैडर में उपलब्ध सबसे वरिष्ठ डीजीपी अधिकारी को प्रभार सौंपे. चुनाव आयोग ने राज्य सरकार से सोमवार सुबह दस बजे तक पद के लिए विचार किए जाने वाले सीनियर आईपीएस अधिकारियों का एक पैनल भेजने को भी कहा है. गौरतलब है कि बीते 26 जुलाई को झारखंड सरकार ने 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता को सरकार ने झारखंड का प्रभारी डीजीपी बनाया था. इससे संबंधित अधिसूचना गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की थी. इससे पहले चुनाव आयोग के निर्देश पर रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री को हटाया जा चुका है. उनके स्थान पर वरुण रंजन को राजधानी रांची का डीसी बनाया जा चुका है.

**ब्रीफ खबर**

### प्रियंका 23 को करेंगी वायनाड में नामांकन



**नयी दिल्ली।** केरल में वायनाड लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए कांग्रेस की उम्मीदवार प्रियंका गांधी बुधवार को नामांकन दाखिल करेंगी. उस दौरान भाई और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी साथ रहेंगे. नामांकन दाखिल करने से पहले प्रियंका गांधी अपने भाई के साथ वहां पर रोड शो में हिस्सा लेंगी. प्रियंका गांधी ने अभी तक अपना चुनाव-प्रचार अभियान शुरू नहीं किया है.

**मनोविकार** सेल्फ एस्टीम डिसऑर्डर यानी आत्ममुग्धता के शिकार आप भी तो नहीं

# करियर में तरक्की पक्की, लेकिन रिश्ते निभाना मुश्किल

एजेंसियां। नयी दिल्ली

**मुझे ये सब कुछ आता है, मैं उससे बेहतर हूं...मैं तो कभी हार ही नहीं सकता/सकती...**अगर आप भी यही सोचते हैं, तो यकीन मानें आप नार्सिसिज्म के शिकार हैं.

मैं ही मैं दूसरा कोई नहीं सोच शख्स के करियर को ऊंचाइयों पर तो पहुंचा सकती है, लेकिन रिश्तों के मामले में उसे पछाड़ सकती है. हिंदी में इसे आत्ममुग्धता कहते हैं. आयुष निदेशालय दिल्ली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और इहबास इकाई के प्रभारी डॉ. अशोक शर्मा ने बातचीत में इससे जुड़े बड़े दिलचस्प फैक्ट्स साझा किए. नार्सिसिज्म या आत्ममुग्धता किसी को भी हो सकती है. स्कूल जाता बच्चा, दफ्तर में काम करता शख्स या फिर घर के बड़े बुजुर्ग किसी को भी! उम्र या माहौल से इसका लेना देना नहीं. एको अहम का भाव होता है. डॉ. शर्मा इसे सेल्फ एस्टीम डिसऑर्डर का नाम देते हैं. मतलब अपने सम्मान की रक्षा के लिए दीवानगी की हद तक गुजर जाना. कहते हैं व्यक्ति आत्म केंद्रित हो जाता है, वो मान लेता है कि मैं ही अच्छा हूं. इनसे डील करना भी टेढ़ी खीर होती है.

**जेनेटिक भी हो सकती है ये बीमारी :** अगर नार्सिसिस्ट शख्स को ये पता चल जाए कि वो इस डिसऑर्डर से जूझ रहा है तो क्या वो खुद को बचाने की भी कोशिश करता है? डॉ अशोक कहते हैं बिलकुल. इसे नार्सिसिस्ट गैसलाइटिंग कहते हैं. ऐसे लोग हेरा फेरी में माहिर होते हैं. सहानुभूति दर्शाते नहीं हैं लेकिन हासिल करने में माहिर होते हैं. बात बनाने में शातिर। खास सलाह उन लोगों को जो प्रेम संबंधों में पड़ते हैं. किसी के साथ रिश्ते में आने से पहले अच्छी तरह से समझ बूझ लेना चाहिए. हो सकता है कि कल जो आपके लिए आसमान से तारे तोड़ कर लाने को तैयार था वो मजबूत रिश्ते में बंधने के बाद वैसा रहा ही नहीं. उसके साथ समय बिताने में घुटन महसूस होने लगती है. नार्सिसिज्म की शिकायत जेनेटिक भी हो सकती है और बचपन से जुड़ी किसी बात से भी. मतलब बचपन दबाव में बीता हो, बहुत सी दिक्कतों का सामना किया हो तो हो सकता है आप आत्ममुग्ध हो जाएं. अगर स्थिति बेकाबू होने लगे तो डिसऑर्डर को मैनेज करने के लिए अच्छे मनोचिकित्सक से मिला जा सकता है.



**क्या कहते हैं मनोवैज्ञानिक**

मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि ऐसे शख्स करियर में अच्छा कर सकते हैं, लेकिन संबंधों को सहेजने में मात खा जाते हैं. इसकी वजह है कि फोकस्ड होते हैं इसलिए जो ठान लेते हैं, उसे कर दिखाते हैं. वहीं रिलेशनशिप में खुद को हावी करने का अंदाज भारी पड़ जाता है. तो पहचान ये है कि अगर कोई हद से ज्यादा खुद को दूसरे पर हावी करने का प्रयास करे, दूसरे से तवज्जो पाने की कोशिश करे, किसी के दर्द से दुख से सहानुभूति न दिखाए तो समझ लीजिए वो 'नार्सिसिस्टिक पर्सनालिटी डिसऑर्डर का शिकार है. ऐसे शख्स अपनी बात जोर शोर से उठाते हैं. हालांकि इसका मतलब ये कतई नहीं होता कि वो बहुत ज्ञानी होते हैं. विशेषज्ञों की राय है कि ऐसे लोगों से जितना हो सके डिस्टेंस मेंटेन करें अगर फैमिली मेंबर हैं तो बातों को सुने शांति से रिएक्ट करें.

एलन मस्क की टिप्पणी को कांग्रेस ने बनाया **'हथियार'**

# ईवीएम हैक का जिन्न बाहर

एजेंसियां। नयी दिल्ली

हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव संपन्न हो चुके हैं. अब महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव होने हैं. हाल ही में आए हरियाणा के नतीजों के बाद एक बार फिर से ईवीएम पर सवाल उठ रहे हैं. कांग्रेस इसे लेकर चुनाव आयोग पर हमला बोल रही है. हालांकि, आयोग ईवीएम में गड़बड़ी के आरोपों को खारिज कर रही. बीजेपी भी इन्हें गलत बता रही, लेकिन इस बीच दुनिया के सबसे अमीर और स्पेस एक्स के सीईओ एलन मस्क की तरफ से ईवीएम को लेकर दिए बयान ने इस मुद्दे को फिर से नई हवा दे दी है.

**क्या कहा है एलन मस्क ने :** एलन मस्क ने कहा, मैं एक टेक्निशियन हूं और मैं बस इतना कहनना चाहता हूं कि ईवीएम से वोटिंग नहीं होनी चाहिए. क्योंकि ईवीएम हैक किया जा सकता है. ईवीएम कंप्यूटर प्रोग्रामिंग से जुड़ा होता है और इसे हैक करना संभव है. उनका यह बयान इसलिए मायने रखता है क्योंकि वह वैज्ञानिकों के साथ अलग अलग प्रॉजेक्ट पर काम करते रहते हैं.

**कांग्रेस ने मस्क के बयान का जिक्र कर उठाया सवाल :** एलन मस्क के के बाद कांग्रेस ने फिर से इस मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया है. कांग्रेस के कुछ नेताओं ने एक्स पर लिखा, ईवीएम हैक किया जा सकता है... अब बताइए क्या मस्क भी गलत बोल रहे हैं.

**जून में भी उठाया था ईवीएम पर सवाल :** इसी साल जून में एलन मस्क ने कहा था कि ईवीएम हैक हो सकता है, तब लोकसभा चुनाव चल रहा था. तब कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाया तो बीजेपी की तरफ से चंद्रशेकर ने बयान दिया गया कि हमारे यहां इंटरनेट कनेक्टेड ईवेम नहीं है जिससे आप इसे हैक कर सकते हैं.

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर केंद्र की योजनाओं के फायदे बताए

# पीएम की जनकल्याणकारी योजनाओं से बदल रही झारखंड की तस्वीर: बाबूलाल

प्रमख संवदादता। रांची

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से झारखंड और झारखंडवासियों की तस्वीर बदल रही है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि जहां 'हर घर नल से जल योजना' से लोगों की पानी की समस्या दूर हुई, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी को अपना घर मिला. प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना से पांच लाख तक की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं की गारंटी मिली. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना से गरीब परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है, ऐसी अनेकों योजनाएं हैं, जिससे झारखंड के विकास को एक नई तीव्र गति मिली है.

### आदिवासियों के जीवन में हो रहे बदलाव



बाबूलाल ने लिखा है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आदिवासियों के जीवन में बदलाव हो रहे हैं. भाजपा ने प्रण लिया है कि झारखंड में हमारी सरकार बनते ही युवा साथी भत्ता के माध्यम से स्नातक और स्नातकोत्तर पास युवा साथियों को प्रतिमाह दो हजार रुपये भत्ता दिया जाएगा. हमारा प्रयास है कि युवाओं के आर्थिक बोझ को कम कर उन्हें पढ़ाई करने और भविष्य को उज्ज्वल बना कर संवारने के लिए प्रेरित किया जा सके. हेमंत सरकार ने पिछले चुनाव में स्नातक पास युवा साथियों को 5000 रुपये और स्नातकोत्तर पास युवाओं को 7000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देना का वादा किया था.

### वोट से लूट और झूठ का होगा अंत: अमर बाउरी



नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने ट्वीट कर कहा है कि वोट के माध्यम से लूट और झूठ का अंत होगा ! स्थितियां भयावह हैं . माटी-बेटी-रोटी खतरे में है. लैंड जिहाद और लव जिहाद से त्रस्त संथालपरगना के हिंदू खून के आंसू रो रहे हैं, क्षेत्र का डेमोग्राफी पूरी तरह बदल दिया गया है ! आज संथालपरगना के लोग बारूद की ढेर पर बैठे हैं .आश्चर्य की बात यह है कि आजतक न तो मुख्यमंत्री,न स्थानीय सांसद और न मंत्रियों के मुख से एक शब्द निकला है. चंद वोटों के लिए इतनी बड़ी विपदा से झामुमो -कांग्रेस-राजद के नेता मुंह मोड़ रहे हैं.

## भाजपा और झामुमो की ये सीटें हैं अजेय, अब तक नहीं टूटा रिकॉर्ड!

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां अपनी रणनीति बनाने में जुटी हैं. राज्य की 81 सीटों में कुछ ऐसी सीटें हैं, जिन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी हमेशा जीत दर्ज करते आए हैं. तो वहीं कुछ ऐसी भी सीट हैं, जिन पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है. रांची विधानसभा सीट पर सीपी सिंह ने तो खूंटी विधानसभा सीट से नीलकंठ सिंह मुंडा भाजपा के टिकट पर लगातार जीत दर्ज करते आए हैं. इसके साथ ही कांके सीट पर वर्ष 2005 और 2009 में रामचंद्र बैठा, वर्ष 2014 में जीतू चरण, जबकि 2019 में समरी लाल विधायक चुने गए हैं. ऐसे में भाजपा ने रांची, खूंटी और कांके के सीट पर हमेशा जीत दर्ज कर परचम लहराया है.



- भाजपा ने रांची, खूंटी और कांके सीटों पर लगातार जीत दर्ज की है
- पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला सीट से चुनाव जीतते आए हैं

### इन सीटों पर हमेशा रहा है झामुमो का कब्जा

झारखंड मुक्ति मोर्चा की बात करें तो बरहेट, लिट्टीपाड़ा, शिकारीपाड़ा, डुमरी और सरायकेला सीट पर झामुमो का हमेशा से कब्जा रहा है. हालांकि इस बार सरायकेला से झारखंड मुक्ति मोर्चा का नया चेहरा चुनावी मैदान में उतरेगा, क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन यहां से चुनाव जीतते आए हैं. लेकिन अब वह झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हो चुके हैं. वहीं शिकारीपाड़ा सीट से अब तक नलिन सोरेन झामुमो की टिकट पर चुनाव जीतते रहे थे. लेकिन इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में दुमका लोकसभा सीट से सांसद चुने गए हैं. ऐसे में इस सीट पर भी नया प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरने की उम्मीद है.

### डुमरी सीट से जगन्नाथ महतो की पत्नी हैं विधायक

डुमरी विधानसभा सीट से पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. जगन्नाथ महतो वर्ष 2005 से लेकर 2019 तक झामुमो की टिकट पर चुनाव लड़ कर जीतते आए थे. हालांकि उनके निधन के बाद उनकी पत्नी ने उप चुनाव जीत कर विधायक बनी. वहीं बरहेट सीट पर वर्ष 2005 से थॉमस सोरेन और वर्ष 2009 में हेमलाल मुर्मू विधायक चुने गए थे. जबकि इसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विधायक चुने जाते रहे हैं. इसी तरह लिट्टीपाड़ा सीट से अब तक हुए चार विधानसभा चुनाव में झामुमो के ही अलग-अलग प्रत्याशी जीतते आए हैं.

### चुनाव अपडेट

#### झारखंड विधानसभा चुनाव : रांची जिला में दूसरे दिन एक

**रांची।** झारखंड में पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन रांची जिला में एक प्रत्याशी ने नॉमिनेशन किया. रांची जिला में पहले चरण में पांच विधानसभा में चुनाव होने हैं. बता दें कि पहले दिन रांची जिला में 2 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया था. जिसमें रांची विधानसभा और कांके विधानसभा से एक-एक प्रत्याशी थे.

#### दूसरे दिन किस विधानसभा में कितने नॉमिनेशन

तमाड़- नामांकन-0, फॉर्म बिक्री-0
रांची- नामांकन-0, फॉर्म बिक्री-1
हटिया- नामांकन-1 (विजय सिंह) पार्टी- संपूर्ण क्रांति पार्टी, फॉर्म बिक्री- 3
कांके- नामांकन-0, फॉर्म बिक्री-1
मांडर- नामांकन- 0, फॉर्म बिक्री-1

#### लोहरदगा विस सीट : देवर-भाभी ने खरीदा नामांकन पर्चा




प्रपत्र लेने के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुईं नीरू शांति भगत,

**लोहरदगा।** लोहरदगा 72 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए दूसरे दिन तक कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्रों की खरीदारी की है. इधर शनिवार को कुल 4 नामांकन पत्रों की खरीद की गई, जिसमें नामांकन क्रय करने वालों में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी से अभिनव सिद्धार्थ और झारखंड पीपुल्स पार्टी से अनिल कुमार भगत व पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक से बिहारी भगत एवं आजसू पार्टी की नीरू शांति भगत ने प्रपत्र की खरीदारी की है. यहां पर बता दें कि झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई हैं और आजसू पार्टी से लोहरदगा विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरी नीरू शांति भगत कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी हैं. ऐसे में देवर भाभी के चुनावी मैदान में उतरने से लोहरदगा विधानसभा सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प होने की संभावना जताई जा रही है.

- मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना
- दूसरे दिन तक कुल पांच उम्मीदवारों ने खरीदी नामांकन पत्र

## जगन्नाथपुर में 36 और मनोहरपुर में 30 मतदान केंद्रों पर शाम चार बजे तक ही डाले जाएंगे वोट






# नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 66 बूथों पर वोटिंग कराना पुलिस के लिए चुनौती

शैलेश सिंह। किरीबुरु

नवंबर में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव में जगन्नाथपुर के 36 और मनोहरपुर के 30 मतदान केंद्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हैं. यहां शांतिपूर्ण मतदान करना पुलिस और जिला प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण है. जगन्नाथपुर विधानसभा अन्तर्गत 1 से 36 बूथ संख्या तथा मनोहरपुर विधानसभा अंतर्गत 1-30 बूथ संख्या सारंडा जंगल स्थित अत्यंत नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हैं. यहां मतदान कार्य में एक घंटा की कमी कर शाम चार बजे तक ही किया गया है. हालांकि जहां यह बूथ हैं वहां वर्तमान में नक्सल गतिविधियां नहीं हैं और बूथों के आसपास सीआरपीएफ कैंप हैं. ऐसी स्थिति में इस बात की संभावना कम है कि नक्सली चुनाव कार्य में बाधा डाल सकते हैं. लेकिन नक्सलियों की रणनीति व जहां-तहां वर्षों पूर्व सारंडा के विभिन्न क्षेत्रों में लगाये गये आइईडी को आज तक पूरी तरह से निकाला नहीं जा सका है. इसका इस्तेमाल नक्सली करने की कोशिश कर सकते हैं. ऐसे बूथों पर पोलिंग पार्टी को जिला प्रशासन हेलीकॉप्टर से हर बार एयर ड्रॉपिंग की व्यवस्था करती है जिससे घटना की संभावना शून्य रहती है.

**1-30** बूथ संख्या सारंडा जंगल स्थित अत्यंत नक्सल प्रभावित क्षेत्र में हैं

**850** वर्ग किमी में फैला सारंडा जंगल के सभी क्षेत्रों में नक्सलियों का कब्जा था

**17** अक्टूबर को मकरंडा निवासी युवक की प्रेशर बम की चपेट में आकर हुई थी मौत





नक्सली की फाईल तस्वीर एवं प्रेशर बम की चपेट में मारा गया युवक सुनील की तस्वीर.

वर्तमान विधानसभा चुनाव के दौरान भाकपा माओवादी नक्सली सारंडा जंगल क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन व चुनाव आयोग के लिये परेशानी का कारण बन सकते हैं. एक समय लगभग 850 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला सारंडा जंगल के सभी क्षेत्रों में नक्सलियों का कब्जा था. लेकिन वर्ष 2011 में लगभग एक माह तक सबसे लंबी चली ऑपरेशन ऐनाकोंडा के बाद से लेकर आज तक पुलिस व सीआरपीएफ ने नक्सलियों को न सिर्फ छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती कुछ जंगल क्षेत्रों में ही न सिर्फ सिमटा दिया है, बल्कि उनके तमाम कोर जोन में दर्जनों पुलिस कैम्प स्थापित कर उनकी गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगा दिया है. वर्तमान में नक्सली छोटानागरा व जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगल बालिबा, बाबूडेरा, होलोंगउली, समठा आदि क्षेत्र के घने जंगलों में न सिर्फ छिप कर रह रहे हैं बल्कि उक्त जंगल क्षेत्र में सैकड़ों आईईडी व प्रेशर बम अपने आप को बचाने तथा पुलिस को नुकसान पहुंचाने हेतु लगा रखे हैं. इसी जंगल क्षेत्र से वे अपने कुछ समर्थक ग्रामीणों को सारंडा के विभिन्न क्षेत्रों में भेज समय समय पर पोस्टर-बैनर लगा अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश करते रहते हैं. जिस जंगल क्षेत्र में नक्सली शरण लिये हैं उसी क्षेत्र में 17 अक्टूबर को मकरंडा गांव निवासी युवक सुनील सुरीन की प्रेशर बम की चपेट में आने के बाद 18 अक्टूबर को मौत हो गई. उक्त युवक जंगल में वनोत्पाद लाने गया था.

### फ्लैश बैक - 02

#### पांचवें प्रयास में झामुमो का खुला था खाता

## बैद्यनाथ राम ने दिलायी थी जीत, प्रकाश को हराया था

आशीष टैगोर। लातेहार



- तीन बार रामदेव गंझू व एक बार मोहन गंझू ने लड़ा था चुनाव
- 2019 में बैद्यनाथ राम ने खोला था खाता

साल 2000 में अविभाजित बिहार से अलग होकर झारखंड एक नये राज्य के रूप में अस्तित्व में आया. इन 24 सालों में झारखंड में पांच विधानसभा चुनाव हो चुके हैं और छठे चुनाव का शंखनाद हो चुका है. वर्तमान झामुमो झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी है. लेकिन लातेहार विधानसभा क्षेत्र में झामुमो को अपना खाता खोलने में 19 वर्ष लग गये थे. इस दौरान चार विधानसभा चुनाव हुए. पांचवें विधानसभा चुनाव में झामुमो के बैद्यनाथ राम ने यहां से झामुमो का खाता खोला. साल 2000 में झारखंड में पहला विधानसभा चुनाव हुआ. इस चुनाव में झामुमो के प्रत्याशी रामदेव गंझू थे. रामदेव गंझू 4154 वोट लाकर चौथे स्थान पर रहे थे. जदयू के बैद्यनाथ राम ने चुनाव जीता था. साल 2005 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर झामुमो के प्रत्याशी रामदेव गंझू थे. रामदेव गंझू ने13421 वोट लाया और दूसरे स्थान पर रहे थे. राजद के प्रकाश राम ने चुनाव जीता था. बैद्यनाथ राम तीसरे स्थान पर थे. 2009 के विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार रामदेव गंझू झामुमो के प्रत्याशी बने और 10076 वोट ला कर तीसरे स्थान पर रहे. भाजपा के बैद्यनाथ राम चुनाव जीते थे. साल 2014 के विधानसभा चुनावों में झामुमो के प्रत्याशी मोहन गंझू थे और वे 23022 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे. जेवीएम के प्रकाश राम जीते.

**बैद्यनाथ राम ने हासिल किया सर्वाधिक 42.04 प्रतिशत वोट :** अंततः साल 2019 में झामुमो का खाता लातेहार विधानसभा सीट में खुला. इस बार झाममो के प्रत्याशी थे बैद्यनाथ राम. भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर बैद्यनाथ राम झामुमो में शामिल हो गये थे. चुनाव में उन्होने भाजपा के ही प्रकाश राम को 16,328 वोटो से हराया. बैद्यनाथ राम को 76,507 और प्रकाश राम को 60,179 वोट मिले. उस चुनाव में कुल 67.44 प्रतिशत वोट पड़े थे. जिसमें बैद्यनाथ राम ने 42.04 प्रतिशत और प्रकाश राम ने 33.07 प्रतिशत मत हासिल किया था. झामुमो के वोट में 27.67 प्रतिशत का इजाफा हुआ था. इससे पहले झामुमो को साल 2000 के विधानसभा चुनावों में सर्वाधिक 16.75 प्रतिशत मत हासिल हुआ था.

#### शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय से भाजपा कार्यकर्ता मायूस

## भाजपा के गढ़ से लोजपा करेगी जीरो से शुरुआत

संवाददाता। चतरा

चतरा विधानसभा भाजपा की परंपरागत सीट है. इस विधानसभा सीट पर भाजपा ने पांच बार जीत का परचम लहराया है. साथ ही कई चुनाव में मुख्य प्रतिद्वंद्वी रही है. वर्ष 2024 के आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने गठबंधन घटक में शामिल लोजपा के लिए इस महत्वपूर्ण विधानसभा सीट का त्याग कर दिया है. भाजपा शीर्ष नेतृत्व के इस निर्णय से भाजपा कार्यकर्ताओं में मायूसी है. चतरा विधानसभा क्षेत्र से इस चुनाव में ना तो भाजपा का प्रत्याशी होगा और ना ही ईवीएम में चुनाव चिह्न कमल का निशान ही रहेगा. पार्टी के इस निर्णय से कार्यकर्ता अचंभित है. शीर्ष नेतृत्व से पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं. कार्यकर्ताओं का कहना है कि सीट शेयरिंग को लेकर स्थिति जो भी रही हो, इस निर्णय से कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरेगा. चतरा विधानसभा या लोकसभा चुनाव में हमेशा से भाजपा, राष्ट्रीय जनता दल एवं कांग्रेस ही आमने-सामने रहकर चुनाव लड़ते रहे हैं. एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी भी रहे हैं. इस चुनाव में भी भाजपा और राजद के बीच सीधा मुकाबला की संभावना बनी हुई थी. भाजपा से पूर्व विधायक जनार्दन पासवान और जिला परिषद सदस्य निशा कुमारी की प्रबल दावेदारी थी, वहीं राजद से मंत्री सत्यानंद भोक्ता की पुत्रवधू रश्मि प्रकाश की प्रबल दावेदारी थी.

एनडीए घटक दल में शामिल आजसू के चतरा विधानसभा प्रभारी अशोक गहलोत भी पिछले 5 वर्षों से लगातार क्षेत्र का दौरा कर अपनी जमीन बना रहे थे. चतरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विकल्प के रूप में आजसू पार्टी को ही लोग मानकर चल रहे थे. वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपने गठबंधन धर्म का पालन करते हुए अपनी इस महत्वपूर्ण सीट को जदयू के लिए छोड़ दिया था. तब चतरा लोकसभा से जदयू के टिकट पर स्थानीय उम्मीदवार अरुण कुमार यादव चुनाव लड़े थे. इस चुनाव में अरुण कुमार यादव को हार का मुंह देखना पड़ा था और वे तीसरे स्थान पर रहे थे. इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी इंदर सिंह नामधारी चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे. उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी धीरज प्रसाद साहू को हराया था. पुनः इस त्याग की पुनरावृत्ति भाजपा शीर्ष नेतृत्व के द्वारा 2024 में की गई है. इस चुनाव में भाजपा ने गठबंधन घटक में शामिल लोजपा के लिए चतरा विधानसभा की सीट का त्याग कर दिया है. एनडीए घटक दल लोजपा का चतरा जिले में ना कोई विशेष प्रभाव है, और ना ही कोई सांगठनिक ढांचा.

#### 1952 में चतरा सामान्य सीट से चुनाव जीतने वाले पहले विधायक थे बाबू सुखलाल सिंह

# अतीत से वर्तमान तक चतरा विधानसभा का राजनीतिक सफर

अभिमन्यु सिंह। चतरा

आजादी के बाद से ही चतरा विधानसभा का अस्तित्व आज तक कायम है. 1952 से लेकर 1977 तक के हुए आम चुनाव में यह सामान्य श्रेणी की सीट थी. इसके बाद इस सीट को अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित कर दिया गया. सामान्य सीट के अंतिम विधायक जनता पार्टी के डॉक्टर एम साबरी हुए थे. 1977 के हुए आम चुनाव में जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे डॉक्टर एम साबरी जनसंघ पार्टी से कुंदा राजघराने के राजा प्रजापालक नाथ सिंह को मात्र 179 वोटों के अंतर से हराकर बिहार विधानसभा के सदस्य बने थे. डॉक्टर साबरी मूल रूप से बिहार के रहने वाले थे. चतरा के हंटरगंज में रहकर प्राइवेट क्लीनिक का संचालन करते थे. इसके साथ ही 1974 के जेपी आंदोलन से जुड़े थे. यही कारण था कि जनता पार्टी इन्हें अपना उम्मीदवार बनाया. हालांकि आश्चर्य होगा कि चुनाव जीतने के बाद डॉक्टर साबरी कभी चतरा नहीं आए. इस चुनाव के बाद जनसंघ पार्टी का विलय भारतीय जनता पार्टी के रूप में हो गया था. इसके साथ ही चतरा विधानसभा को अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित कर दिया गया. 1980 में हुए मध्यावधि चुनाव में चतरा विधानसभा सुरक्षित सीट से कांग्रेस के महेश राम उम्मीदवार थे. उनके सामने भाजपा के बीकू राम चुनावी समर में थे. इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी महेश राम के विरुद्ध भाजपा के बीकु राम को करारी हार का सामना करना पड़ा था.

यह बताना यहां प्रासंगिक होगा कि 1977 से पूर्व 1972 में हुए आम चुनाव में कांग्रेस के तपेश्वर देव ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चतरा विधानसभा से जीत का परचम लहराया और बिहार सरकार में उत्पाद मंत्री बने. तब उन्होंने राजा प्रजापालक नाथ सिंह को हराया था. इसके पूर्व वर्ष 1970 में इस विधानसभा क्षेत्र को उपचुनाव का सामना करना पड़ा. पदमा राज घराने के राजा कामाख्या नारायण सिंह के निधन से यह स्थिति उत्पन्न हुई. तब इस चुनाव में कुंदा राजघराने के राजा



बाबू सुखलाल सिंह

प्रजापालक नाथ सिंह ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार उपेंद्रनाथ वर्मा को करारी शिकस्त दी थी. इसके पूर्व 1969 के आम चुनाव में राजा कामाख्या नारायण सिंह ने कांग्रेस के बाबू सुखलाल सिंह को हराया था. 1962 और 1967 के चुनाव में हंटरर गंज प्रखंड के ग्राम तेतरिया निवासी केशव प्रसाद सिंह निर्वाचित हुए थे. ज्ञात हो कि 1967 का विधानसभा अधिक दिनों तक नहीं चल सकी, क्योंकि किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था. 1968 में विधानसभा भंग हो गई थी. 1957 के चुनाव में पदमा राज के महाराजा कामाख्या नारायण सिंह चुनाव जीते थे. चुनाव जीतने के बाद महाराजा कामाख्या नारायण सिंह ने कुछ ही दिनों में त्यागपत्र दे दिया, इससे चतरा विधानसभा में मध्यावधि चुनाव कराया गया. इस चुनाव में हंटरगंज प्रखंड के हीरिंग निवासी शालिग्राम सिंह ने चुनाव जीता. इसके पूर्व सर्वप्रथम चतरा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के टिकट पर 1952 में बाबू सुखलाल सिंह ने जीत दर्ज की थी.

चतरा विधानसभा से सर्वप्रथम 1985 में भारतीय जनता पार्टी ने अपना खाता खोला. भाजपा के टिकट पर महेंद्र सिंह भोगता ने चुनाव जीता. श्री भोगता ने लगातार चतरा विधानसभा पर शानदार दूसरी पारी खेली और 1995 तक चतरा विधानसभा का नेतृत्व किया. वर्ष 1995 में राष्ट्रीय जनता दल के टिकट पर जिले के प्रतापपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम बरवा कोचवा निवासी जनार्दन पासवान ने चतरा सुरक्षित सीट को अपने नाम किया. मात्र 5 वर्षों तक चतरा विधानसभा का नेतृत्व किए जाने के पश्चात वर्ष 1999 में भारतीय जनता पार्टी के सत्यानंद भोक्ता के सामने हार का सामना करना पड़ा. लगातार 1999 से 2009 तक चतरा विधानसभा का नेतृत्व सत्यानंद भोक्ता ने किया. इस दौरान झारखंड विधानसभा के सदस्य होते हुए मंत्री पद को भी सुशोभित किया. 2009 में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे सूबेदार पासवान को राष्ट्रीय जनता दल के जनार्दन पासवान ने हराया. इस चुनाव में सत्यानंद भोक्ता ने अपनी सीट बदल ली थी, और जिले के सिमरिया विधानसभा से भाग्य आजमाया था. जहां उन्हें करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा. वर्ष 2014 का चतरा विधानसभा चुनाव त्रिकोणीय संघर्ष का रहा. इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी में पूर्व विधायक रहे महेंद्र सिंह भोक्ता के पुत्र जयप्रकाश भोक्ता को अपना उम्मीदवार बनाया.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, रविवार 20 अक्टूबर 2024 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 03, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 190 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



पेज 10

## ब्रीफ खबरें

### आईएएस अलका तिवारी ने झारखंड में दिया योगदान

**रांची।** आईएएस अलका तिवारी ने झारखंड सरकार में योगदान दे दिया है. वे 1988 बैच की आईएएस अफसर हैं. उनका कार्यकाल 30 सितंबर 2025 तक है. जानकारी के अनुसार, वर्तमान मुख्य सचिव एल खियांग्यते के रिटायरमेंट के बाद अलका तिवारी को मुख्य सचिव बनाया जा सकता है. खियांग्ते इसी महीने रिटायर होंगे. चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद अलका तिवारी की पोस्टिंग की जाएगी. अलका तिवारी झारखंड में कई जिलों की डीसी रह चुकी हैं, साथ ही कई महत्वपूर्ण विभागों में भी योगदान दे चुकी हैं.

### लंगूर के हमले से तीन लोग गंभीर

**घाटशिला।** थाना क्षेत्र के काड़ाडूबा गांव में शनिवार को एक लंगूर ने अचानक हमला कर तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया. यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब लंगूर जंगल से गांव में घुस आया. ग्रामीणों के अनुसार, लंगूर ने आते ही हरिराम पातर (75) गोविंद पाल (20) और मिहिर विषई (60) पर हमला कर दिया. लंगूर के काटने से सभी घायल हो गए, जिससे गांव में हड़कंप मच गया. घायलों को तुरंत घाटशिला अनुमंडल अस्पताल लाया गया. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सा डा. मीरा मुर्मू ने प्राथमिक उपचार किया.

### वाहन चेकिंग के दौरान एक लाख रुपए जब्त

**बरवाडीह (लातेहार)।** आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू हो चुका है. शुक्रवार की देर शाम बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में मुर्गीडीह कैंप के पास चलाये जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान डाल्टनगंज की ओर से आ रही एक कार को रोक कर जांच की गई. पुलिस और दंडाधिकारी के द्वारा जांच किये जाने के दौरान एक लाख रुपए बरामद किए गए. वाहन मालिक गढ़वा जिला नगरउंटारी के आनंद श्रीवास्तव ने खुद को व्यापारी बताया और पैसा बिजनेस से जुडा होने की बात कही.

### दो वाहनों से 11.38 लाख कैश बरामद

**निरसा।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है. इसी के साथ मैथन पुलिस भी चौकस हो गयी है. जिला पुलिस शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने को लेकर लगातार सघन जांच अभियान चला रही है. इसी क्रम में पुलिस ने शुक्रवार देर रात मैथन बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग की और दो अलग-अलग वाहनों से 11 लाख 38 हजार रुपए कैश बरामद किये. बरामद कैश को पुलिस ने जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गयी है. वहीं पुलिस ने दोनों लोगों को हिरासत में लिया है.

### ट्रेन की चपेट में आने से हाथी का बच्चा मरा



**चंदवा (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत के केकराही के बगल से गुजरने वाली डाउन रेलवे ट्रैक पार करने के क्रम में एक हाथी के बच्चे की मौत हो गई. घटना शुक्रवार की मध्य रात्रि की है. इसके बाद इस ट्रैक पर यातायात बाधित हो गया. शनिवार की सुबह रेलवे और वन विभाग कर्मियों ने हाथी के शव को ट्रैक से बाहर निकाला तब यातायात बहाल हो पाया. इधर, हाथी के बच्चे की मौत से ग्रामीणों में भय व्याप्त है. उन्हे इस बात का डर सता रहा है कि कहीं हाथियों का झुंड गांव में हमला नहीं कर दे. बता दें कि हाथियों का झुंड चंदवा के इन जंगली क्षेत्र में लगभग चार वर्षों से डेरा जमाए हुए हैं. इस दौरान हाथियों नें कई लोगों को मार चुका है. माल्हन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने हाथी के बच्चे की मौत पर रेल प्रबंधन और वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है.

---

## संविधान सम्मान सम्मेलन: देश में चल रही दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई

# हम आरक्षण पर 50% की सीमा को हटा देंगे ईसी-ईडी पर भाजपा का कंट्रोल: राहुल गांधी



### बोले राहुल

- जाति जनगणना को कोई शक्ति नहीं रोक सकती
- **जो करना है कर लो, 50 फीसदी आरक्षण का बैरियर तोड़ कर रहेंगे**
- हलवा बांट रहे वही और हलवा खा भी रहे हैं वही
- **कांग्रेस का बैंक एकाउंट बंद कर दिया, बिना पैसे के पार्टी लड़ी चुनाव**
- आजकल पीएम मोदी का हो गया है मुस्कुराना बंद
- **सामाजिक एक्सरे का माध्यम है जातिगत जनगणना**
- सभी संस्थाओं को बीजेपी ने कर लिया है कंट्रोल

रवि भारती। रांची

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बीजेपी और पीएम मोदी के खिलाफ अपने तेवर तल्ख करते हुए कहा कि आज देश में संविधान और मनुस्मृति के बीच लड़ाई चल रही है. हम संविधान का सम्मान करें, पर उसकी रक्षा न करें, तो सम्मान का कोई मतलब नहीं रह जाता. वे शनिवार रांची के शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि संविधान में चारों तरफ से आक्रमण हो रहा है. सिर्फ मोदी, अमित शाह ही नहीं, बल्कि अलग-अलग शक्तियां आक्रमण कर रही हैं. इनका लक्ष्य है किसी न किसी तरीके संविधान को खत्म कर दिया जाए या खोखला बना दिया जाए. इस संविधान के पीछे की जो सोच है वह हजारों साल पुरानी सोच है. ये बिरसा मुंडा, बुद्ध, महावीर, गुरुननाक, गांधी, अंबेडकर की सोच का संविधान है. अंबेदकर के एजुकेट का मतलब है, आप कौन हो, आप कहां खड़े हो, चारों ओर क्या हो रहा है और कौन कर रहा है.

**बीजेपी के लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं :** राहुल गांधी ने कहा कि बीजेपी के लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं. उनको खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं. आदिवासी का मतलब होता है, जो सबसे पहले मालिक थे. वनवासी का मतलब होता है जो जंगल में रहते हैं. यही फर्क है. पूरा स्कूलिंग का चैप्टर देख लीजिए, आदिवासी के बारे में आधा चैप्टर भी नहीं मिलेगा. इनके इतिहास के बारे में कुछ नहीं मिलेगा.

**किसने कहा कि आप पिछड़े हो :** भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि आज ओबीसी शब्द का प्रयोग किया जा रहा है. क्या ये आपका नाम है. किसने कहा कि आप पिछड़े हो. आज आपकी हिस्ट्री कहां है. किसान-बढ़ई, मजदर, मोची और नाई की हिस्ट्री कहां है. सब फाड़ दिया गया है. ऐसा लगता है कि हिन्दुस्तान के 90 फीसदी लोग हैं ही नहीं.



### राहुल गांधी से मिले सीएम हेमंत

**रांची।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से शनिवार को होटल रेडिशन ब्लू में सीएम हेमंत सोरेन, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कई नेताओं ने मुलाकात की. इसके बाद राहुल गांधी शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान समेल्लन में हिस्सा लिए. राहुल गांधी के रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई कांग्रेस ने नेताओं ने उनका स्वागत किया.

### कॉरपोरेट सेक्टर में एक भी आदिवासी, दलित और ओबीसी नहीं मिलेगा

*राहुल गांधी ने कहा कि आज कॉरपोरेट सेक्टर में सीइओ, सीनिटर मैनेजमेंट में एक भी आदिवासी, दलित और ओबीसी नहीं मिलेगा. भाजपा पर फिर तंज कसते हुए कहा कि हलवा बांट रहे वही और हलवा खा रहे हैं वही. दलित की आबादी 15 फीसदी, आदिवासी की आबादी आठ फीसदी, लेकिन ओबीसी की आबादी कोई नहीं जानता. मैं बताता हूं कि ओबीसी की आबादी देश में 50 फीसदी है. इलेक्शन कमीशन, मिनिस्ट्री, मीडिया, ज्यूडिशियरी में ओबीसी आबादी ही नहीं है. पीएम मोदी ओबीसी को सम्मान तो देते हैं, लेकिन पावर छीन लेते हैं.*

### राष्ट्रपति को संसद के उद्घाटन में नहीं जाने दिया गया

भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि राष्ट्रपति आदिवासी हैं. उन्हें संसद के उद्घाटन में नहीं जाने दिया. राम मंदिर के उद्घाटन में राष्ट्रपति से कहा गया कि आप आइए मत. वहीं अडानी- अंबानी को बुलाया. ये संविधान का उल्लंघन नहीं है तो क्या है. हिन्दुस्तान का हर व्यक्ति एक जैसा है. संविधान में एक व्यक्ति को एक वोट का हक मिला है.


### बॉलीवुड में भी नहीं दलित, आदिवासी और ओबीसी नहीं

बॉलीवुड में भी दलित आदिवासी और ओबीसी नहीं दिखेगा. ओबीसी की 50 फीसदी आबादी को 100 रुपए में से सिर्फ पांच रुपए पर ही निर्णय लेना का मौका मिलता है. वित्त मंत्रालय में ओबीसी, दलित और आदिवासी नहीं मिलेगा. 100 रुपए में से सिर्फ 10 पैसे का निर्णय आदिवासी अफसर लेते हैं.

### सारी संस्थाओं को बीजेपी ने कर लिया है कंट्रोल

राहुल गांधी ने कहा कि सारी संस्थाओं को बीजेपी ने कंट्रोल कर लिया है. बीजेपी के पास धन के साथ संस्थाएं, मीडिया, सीबीआइ, ईडी, आईटी सभी उनके पास हैं. राहुल ने कहा कि आप सब कुछ ले लो, लेकिन हमारे पास सच्चाई है. सारा का सारा न्याय हमें मिलेगा. कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद करा दिया. बिना पैसे के कांग्रेस ने चुनाव लड़ा. सच्चाई और संविधान के साथ लड़े. आजकल पीएम मोदी का मुस्कुराना बंद हो गया है. दो विचारधारा के बीच युद्ध चल रहा है.

### 90 फीसदी दलित ओबीसी और आदिवासी देते हैं जीएसटी



राहुल गांधी ने कहा कि 90 फीसदी दलित, ओबीसी और आदिवासी ही जीएसटी देते हैं. गरीब जनता से जीएसटी लिया जाता है. अगर 100 रुपए टैक्स लिया जाता है तो 40 रुपए आम आदमी के जेब से जाते हैं. सबसे अमीर लोग तीन फीसदी जीएसटी देते हैं.

### एक फीसदी अमीर के पास देश का 40 फीसदी धन

राहुल गांधी ने कहा कि देश के एक फीसदी सबसे अमीर के पास देश का 40 फीसदी धन है. सबसे गरीब 50 फीसदी के पास देश का तीन फीसदी धन है. 50 फीसदी गरीब की आमदनी सिर्फ 13 फीसदी है. 50 फीसदी आरक्षण की दीवार को तोड़ देंगे. हम ये पता लगाना चाहते हैं कि इस देश में किसके पास कितना धन है, किसके पास कितनी जमीन है, किनके हाथ में कॉलेज और यूनिवर्सिटी है. संस्थाओं में किसकी कितनी भागीदारी है. उन्होंने कहा कि सामाजिक एक्सरे का माध्यम जातिगत जनगणना है. जातिगत जनगणना और 50 फीसदी आरक्षण के बैरियर को कोई शक्ति नहीं रोक सकती. जो करना है कर लो, आज नहीं तो कल कार्रवाई होकर ही रहेगी. हमें मिलकर काम करना होगा. बंटने से काम नहीं होगा. सभी को संविधान की रक्षा करनी है.

---

## टंडवा, बड़कागांव, पिपरवार और केरेडारी के थानेदारों को डीआईजी का आदेश

# उग्रवादी संगठन टीपीसी पर करें कड़ी कार्रवाई



हजारीबाग रेंज के डीआईजी पुलिस अफसरों के साथ बैठक करते हुए.

**रांची।** हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर ने टीपीसी उग्रवादी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं. शनिवार को डीआईजी ने टंडवा स्थित एनटीपीसी गेस्ट हाउस में टंडवा, बड़कागांव, पिपरवार, बुढ़मू और केरेडारी थानेदारों और एसडीपीओ के साथ समीक्षा बैठक की.

इस दौरान डीआईजी में थानेदारों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में सक्रिय टीपीसी के खिलाफ प्लान बनाकर कार्रवाई करें. इसके अलावा डीआईजी ने कहा, जिन नंबरों से कोयला कारोबारी समेत कई कारोबार से जुड़े लोगों को धमकी आ रही है,उसका अनुसंधान करें. साथ ही घटित कांड का त्वरित अनुसंधान करने के आदेश दिए.

### चालकों को टीपीसी ने दी थी चेतावनी, कहा- ना चलाएं वाहन

बता दें कि हजारीबाग और चतरा में कोल ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा चालकों को टीपीसी ने बीते दिनों धमकी दी थी. संगठन ने चालकों को वाहन नहीं चलाने को कहा था. संगठन ने कहा था कि बड़कागांव केरेडारी से टंडवा, टंडवा से पिपरवार तक हाइवा चलाने वाले चालकों को चेतावनी दी जा रही है. पहले भी कई बार चेतावनी दी गयी है. सदाबह नदी के पास गोली मार के दी गयी थी. फिर भी कंपनी ने बात नहीं की. इस वजह से केरेडारी में आगजनी और गोलीबारी के साथ चालकों के साथ मारपीट की गयी.

## सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार पर ठोंका एक लाख का जुर्माना

**रांची/दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा दाखिल एक अपील को खारिज करते हुए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है. कोर्ट ने आदेश में कहा कि अपील दाखिल करनेवाले अधिकारी की पहचान कर जुर्माने की राशि उससे वसूली जाए. यह आदेश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने दिया है. कोर्ट ने कहा कि जुर्माने की राशि में से 50 हजार सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन के खाते में और बाकी के 50 हजार बार एसोसिएशन वेलफेयर फंड में जमा किये जाएं.

**ऐसे मामलों में अपील दाखिल करने पर जाहिर की नाराजगी :** हाईकोर्ट ने रिटायरमेंट बेनिफिट की मांग को लेकर दाखिल रविंद्र गोप की याचिका पर पिछले वर्ष फैसला सुनाते हुए निर्देश दिया था कि बेनिफिट दिया जाए. एकल पीठ के आदेश के खिलाफ सरकार ने अपील दाखिल की. लेकिन जस्टिस एस चंद्रशेखर व अनुभा रावत चौधरी की डबल बेंच ने अपील को खारिज करते हुए पूर्व आदेश बरकरार रखा, जिसके खिलाफ सरकार ने शीर्ष कोर्ट की शरण ली. लेकिन शीर्ष कोर्ट ने भी याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने ऐसे मामलों में शीर्ष कोर्ट में अपील देने पर नाराजगी भी जाहिर की है.

# सीसीएल, बीसीसीएल व ईसीएल में भ्रष्टाचार के कई मामले

**बिना पैसा दिये नहीं होता कोई काम**

## सीबीआई ने अधिकारियों : कर्मियों को घूस लेते कई बार किया गिरफ्तार

सौरभ सिंह। रांची

कोयला खनन से जुड़ी सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल में एक के बाद एक भ्रष्टाचार से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं. मामला चाहे कोयला उठाव के नाम पर वसूली का हो या फिर 83.63 करोड़ रुपए के कोयला घोटाले का हो. इसके अलावा सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल में कार्यरत अधिकारियों और कर्मियों द्वारा समय-समय पर घूस लेते हुए सीबीआइ द्वारा पकड़े जाने की बात सामने आती रही है.

**आम्रपाली कोल परियोजना में उठाव के नाम पर प्रति टन आठ रुपए की वसूली का मामला आया था सामने :** चतरा की आम्रपाली कोल परियोजना में कोयला उठाव के नाम पर प्रति टन आठ रुपए की वसूली होती थी. पैसा दिये बिना कोई भी डीओ होल्डर कोयला का उठाव नहीं कर सकता था. इसकी शिकायत मिलने पर बीते चार अप्रैल 2024 को आम्रपाली परियोजना में सीबीआई ने छापेमारी की थी. सीबीआई ने डिस्पैच अधिकारी सुधांशु कुमार शर्मा व क्लर्क जीतेन गंझू को 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था.

**83.63 करोड़ के कोयला घोटाला मामले में ईडी ने दर्ज किया केस :** सीसीएल की आम्रपाली परियोजना में 83.63 करोड़ रुपए के कोयला घोटाला मामले में ईडी ने मामला दर्ज किया है. ईडी ने यह केस रांची के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में 17 अगस्त 2021 को दर्ज प्राथमिकी व अनुसंधान में आये तथ्यों के आधार पर दर्ज की है. सीबीआई को सूचना मिली थी कि मेजरमेंट बुक में छेड़छाड़ कर कोयला गायब करवाया जा रहा है. इसके बाद सीबीआई रांची व सीसीएल की जांच टीम ने औचक निरीक्षण किया था. इस दौरान चतरा के मगध आम्रपाली एरिया स्थित आम्रपाली परियोजना के कोयला स्टॉक से आठ लाख 75 हजार 774 मिट्रिक टन कोयला गायब मिला था.

### एक के बाद एक भ्रष्टाचार के नए मामले

*बीते आठ माह में सीबीआई ने 11 अधिकारियों और कर्मियों को रंगेहाथ घूस लेते दबोचा है*

**19 मार्च 2024 :** सीबीआई की टीम में आम्रपाली और मगध कोल परियोजना में कार्रवाई करते हुए आम्रपाली के कैंटीन मैनेजर अशोक राम और जेई रामभज्जू को ठेकेदार से रंगे हाथ घूस लेते गिरफतार किया था.

**03 अप्रैल 2024 :** सीबीआई की टीम ने चतरा की सीसीएल आम्रपाली परियोजना के डिस्पैच अधिकारी समेत दो को 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था. इसके पास से दस्तावेज भी बरामद किये गये हैं. डिस्पैच अधिकारी ने कोयला उठाने की अनुमति देने के लिए घूस की मांग की थी.

**20 मई 2024 :** सीबीआई ने ईसीएल के तीन अधिकारियों को गोड्डा से गिरफ्तार किया था. तीनों अधिकारी मुआवजा भुगतान करने के बदले 25-25 हजार रिश्वत लेते पकड़े गये थे.

**01 अगस्त 2024 :** बीसीसीएल धनबाद के पुटकी कोलियरी में कार्यरत इंजीनियर प्रवीण कुमार को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था. उसने प्रमोशन और तबादला के बदले घूस की मांग की थी.

**28 सितंबर 2024 :** धनबाद में सीबीआई ने 20 हजार घूस लेते श्यामपुर बी कोलियरी के मैनेजर व क्लर्क को गिरफ्तार किया था.

**07 अक्टूबर 2024 :** सीबीआई ने बोकारो के कथारा वाशरी के क्लर्क को घूस लेते पकड़ा था.

---

## बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कसा तंज, कहा

# संविधान की कसम खाकर कहेंगे कि क्या आपने जनता के हित में काम किया

**05** साल से आदिवासियों पर अत्याचार होता रहा, तब कहां थे आप

सब आपकी आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन आप चुप हैं



प्रमुख संवाददाता। रांची

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा है. कहा है कि जिस संविधान की रक्षा के लिए पूरे देश में यात्राएं कर रहे हैं, उसी संविधान का उल्लंघन करते हुए झारखंड में पिछले 5 साल से आदिवासियों पर दमन और अत्याचार होता रहा, तब आप कहां थे?

## सोशल मीडिया पोस्ट पर निशाना साधते हुए लिखा-झारखंड में हो रहा आदिवासियों का दमन

### पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में नहीं मिला आरक्षण

बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए लिखा है कि आप पूरे देश में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकारों की बात कर रहे हैं. लेकिन झारखंड में आपकी सरकार होने के बावजूद पिछड़ों को त्रिस्तरीय चुनाव में उनका आरक्षण नहीं मिला है. दलितों और आदिवासियों की जमीनें लूटकर बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया जा रहा है. आपने और आपके सहयोगी दल झामुमो ने बांग्लादेश से आए घुसपैठियों को वोटर बनाकर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन करते हुए, अपनी पार्टी और जेएमएम को गैर-संवैधानिक लाभ पहुंचाने की कोशिश की है. यह सब आपकी आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन आप चुप हैं.

### युवाओं के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़

आपकी सरकार के सहयोगी दल जेएमएम के नेता और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में युवाओं को नौकरियों का झांसा देकर उनके फार्म के पैसे दलालों में बांट दिए जाते हैं. दलालों और बिचौलियों द्वारा परीक्षा लीक करवाई जाती है और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा था, तब आप कहां थे? हेमंत सोरेन ने राज्य के युवाओं, माताओं और बहनों से अनेकों वादे किए, लेकिन एक भी वादा धरातल पर पूरा नहीं हुआ. उनके सहयोगी होने के नाते, क्या आप संविधान की कसम खाकर कह सकते हैं कि आपने जनता के हित में काम किया है?

### राज्य के सभी संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा जा रहा

राज्य के संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा जा रहा है, भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है. धीरज साहू के ठिकानों से 300 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है. क्या आप इन भ्रष्टाचार के आरोपों का जवाब देंगे? जिस संविधान की आप बात कर रहे हैं, उसकी रक्षा की जिम्मेदारी राज्य के सीएम की है. लेकिन जनता यह मान चुकी कि संविधान का रक्षक ही संविधान का भक्षक बन चुका है. बात चाहे बेरोजगारी हो, महिलाओं के सुरक्षा की हो, आदिवासियों के अधिकार की, हर मोर्चे पर सरकार विफल रही है. जनता ने आपको और आपके साथियों को सत्ता दी, लेकिन आपने विश्वासघात किया. अब समय आ गया है. जनता उसी संविधान के माध्यम से आपको और आपके सहयोगियों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी.

### विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास का परिणाम है शानदार रिजल्ट :अविनाश देव

# संत मरियम स्कूल का परीक्षाफल जारी

संवाददाता ।मेदिनीनगर

संत मरियम विद्यालय कजरी, नावाहाता ब्रांच एवं संत मरियम किड्स स्कूल चैनपुर में बीते दिनों अर्द्धवार्षिक परीक्षा संपन्न हुई थी, जिसका परिणाम शनिवार को जारी किया गया.

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शानदार रहा. मालूम हो की संत मरियम आवासीय विद्यालय के अतिरिक्त तीन विद्यालय अलग-अलग जगहों पर स्थित है. यह सभी विद्यालय पलामू के शिक्षा जगत में सफल परिणाम देता रहा है, जिसका मूल कारण यह है कि इन सभी विद्यालयों का बागडोर एक ही हाथों में है. लिहाजा यह बच्चों और



विद्यार्थियों को रिज़ल्ट सौंपते विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव.

अभिभावकों के हित में लाभप्रद साबित हो रहा है कि इस विद्यालय में शिक्षा दे रहें सैकड़ों शिक्षकों का विचार, नित्य प्रयास एवं उनका समर्पण एक ही केंद्र पर आकर समाहित हो जाती है. संत मरियम के बच्चे विभिन्न परीक्षाओं में श्रेष्ठ परिणाम के साथ- साथ कई अन्य तकनीकी कौशल मे भी निपुणता हासिल कर सफलता के राहों पर लगातार गतिमान है. परीक्षा परिणाम पत्र वितरण के दौरान मौके पर मौजूद विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया. अभिभावकों से भी मुलाकात किया, उस दौरान उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के बच्चे सिर्फ विद्यालयी परीक्षाओं में ही सर्वोच्च अंक प्राप्त नहीं कर रहे हैं बल्कि देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल का परचम भी लहरा रहे हैं. मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, संत मरियम किड्स स्कूल के निदेशक आनंद कुमार, उपप्राचार्य एस. वी. शाहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, अचला सिंह, रंजना उपाध्याय, निकिता गुप्ता व समस्त शिक्षक मौजूद थे.

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल ने चलाया मतदाता-जागरुकता अभियान

# मतदान के लिए जागरूक करना उद्देश्यः प्राचार्य

संवाददाता ।मेदिनीनगर

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल न्यू टाउनशीप शाहपुर में शनिवार को झारखंड एवं केन्द्रीय निर्वाचन आयोग के संयुक्त प्रयास से विद्यालयों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया. सीबीएसई के निर्देश के बाद विद्यालय में इलेक्टोरल क्लब (चुनावी साक्षरता क्लब) की स्थापना कर जागरुकता अभियान शुरू किया गया. इसके तहत प्रातः कालीन मेरा वोट, मेरा अभिमान-जैसे तख्तियों के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई. खुशी पाण्डे निर्वाचन अधिकारी, सृष्टि पाठक पीठासीन अधिकारी, पलक सहाय, एवं



विद्यालय के बच्चों के साथ प्राचार्य डॉ एके सिंह.

अनामिका सिंह ने निर्वाचन दल के रुप में भूमिका निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया. ईवीएम मशीन की कार्य प्रणाली एवं उनके प्रयोग को हुबहू करके दिखाया गया. जिसमें कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. पत्र-लेखन, निबंध-लेखन, रंगोली, बैनर-पोस्टर, बैज़, लघुनाट्य, स्क्रैप ड्राइंग, रिजनल सॉग, हिन्दी व अंग्रेजी कविता वाचन आदि गतिविधियां छात्रों के द्वारा किया गया. इस अवसर पर मंच से प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित किया कि - मेरा मतदान, मेरा अधिकार. 'पहले मतदान, फिर जलपान' तथा 'एक वोट, राष्ट्र के लिए'. पत्र-लेखन, निबंध-लेखन, बैनर-पोस्टर, बैज़, लघुनाट्य, स्क्रैप ड्राइंग, रिजनल सॉग, हिन्दी व अंग्रेजी कविता वाचन आदि आयोजित करने हेतु प्रत्येक विद्यालयों को निर्देशित किया गया है. अभिभावकों व मतदाताओं को जागरुक करने संबंधी प्रत्येक गतिविधि विद्यालय में आयोजित की गई. मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक गौरव कुमार एवं शिक्षिका तनुश्री के द्वारा किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के छात्र, शिक्षक तथा शिक्षिकाएँ उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### दुष्कर्म पीड़िताओं को डालसा ने दिलाई मदद

**मेदिनीनगर।** कुछ दिनों पूर्व नौडीहा बाजार थाना अंतर्गत दो बच्चियों के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना में शामिल दोनों पीड़िताओं को डालसा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए 20 हजार रुपये का दैनिक उपयोग का वस्तु उपलब्ध कराया है. साथ ही उनलोगों को सहायता के लिए पीएलभी को भी लगाया गया है.दोनों पीड़िताओं को विक्टिम कम्पनशेषन की राशि जल्द मिले इसके लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई. इस सम्बंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि पीएलभी सोनू कुमार द्वारा पीड़िता के घर जाकर पता लगाया गया था तथा उनके द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में पीड़िताओं की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं बताई गई है. इसके बाद उन्हें तत्काल 20 हजार रुपये का दैनिक उपयोग का वस्तु राशन ,कपड़ा व अन्य चीजे प्रदान किया गया है.

### छठ पूजा को लेकर स्टार क्लब की कमेटी गठित

**छतरपुर(पलामू )।** छतरपुर के मंदेया मैं छठ पूजा आयोजन को लेकर स्टार क्लब की कमेटी का पुनर्गठन किया गया. इससे पूर्व कमेटी गठन को लेकर आयोजित बैठक को सभापति के रूप में अजित कुमार ने सभा को संबोधित किया. साथ ही पुरानी कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया गया. सर्वसम्मति से गठित कमेटी में अध्यक्ष पवन प्रजापति, सचिव डब्लू कुमार, कोषाध्यक्ष आलोक शौंडिक को बनाया गया. व्यवस्थापक में पवन गुप्ता, क्रांति मेहता, अजित कुमार, मोनू गुप्ता, सिंटू चौधरी सुभाष चौधरी, साकेत विश्वकर्मा तथा संरक्षक में अरुण सोनी, अशोक दास, केतन सिंह, रितेश चंद्रा, लट्टू सिंह, अमित चंद्रा, डोमन प्रजापति, मोहन चंद्रा आदि शामिल थे.

### हाइवा दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**चंदवा ( लातेहार )।**ओवर स्पीड में एक हाईवा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी. इस दुर्घटना में वाहन चालक की हुई मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी. उसकी पहचान चंदवा थाना क्षेत्र के लाधुप ग्राम निवासी मंटू मुंडा ( 45 ) के रूप में की गयी है. घटना शुक्रवार देर रात की है. बालूमाथ की ओर से रही हाईवा ट्रक ( जेएच-02बीपी-7117 ) कुजरी मोड़ के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई. वाहन में कोयला लदा था. दुर्घटना में वाहन के पलटने से कोयला लगभग तीस फीट की दूर तक बिखर गए. मृतक चालक अपने पीछे गर्भवती पत्नी और तीन छोटे बच्चे को छोड़ गया है. चंदवा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया है.

### आयुक्त ने लिया मतदान केद्रों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा

# मतदान केंद्रों में जो कमियां हैं उसे दूर करने का दिया निर्देश

संवाददाता ।लातेहार

प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने शनिवार को लातेहार व मनिका विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होने इन मतदान केंद्रों में उपलब्ध न्यूनतम सुविधाओं का जायजा लिया. उन्होंने अवलोकन के उपरांत कमियों को दूर करने का निर्देश दिया. मध्य विद्यालय अंबाकोठी, लातेहार बाजार के मतदान केंद्र के भ्रमण के दौरान आयुक्त की मुलाकात एक 90 वर्ष से अधिक आयुवर्ग की वरिष्ठ मतदाता प्रतिभा देवी पति लखन प्रसाद अग्रवाल से हुई.

आयुक्त ने उनसे बातचीत कर मतदान करने की अपील की और मतदान को लेकर उनके उत्साह की सराहना की.

प्रतिभा देवी ने बताया कि वह हर मतदान में भाग लेती है. उन्होंने वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केंद्र में चुनाव आयोग के द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की प्रशंसा की और कहा कि अब वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान करने में कोई परेशानी नहीं होती है. कई मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने के निमित्त उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली न्यूनतम



शपथ दिलाते आयुक्त.

**मतदाताओं को दिलाया शपथ**

आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने मतदान केन्द्रों के भ्रमण के दौरान पदाधिकारी, बीएलओ, सुपरवाइजर सहित वहां उपस्थित मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई .

सुविधाओं का आंकलन किया. उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली निबंधन, मतदान दिवस पर परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों पर रैंप, व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, वोलेंटियर की व्यवस्था तथा मतदान केंद्रों पर स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, मतदान कक्ष में बिजली कनेक्शन, प्रकाश की समुचित व्यवस्था व पंखा आदि न्यूनतम सुविधाओं से अवगत हुए उन्होने पुरूषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, रनिंग वाटर एवं शौचालय के रास्ते में साइनेज लगवाने का निदेश दिया. आयुक्त ने इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलायी. आयुक्त के भ्रमण के दौरान आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों के भ्रमण में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, मनिका के प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार,अंचल अधिकारी संतोष शुक्ला तथा लातेहार के मतदान केन्दों के भ्रमण में लातेहार नगर पंचायत के नगर प्रशासक राजीव रंजन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर, लातेहार की सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सुधा राज एवं संबंधित मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे.

**इन मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण**

आयुक्त ने मनिका विधानसभा क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बाड़ी, ग्राम पंचायत भवन, सिंजो, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय नदबेलवा, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुन्दू, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मटलौंग, पंचायत सचिवालय, मटलौंग एवं राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, परसही के मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया . जबकि लातेहार विधानसभा क्षेत्र के राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय आश्रम, राजकीय बुनियादी विद्यालय, बालिका स्कूल सीएम ऑफ एक्सिलेंस बालिका उच्च विद्यालय, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमवाटीकर एवं मध्य विद्यालय अंबाकोठी, लातेहार बाजार के मतदान केंद्रों का भ्रमण किया .

### पलामू के चार विस सीटों के लिए दूसरे दिन 24 नामांकन पत्र बिके

*मेदिनीनगर। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पहले चरण के मतदान की अधिसूचना जारी होने के दूसरे दिन भी पलामू जिले के पांचो विधानसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने कोई नामांकन नहीं किया है. हालांकि नामांकन के दूसरे दिन डालटनगंज विस क्षेत्र से 8, विश्रामपुर से 6 तथा हुसैनाबाद व पांकी से 5-5 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा है. नामांकन को लेकर शनिवार को प्रपत्र खरीदने वालों में डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए दिलीप सिंह नामधारी, जगन्नाथ प्रसाद सिंह, अजय कुमार सिंह चेरो, विश्वास सिंह, अभय कुमार सिंह, सतेंद्र कुमार यादव, अजीमुद्दीन अंसारी व श्याम बिहारी राय, बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पुष्प रंजन, ब्रह्मदेव प्रसाद, रजनी देवी, जागृति, पति रजनीश रंजन, संदीप कुमार गुप्ता व महावीर सिंह चंद्रवंशी, हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रभा देवी, सुग्रीव राम, कमलेश कुमार यादव, उमाशंकर शर्मा व अमरजीत कुमार तथा पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए मुमताज अहमद खान, विनय सिंह, ओंकार नाथ, किश्वर यादव व विश्वनाथ साव शामिल हैं. बता दें कि शुक्रवार को डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए 5, हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए 4, विश्रामपुर विस क्षेत्र के लिए आठ, पांकी विधानसभा क्षेत्र के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र की खरीद की है.*

# नगर पंचायत ने लावारिस घूम रहे मवेशियों को पकड़ा

संवाददाता ।लातेहार

नगर पंचायत के चेतावनी के बावजूद भी शहर के मुख्य पथ समेत अन्य सड़कों में मवेशी लावारिश घूम रहे हैं. जबकि नगर पंचायत के द्वारा को अपने मवेशशियों को खुला नहीं छोड़ने की चेतावनी लगातार दी जा रही है. इसे लेकर व्यापक माइकिंग कराई गयी है. बावजूद इसके पशुधन पालकों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है. अब नगर पंचायत ने कार्रवाई करनी शुरू कर दी है. शनिवार को समाहरणालय परिसर में लावारिश हालत में घूम रहे मवेशियों को जब्त किया गया. मौक पर कांजी हाउस के संवेदक अयोध्या प्रसाद जायसवाल व नगर पंचायत के अन्य कर्मी मौजूद थे. मवेशी को जब्त कर नीलामी की जायेगी : नगर प्रशासक

नगर प्रशासक राजीव रंजन ने शुभम संदेश को बताया कि इसे ले कर व्यापक माइकिंग की गयी है और लगातार कार्रवाई की जा रही है. उन्होने कहा कि इससे पहले कई मवेशियों को



पकड़ कर कांजी हाउस में भेजा गया है. उन्होने बताया कि अक्सर देखा जाता है पशुधन मालिक रात में गाय, बैल, बछड़े व सूअर आदि को सड़कों पर छोड़ देते हैं. इस कारण आये दिन सड़क जाम व सड़क दुर्घटनायें होती है. इसकी शिकायत नगर पंचायत को मिलती है. सड़क दुर्घटनाओं में पशुधन की भी हानि होती है. मृत पशुओं के शवों के निष्पादन में भी नगर पंचायत को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. उन्होंने अपने पशुधनों को सड़कों पर नहीं छोड़ने की अपील की है और चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आदेश की अवहेलना की जाती है तो ऐसे पशुधन मालिकों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जायेगी.

### चेकिंग अभियान में पकड़े गए डेढ़ दर्जन वाहन, लगा जुर्माना

**मेदिनीनगर।** पलामू यातायात पुलिस ने शनिवार को स्थानीय छहमुहान चौक पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान चार पहिया व दोपहिया समेत टेंपो की जांच की गई. जांच के दौरान कई दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के तथा ट्रिपल लोड पकड़े गए. इस संबंध में यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि जांच के दौरान 13 मोटरसाइकिल, एक टेंपो सवारी गाड़ी पकड़ा गया है. वहीं नो एंट्री में एक ट्रक और 03 पिकअप माल वाहक गाड़ी को भी पकड़ा गया है. उन्होंने बताया कि जांच के दौरान जब्त सभी वाहन को शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया है तथा उसे चालान जमा करने के लिए पलामू जिला परिवहन कार्यालय भेजा गया है. उन्होंने बताया कि पकड़े गए वाहनों से मोटरसाइकिल का चालान 27000 हजार रुपया, 02 मालवाहक पिकअप गाड़ी का चालान फाइन 2300 रुपया, 02 टेंपो सवारी गाड़ी का 4300 रूपया तथा 01 ट्रक गाड़ी का चालान 6150 रुपया आया है.

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण विस चुनाव कराना लक्ष्य : एसपी

### पलामू में सीआरपीएफ की चार कंपनियां तैनात

संवाददाता ।मेदिनीनगर

झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पलामू जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की चार कंपनियों की तैनाती की गई है. ये कंपनियां देर रात को डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं, जहां स्थानीय प्रशासन ने उनका भव्य स्वागत किया. इस अवसर पर पलामू पुलिस के डीसीपी संजीव रंजन और राजेश कुमार ने तैनात कर्मियों का स्वागत किया. झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले पलामू में सीआरपीएफ के चार कंपनी पहुंची है. सीआरपीएफ की कंपनियों को पलामू जिले के मनातू,छत्तरपुर, हुसैनाबाद एवं तरहसी के कसमार के इलाकों में तैनात किया जा रहा है. पलामू में 239, 63, 93, और 95 बटालियन



की एक-एक कंपनी को तैनात किया गया है. सीआरपीएफ की कंपनियों को नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ कॉन्फिडेंस बिल्डिंग में भी इस्तेमाल किया जाएगा. सीआरपीएफ कंपनियां नक्सल प्रभावित इलाके में फ्लैग मार्च करेंगी. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने सीआरपीएफ की कंपनियों को पलामू में पहुंचने की पुष्टि की है. दरअसल पलामू में 1995 के बाद से स्थाई तौर पर सीआरपीएफ की तैनाती की गई थी. करीब तीन दशक तक पलामू में सीआरपीएफ की पूरी बटालियन तैनात थी. 2022-23 में सीआरपीएफ की पूरी बटालियन को क्लोज कर सारंडा के इलाके में तैनात कर दिया गया है.

**टूर्नामेंट**

### 24 वीं झारखंड राज्यस्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का तीसरा दिन

# अंडर 19 बालक वर्ग में अनिमेष बना स्टेट चैंपियन

- महिला डबल्स में गढ़वा के अंजली एवं आयुषी का लगातार तीसरे वर्ष खिताब पर कब्जा

संवाददाता ।गढ़वा

गढ़वा के नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में खेले जा रहे 24 वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता के तीसरे दिन गढ़वा का दबदबा रहा.विभिन्न आयु वर्ग के खेले गये मैचों में अंडर 19 बालक वर्ग में गढ़वा के अनिमेष कुमार पांडेय ने गढ़वा के हीं नीतीश कुमार मेहता को 4-1 से, पूर्वी सिंहभूम की अर्चिता डे ने धनबाद के सृजनी चटर्जी को 3-0 से , जबकि महिला वर्ग के डबल्स मुकाबले में गढ़वा की अंजलि और



आयुषी की जोड़ी ने पूर्वी सिंहभूम के अनुष्का एवं सानिया बनर्जी को 3-1 से हराकर लगातार तीसरे वर्ष चैंपियन बनी. जूनियर अंडर 15 बालक वर्ग के सेमी फाइनल में रांची के अर्थ घोष ने गढ़वा के हर्षित कुमार पांडेय को 3-2 से,रांची के अर्थ आलीशान खान ने हजारीबाग के अर्णव अग्रवाल को 3-2 से एवं बालिका वर्ग के सेमीफाइनल में रांची की सान्वी सिन्हा ने हजारीबाग के आण्वी गोयल को 3-2 से, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में पूर्वी सिंहभूम की स्नेहा प्रिया ने पूर्वी सिंहभूम के ही पर्लिन भामरा को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया. अंडर 15 जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग का एवं अंडर 11 बालक एवं बालिकाओं का पुरस्कार वितरण किया गया. विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष सैबल गुप्ता, सचिव समरजीत सिंह ,गढ़वा जिला टेबल टेनिस के संरक्षक अलखनाथ पांडेय,अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, महावीर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल मझिआंव के डॉ ब्रजेश पांडेय, उपाध्यक्ष सुशील केशरी संजय सोनी अशोक विश्वकर्मा, सिस्टर रौशना,चंद्रभूषण सिन्हा, रामा शंकर सिंह,गौरव सिन्हा ,राजू सिन्हा पंकज सोनी,कमलेश दुबे,ने पुरस्कृत किया .

### चुनाव आयोग ने व्यय प्रेक्षक प्रतिनियुक्त किया

**लातेहार।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने लातेहार जिला मनिका एवं लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन व्यय निगरानी हेतु व्यय पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की है. जिला स्तर पर विधानसभावार सहायक व्यय प्रेक्षक की भी प्रतिनियुक्ति की गई है. व्यय प्रेक्षक रूप में सुनी मैथ्यूज (आईआरएस) को प्रतिनियुक्त किया गया है. जबकि मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए सहायक व्यय प्रेक्षक एसबीआई, आरसेटी निदेशक संत कुमार भगत एवं लातेहार विधानसभा क्षेत्र के लिए निदेशक एलडीएम राजीव कुमार मंदिरवार को प्रतिनियुक्त किया गया है. जिले के आम नागरिक व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि निर्वाचन व्यय से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना उपरोक्त श्री मैथ्यूज व सहायक व्यय प्रेक्षक के मोबाइल नंबर पर दी जा सकती है.

## न्यूज अपडेट

### डीसी ने निर्वाचन कोषांगों का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर डीसी सह निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन कुमार ने शनिवार को समहरणालय परिसर स्थित विभिन कोषांगों का औचक निरीक्षण किया. डीसी ने 10 से ज्यादा कोषांगों में जाकर निरीक्षण कर विधानसभा चुनाव संबंधित सभी कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए. डीसी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव के कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. पूरी निष्ठा एवं तत्परता से गंभीरतापूर्वक अपने कार्यों का निष्पादन करें. इस क्रम में उन्होंने उपस्थित कार्यालय में ज्यादा भीड़ नहीं लगाने का भी कर्मचारियों को आदेश दिए. इस दौरान कुछ कर्मचारियों को फटकार भी लगाए.

### युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ेंः सीओ



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार मे शनिवार अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी संतोष कुमार बैठा की अध्यक्षता में निर्वाचन से पूर्व की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में प्रखंड के सभी पर्यवेक्षक एवं बीएलओ शामिल थे. मौके पर श्री बैठा ने कहा कि वैसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी है और मतदाता सूची मे उनका नाम नहीं है तो वैसे युवाओं को चिन्हित कर उन्हें फॉर्म भरवा कर मतदाता सूची में नाम जोडें. आगे कहा कि वैसे प्रवासी मजदूर जो पूजा की छुट्टी में अपने घर आये हैं एवं उनका नाम वोटर लिस्ट मे नहीं है तो वैसे लोगो को नाम भी मतदाता सूची मे अंकित करायें. बैठक मे सभी मतदान केंद्रों की पानी, बिजली, शौचालय एवं मेडिकल सुविधाओं सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की गयी. उन्होंने सुविधाओं का आंकलन कर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया.

### मुनेश्वर को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने की मांग



**महुआडांड़ (लातेहार)।** गारू प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोज उरांव व कांग्रेस महिला मोर्चा अध्यक्ष बबिता देवी व सचिव रामचंद्र उरांव ने मनिका विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव को कांग्रेस का प्रत्याशी बनाने देने की मांग की है. प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान विधायक से पुराने कांग्रेसी कार्यकर्ता नाखुश है. पांच सालों तक क्षेत्र का कोई विकास नहीं हुआ. क्षेत्र में उनके प्रति लोगों में काफी नाराजगी है. उन्होने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी मुनेश्वर उरांव को टिकट देती है तो ठीक है नहीं तो 24 अक्टूबर वे निर्दलीय नामांकन करेगें. मौके पर पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र उरांव, प्रकाश बखला, रितू देवी, सनिल उरांव, मुकेश उरांव, धर्मेंद्र उरांव, अमीर चंद सिंह, रमेश उरांव, बिधेशर उरांव, समीर उरांव, रितेश उरांव, सुनिता देवा, मुसिनिया देवी, सरिता देवी, चन्द्र मुन्ना उरांव, अजय लोहरा, संदीप नायक और जितन भुंईया समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे.


### पलामू में फरार वारंटी के घर चिपकाया पोस्टर

**मेदिनीनगर ।** लातेहार महिला थाना पुलिस ने सदर प्रखंड के अंतर्गत पंचायत चियांकी के डीएवी स्कूल पास विजय नगर के अभियुक्त सुनिल जार्ज कंडुलना पिता बोआस कंडुलना के घर पर जाकर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने घर के अलावे सार्वजनिक स्थल चियांकी पहाड़ के पास भी इश्तेहार चिपकाया है. लातेहार



महिला थाना पुलिस की इस कार्रवाई में पलामू जिला के सदर थाना पुलिस भी शामिल थे .लातेहार पुलिस ने बताया कि सुनील जार्ज कुंडलना केस नंबर 08/2024, धारा - 376, 313, 506, 34 आईपीसी का अभियुक्त है. पूर्व में ही सुनील पर लातेहार महिला थाना पुलिस मामला दर्ज किया है. मामला दर्ज होने के बाद अभियुक्त सुनील घर से फरार हो गया था.

### अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करेंः बीडीओ



**बालूमाथ (लातेहार )।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में चुनाव कार्य में लगे बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक आयोजित की गई. अध्यक्षता सहायक निवार्चन पदाधिकरी सह बीडीओ सोमा उरांव ने किया. उन्होने बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर चर्चा की गई. मतदाताओं के सुविधा को लेकर किसी प्रकार की कोई कमी न रह पाए इस पर जोर दिया गया. मतदाता पर्ची का वितरण प्रत्येक घर मे समय पर हो, मतदाता आमंत्रण पत्र वितरण एवं बूथ मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित चर्चा कर इन बिंदुओं पर फोकस करने का निर्णय लिया गया. बैठक में ममता मासूम, राजीव रंजन, महेश मुंडा, मो सानू , सुषमा कुमारी समेत बीएलओ, सुपरवाइजर व अन्य कर्मी मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### लातेहार सुपर बना प्रीमियर क्रिकेट लीग का चैंपियन

**लातेहार।** लातेहार जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित लातेहार प्रीमियर क्रिकेट लीग 2024-25 का फाईनल शनिवार को जिला स्टेडियम में खेला गया. फाइनल मैच लातेहार सुपरकिंग और लातेहार इंडियन के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए सुपरकिंग ने निधारित ओवर में इंडियन को 163 रनों का लक्ष्य दिया. जवाबी रनों का पीछा करते हुए इंडियन ने 127 रनों पर ही ढेर हो गई. सुपरकिंग लातेहार प्रीमियर क्रिकेट लीग का चैंपियन बना. मैन ऑफ द मैच अमन कुमार सोनी और मैन ऑफ द मैच सीरीज विकास पांडेय चुने गये.

### भवनाथपुर में गाड़ियों का अधिग्रहण जारी

**भवनाथपुर।** विधानसभा चुनाव के लिए वाहन कोषांग में गाड़ियों की अधिग्रहण का काम जारी है. शनिवार की शाम भवनाथपुर विधानसभा में आवश्यकतानुसार गाड़ी अधिग्रहण का काम पूरा हो गया. वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि वाहन कोषांग द्वारा गाड़ियों को अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है. आवश्यकता के अतिरिक्त वाहन रिजर्व में रखे जा रहे हैं. पकड़े गये गाड़ी की इंट्री व लॉगबुक जिला वाहन कोषांग में खोला जायेगा. मौके पर प्रखंड कर्मी तहमीद अहमद, दयानंद प्रजापति, परमानंद ठाकुर व पुलिस कर्मी मौजूद थे.

### रवीन्द्र राम ने गुरुजी से लिया आशीर्वाद

**छतरपुर(पलामू)।** झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा एवं प्रखंड अध्यक्ष सह छतरपुर-पाटन विधानसभा के भावी प्रत्याशी रविंद्र राम ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन उर्फ गुरुजी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया. मौके पर रविंद्र राम ने कहा कि आज छतरपुर पाटन विधानसभा में झामुमो बेहद ही मजबूत है. यदि पार्टी उन्हें मौका देती है तो यह सीट निश्चित रूप से निकल जाएगा.सोरेन ने कार्य किया है, हर तरफ लोगों की यह पहली उम्मीद है कि फिर से राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बने.

### ऐनुल अंसारी का बयान निंदनीय : मोजम्मिल

**लोहरदगा।** मोमिन कॉन्फ्रेंस के युवा जिला अध्यक्ष ऐनूल अंसारी के द्वारा अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर व सेक्रेट्री के खिलाफ दिया गया बयान स्वार्थपूर्ण एवं निंदनीय है. लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया एक विश्वसनीय संस्था है. अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा हमेशा से कौम की भलाई व समाज की तरक्की और लोगों के परेशानियों में खड़ा होने का काम करती आई है और कठिन समय में समाज को दिशा निर्देश देने का भी कार्य करती है. उक्त बातें अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के पूर्व ज्वाइंट सेक्रेटरी मोजम्मिल अंसारी ने कही.

### आग लगने से झोपड़ी और दो मवेशी जले

**कांडी(पलामू)।** थाना क्षेत्र के खरौंधा गांव के कोइरियाडीह टोला निवासी रीता देवी पति सत्येन्द्र मेहता के फुस के झोपड़ी में आग लगने से दो गर्भवती गाय व एक बछिया सहित पूरा झोपड़ी जल गया. घटना शुक्रवार की रात लगभग साढ़े दस बजे की है. आग कैसे लगी किसी को जानकारी नहीं है. सबसे पहले एक महिला संपतिया देवी ने आग लगा हुआ देखी जिसके बाद उसने शोर मचा कर लोगों को जानकारी दी. जब तक लोग जमा होते सब जलकर राख हो चुका था. पीड़िता रीता देवी ने बताया कि और दिनों की तरह दोनों गाय व एक बछिया को झोपड़ी में खूंटे से बांधकर घर में चले गए थे.

---

सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर कार्यक्रम आयोजन को लेकर समिति और युवा संघर्ष सेना आमने- सामने

# छठ पूजा पर धार्मिक कार्यक्रम नहीं करने देने का आरोप

**संवाददाता।कांडी (गढ़वा)**



सतबहिनी झरना तीर्थ में प्रेस वार्ता करती युवा संघर्ष सेना की टीम.

सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर छठ पूजा के अवसर पर समिति द्वारा धार्मिक कार्यक्रम करने की अनुमति नही देने का आरोप युवा संघर्ष सेना की टीम ने वर्तमान कमेटी के ऊपर लगाया है. युवा संघर्ष सेना की टीम ने शनिवार को मां सतबहिनी झरना तीर्थ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के ऊपर लगाया है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में युवा संघर्ष सेना के केंद्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह उर्फ झूना सिंह ने कहा कि युवा संघर्ष सेना विगत दो वर्षों से सतबहिनी झरना तीर्थ में छठ महापर्व के अवसर पर गंगा आरती व भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन करती रही है. शुक्रवार को सतबहिनी कमेटी की बैठक में जब युवा संघर्ष सेना की टीम इस वर्ष छठ महापर्व के अवसर पर गंगा आरती व भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन करने को लेकर सतबहिनी कमेटी के अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह एवं उनकी टीम से बात की तो वे स्पष्ट मना कर दिए. उन्होंने कहा कि युवा संघर्ष सेना केवल हिंदू की बात न कर साथ में राजनीति करती है.इस स्थिति में युवा संघर्ष सेना को सतबहिनी झरना तीर्थ में कोई भी कार्यक्रम का आयोजन नहीं करने दिया जाएगा. वहीं प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान युवा संघर्ष सेना प्रमुख अनूप कुमार उपाध्याय उर्फ बड़ उपाध्याय ने कहा कि युवा संघर्ष सेना की टीम आज तक कभी किसी राजनीतिक पार्टी का झंडा नहीं ढोया है. हां, यह सत्य है कि युवा संघर्ष सेना केवल हिंदू एवं हिंदुत्व की बात करती है.मौके पर केंद्रीय सचिव विवेका पांडेय, महासचिव आनंद प्रजापति, रिशु गुप्ता, पप्पू चौधरी, नान्हू सिंह, पंकज, विनय, अर्जुन, विकास, विमलेश, अजित, विक्की, रंजीत, पंचम, धीरज, अरविंद, अभिनंदन, पवन, गोपाल, संजय, अमरेश, राकेश, अजय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे.

---

महिलाओं ने किया मंत्री मिथिलेश का समर्थन, 300 से अधिक झामुमो में शामिल

# किसी भी हाल में नहीं लूटने देंगे महिलाओं का हक : मिथिलेश

**संवाददाता।गढ़वा**



पार्टी में शामिल महिलाओं के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गढ़वा के विभिन्न क्षेत्रों की महिला ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का समर्थन की है. शनिवार को मंत्री श्री ठाकुर की उपस्थिति में उनके के आवास पर गढ़वा शहरी क्षेत्र के टंडवा, भगलपुर सहित कल्याणपुर, मेराल प्रखंड के करकोमा आदि क्षेत्रों से 300 से अधिक महिलाओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की. हसीना खातून के नेतृत्व में कल्याणपुर के 50 से अधिक महिलाओं ने भी झामुमो का दामन थामा. मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी आदि ने सभी महिलाओं को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल की.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी संख्या में माता, बहनों का अपार समर्थन मिल रहा है. इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं. उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में गढ़वा के लोगों ने मुझे जो जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर पूरी तरह से मैंने खरा उतरने का प्रयास किया है. गढ़वा सहित पूरे झारखंड में हर क्षेत्र में बेहतर कार्य हुआ है. राज्य की सभी बहन, बेटियों, माताओं आदि सभी वर्गों के लिए सरकार ने कई बेहतर कार्य किए हैं. महिला सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड सरकार का मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना बहुत बड़ा कदम है. इस योजना से आज पूरे राज्य की बहन, बेटी लाभान्वित हो रही हैं. उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर उन्हें भारी मतों से जीत दिलाएं. साथ ही राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनाने में अपनी भूमिका निभाएं. ताकि आने वाले समय में मंईयां सम्मान योजना का लाभ सभी को मिलता रहे. उन्होंने कहा कि साथ ही राज्य की महिलाओं सहित हर तबके लोगों के लिए और भी बेहतर कार्य किया जा सके. उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में महिलाओं का हक नहीं लूटने देंगे.

मौके पर मुख्य रूप से उक्त सहित गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष सोनी देवी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष आराधना सिंह, सचिव रेखा पाठक सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

#### 200 से अधिक युवा झामुमो में शामिल

झारखंड विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज हो गई है . प्रत्याशियों के समर्थन में हर क्षेत्र के लोगों की गतिविधियां बढ़ गई हैं . गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेल व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर शनिवार को गढ़वा प्रखंड के सुखबाना, उड़सुगी आदि गांव से लगभग 200 से अधिक युवकों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया . यहां सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की . साथ ही एक स्वर में मंत्री श्री ठाकुर को भारी बहुमत से जीत दिलाने का संकल्प लिया . मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया . पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से संतोष गुप्ता, अंकित पांडेय के नेतृत्व में कुणाल कुमार श्रीवास्तव, संतोष गुप्ता, इरशाद खां, विकास कुमार, नवलेश कुमार, दीपक गुप्ता, सुंदर लाल, असगर हुसैन, अमित चंद्रवंशी, अकबर मंसूरी, अरसद मंसूरी, सोनु ठाकुर सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है . मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे .

### बैद्यनाथ राम व रामचंद्र सिंह ने नामांकन प्रपत्र खरीदा

**लातेहार।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण मे लातेहार जिले के दोनो मनिका और लातेहार विधानसभा मे आगामी 13 नवंबर को चुनाव होना है. गत 18 अक्टूबर से नामांकन पत्रो की बिक्री प्रारंभ हो गई है. हालांकि दोनो विधानसभा के लिए अब तक किसी भी दल ने प्रत्याशियो ने नामांकन नही किया है. नामांकन प्रपत्रो की बिक्री के दूसरे दिन शनिवार को लातेहार विधानसभा से एक नामांकन पत्र की बिक्री हुई है. लातेहार से विधायक सह मंत्री बैद्यनाथ राम नामांकन प्रपत्र खरीदा है. जबकि मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए महुआडांड अनुमंडल कार्यालय मे शनिवार को चार नामांकन पत्र की बिक्री हुई. इनमें मनिका विधायक रामचंद्र सिंह अलावा रांची के बुद्धेश्वर उरांव, लातेहार प्रखंड के हेसला निवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने दो नामांकन प्रपत्र खरीदा है. रामचंद्र सिंह व मुनेश्वर उरांव दोनो कांग्रेस के हैं.

### अनियंत्रित होकर ट्रेलर नाली में जा गिरा

**सेन्हा/लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडरा डायवर्सन के समीप अनियंत्रित होकर ट्रेलर नाली में जा गिरी, जिसमें चालक को हल्की चोट आई है. वहीं वाहन क्षतिग्रस्त हो गया. इधर घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने की बारीकि से घटना की जांच पड़ताल. उल्लेखनीय है कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा डायवर्सन के समीप अहले सुबह एक ट्रेलर वाहन अनियंत्रित होकर नाली में जा गिरा. सूत्रों से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षों पूर्व कंडरा जंगल के समीप नदी में पुल निर्माण कार्य वीकेएस कंट्रक्शन के द्वारा कराया जा रहा है और यातायात बाधित न हो इसे लेकर कच्चा डायवर्सन का निर्माण किया गया है. जिसके कारण आए दिन छोटी-छोटी घटनाएं आम हो गया है.

---

# लोहरदगा के विकास में नाकाम रहे कांग्रेस विधायक : नीरू भगत



पत्रकारों से बात करती हुई नीरू भगत.

**संवाददाता।लोहरदगा**

एनडीए समर्थित प्रत्याशी के रूप में नीरू शांति भगत ने नामांकन पत्र खरीदा. इस मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए नीरू शांति भगत ने कहा कि लोहरदगा में जब से कांग्रेस की विधायक हुए हैं वह मंत्री रहते हुए भी लोहरदगा को बहुत पीछे ले गए. स्व कमल किशोर भगत के कार्यकाल में बहुत तेजी से विकास कर रही थी, लेकिन षड्यंत्र के तहत उन्हें जेल भेज कर कांग्रेस ने विधानसभा जीत तो लिया लेकिन लोहरदगा की जनता की दिल नहीं जीत पाई. इस बार जनता सबक सिखाएगी और आजसू पार्टी एनडीए के घटक दलों की सहयोग से सत्ता में आएगी. लोहरदगा विधानसभा जीतेगी और स्व कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा करने के कार्य करेगी. लोहरदगा को विकास की एक नई दिशा दी जाएगी. नामांकन पत्र खरीदारी के दौरान नीरू शांति भगत के अलावा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ,मुख्य संयोजक कंवलजीत सिंह, संयोजक महेंद्र महतो, जहांगीर आलम ,सागर वर्मा, बुद्धिजीवी मंच के राजेश शर्मा, नगर अध्यक्ष अशोक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष राजन मेहता, गुड्डू गुप्ता, नीरज जयसवाल, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष दिलीप साहू, सरस्वती देवी, अमानत अंसारी, संजीव शर्मा, राजेंद्र लोहार, विजय उरांव आदि शामिल थे.

# अनिल कुमार भगत खरीदा प्रपत्र

**संवाददाता।लोहरदगा**



- झापीपा से लड़ेंगे लोहरदगा विस सीट से चुनाव

अधिसूचना के दूसरे दिन झापीपा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार भगत निर्वाची पदाधिकारी से प्रपत्र की खरीदारी की. मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अपने बड़े भाई लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र वासियों के आदर्श झारखंड आंदोलनकारी नेता पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत के अधूरे सपनों को पूरा करना, डहरबाटी नाली निर्माण कार्य को पूरा कराए जाने, बाक्साइड की नगरी लोहरदगा की जनता को उन्हें उनका शत-प्रतिशत हक अधिकार दिलाने, पांचवी अनुसूची के तहत लोहरदगा की जनता को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उनका हक अधिकार दिलाना, छोटी-छोटी उद्योगों को लोहरदगा में स्थापित कराए जाने, सामूहिक प्रयास, सामूहिक विचार और सामूहिक निर्णय के संकल्पों के साथ जनता से मिलकर लोहरदगा के सर्वांगीण विकास हमारा चुनावी मुद्दा है. अनिल कुमार भगत ने कहा कि हमारे बड़े भाई ने जो स्वप्न लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर देखा था, उनके सपनों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के समुचित विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का कार्य कर दिखाया जाएगा. उन्होंने कहा कि लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो संपूर्ण लोहरदगा विस क्षेत्र का विकास के मामले में तस्वीर ही कुछ और होगी. मौके पर झापीपु के किस्को प्रखंड अध्यक्ष मनोज उरांव, प्रकाश टोप्पो, जेना टाना भगत व अन्य शामिल थे.

---

## न्यूज अपडेट

### महाव्रत छठ के आयोजन को लेकर बनी रणनीति



**कांडी (गढ़वा)।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था के महापर्व छठ के विराट आयोजन को लेकर बैठक की गई. बैठक में मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के बैनर तले इसके सभी कोटि के सदस्यों के साथ श्रद्धालु आम जनों ने भाग लिया. इस दौरान महाव्रत के आयोजन को लेकर रणनीति को अंतिम रूप दिया गया. बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष समाजसेवी सह राजद के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद सिंह ने की. इस दौरान समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने काफी संख्या में उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि समिति के द्वारा शुरू किए गए सतबहिनी झरना तीर्थ में महापर्व छठ का आयोजन दिनों दिन विराट स्वरूप धारण करता गया है. अब झरना घाटी के पूरब एवं पश्चिम के साथ-साथ छठ घाट एवं झरना घाटी में भी व्रतियों की काफी बड़ी संख्या अपना सामूहिक अनुष्ठान करने लगी है. यहां तक कि सूर्य मंदिर के पश्चिम बजरंगबली मंदिर के दक्षिण के काफी लंबे चौड़े मैदान में भी तिल रखने की जगह नहीं बचती.

### वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न



**केतार।** प्रखंड के पाचाडुमर गांव स्थित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (जल उपचार संयंत्र) का ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. उक्त ट्रायल सफल होने के बाद अब हर घर नल से जलापूर्ति की जायेगी. इसकी जानकारी देते हुए प्रोजेक्ट मैनेजर आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि खैरवा सोन नदी से पानी उठाकर पाचाडुमर गांव स्थित जल उपचार संयंत्र तक सफलतापूर्वक पानी पहुंच रहा है. अब यहां उक्त पानी को प्लांट में लगे ब्लीचिंग पाउडर, फिटकरी एवं चुना आदि केमिकल से फिल्टर किया जायेगा. तत्पश्चात इसकी आपूर्ति जल मीनार के माध्यम से प्रथम फेज में पाचाडुमर और खैरवा गांव के 600 घरों में जलापूर्ति की जायेगी. दूसरे फेज में चेचरिया स्थित जलमीनार से बलिगढ़, केतार, केतरी, पंडितपुरा, ताली, परसोडीह गांव में जलापूर्ति की जायेगी. उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में प्रारंभ हुई इस योजना को 2023 में पूरा करना था.

### एमसीएमसी कोषांग के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने शनिवार को समाहणालय स्थित कार्यालय कक्ष में एमसीएमसी कोषांग के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की. बैठक में डीसी ने एमसीएमसी कोषांग की गतिविधियों की जानकारी ली तथा मीडिया प्रमाणन और मीडिया प्रबंधन से संबंधित तथ्यों पर भी बातें की. जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री जमुआर ने पेड और फेक न्यूज की जानकारी देते हुए बताया कि मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी को इस पर विशेष नजर रखने की जिम्मेवारी दी गयी है. इसके लिए एमसीएमसी कोषांग का गठन किया गया है. साथ ही गठित कोषांग को जिले में संचालित न्यूज चैनलों, अखबार में छपी खबरों और अन्य विज्ञापनों पर विशेष नजर रखने का निर्देश दिया गया. बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, शैलेश कुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी राधे गोविंद ठाकुर, प्रेस क्लब के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय समेत कई अन्य लोग मौजूद थे.

### अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक

**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में 25 वां विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान का शुभारंभ हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा बिनेश कुमार के द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम के मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिनेश कुमार के द्वारा लोगों को बताया गया बाल्यावस्था में अंधापन से ग्रसित बच्चों का नेत्र जांच एवं उपचार अवश्य कराएं. बच्चें जिसका उम्र 06 वर्ष से ऊपर है, उन्हें वर्ष में एक बार नेत्र जाँच अवश्य कराएं. उन्होंने कहा कि 40 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्ति वर्ष में एक बार नियमित नेत्र जांच अवश्य कराएं. मोतियाबिंद या मधुमेह होने की स्थिति में एक बार नियमित नेत्र जाँच अवश्य कराएं. इसके साथ ही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि दिनांक 20-10-2024 से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुसैनाबाद में मोतियाबिंद का ऑपरेशन शुरू होने वाला है, जो कि मार्च 2024 तक चलेगा. उन्होंने कहा कि बिना आंख के जीवन बयरथ है .

### डीएवी स्कूल में अभिभावक- शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

**लातेहार।** स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार में शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रथम सावधिक परीक्षा परिणाम पत्र का वितरण किया गया. प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने विद्यालय परिवार के साथ संयुक्त रूप से वैदिक मंत्रोच्चार एवं गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की. विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले टॉपर्स विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के संग विद्यालय में परीक्षा परिणाम पत्र प्रदान किया गया. अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय के पठन पाठन कार्य से हम सभी संतुष्ट हैं और इस तरह के संगोष्ठी से दूसरे विद्यार्थियों को भी बेहतर रिज़ल्ट करने की सकारात्मक प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है. अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय के वर्तमान प्राचार्य श्री घनश्याम सहाय के नेतृत्व में बच्चे काफी संयमित रूप से बेहतर संरक्षण प्राप्त कर रहे हैं. प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय और परीक्षा विभागाध्यक्ष राकेश रंजन तिवारी ने कहा कि डीएवी विद्यालय विगत वर्षों में ऑनलाइन और वर्तमान में ऑफलाइन पढ़ाई लिखाई के साथ साथ बच्चों के उज्ज्वल भविष्य निर्माण के लिए सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्य करने के लिए तत्पर है.

### सीसीएल ने बालूमाथ में लगया स्वास्थ्य शिविर

**बालूमाथ (लातेहार)।** सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड के मगध संघमित्रा क्षेत्र के डहु गांव में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 108 मरीजों की जांच की गई और दवाएं वितरित की गईं. किशोरियों और महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड भी बांटे गए. महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को पोषण आहार की टोकरियां भी वितरित की गई. इसके अतिरिक्त डहु के मध्य विद्यालय में सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया. इस अवसर पर मगध संघमित्रा क्षेत्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीरज कुमार, सीएसआर पदाधिकारी डॉ दिग्विजय कुमार, डहु पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य एवम अन्य उपस्थित थे.

---

**विधानसभा चुनाव** विभिन्न कोषांगों के कार्यों का लोहरदगा डीडीसी ने की समीक्षा, कहा-

# कोषांगों के कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेंगे

**संवाददाता।लोहरदगा**



समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता करते डीडीसी.

**खास बातें**

- कार्मिक कोषांग में रिजर्व में भी कर्मियों की उपलब्धता रहे
- मतदान केंद्रों में मूलभूत संविधा की हो व्यवस्था

डीडीसी सह वरीय पदाधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय की अध्यक्षता में विधानसभा आम निर्वाचन के निमित्त गठित विभिन्न कोषांगों की समीक्षा बैठक हुई. बैठक में कार्मिक कोषांग को मतदान हेतु आवश्यक कर्मियों की संख्या सुनिश्चित रखने का निदेश दिया गया. रिजर्व में भी कर्मियों की उपलब्ध रहे. डीडीसी ने कहा कि प्रशिक्षण कोषांग द्वारा मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण ससमय प्रारंभ कराया जाए. प्रशिक्षण कोषांग की ओर से 21 अक्टूबर से प्रशिक्षण प्रारंभ कराने की जानकारी दी गई. ईवीएम, वीवीपैट कोषांग को प्रथर रेण्डमाइजेशन की तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया. सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में अवस्थित मतदान केंद्रों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं गाइडलाइन अनुसार मतदान हेतु सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया. मतदान केंद्रों में रैंप की व्यवस्था दिव्यांग/वृद्ध मतदाताओं के लिए सुनिश्चित करने, मतदान केंद्र के अंदर पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया गया. उप निर्वाचन पदाधिकारी को प्रेक्षक के साथ समन्वय बनाकर कार्य किये जाने का भी निर्देश दिया गया. सभी बीडीओ द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में स्टेटिक टीम और फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति पर नजर रखने, आवश्यक रिपोर्टिंग व कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया. वाहन कोषांग को मतदान की तिथि के लिए मतदानकर्मियों को मतदान केंद्रों तक ले जाने के लिए पर्याप्त संख्या में वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इस बीच बैठक में स्वीप कोषांग, आइटी कोषांग समेत अन्य कोषांगों के द्वारा भी कार्य किये जाने का निदेश उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिया गया. बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी समेत अन्य कोषांगों के पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे.

# निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस पूरी तरह से तैयार:अरविंद सिंह

**संवाददाता।भंडरा/लोहरदगा**



चट्टी पिकेट के समीप वाहन जांच चलाती भंडरा पुलिस.

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए लोहरदगा पुलिस पूरी तरह से चौकन्ना नजर आ रही है. यहां पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां के निर्देशानुसार जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चट्टी पिकेट के समीप विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान पुलिस ने सभी तरह प्रकार के वाहनों की गहनता से चेकिंग किया. इसके अलावा विशेष रूप से लग्जरी गाड़ियों की तलाशी ली गई. इधर वाहन चेकिंग अभियान की कमान भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह व एसआई पप्पू गुप्ता ने पुलिसकर्मियों के साथ संभाल रखी थी. इस दौरान चट्टी चेकनाका के समीप विभिन्न वाहनों की सघन जांच की गई. इस जांच अभियान के दौरान थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जो आगे भी जारी रहेगा. थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शांतिपूर्वक और निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है.

▼ ब्रीफ खबरें

### बिजली की करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के मरगड्डा पंचायत अंतर्गत पिंजनी गांव में शनिवार की सुबह बिजली का करंट लगने से यदुनंदन यादव के 45 वर्षीय पुत्र देवेंद्र यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि वह किसी काम को लेकर जा रहे थे, इसी दौरान 440 वोल्ट बिजली करंट के संपर्क में आ जाने से उनकी मौत हो गई. देवेंद्र यादव अपने पीछे पत्नी समेत तीन पुत्री व दो पुत्र को छोड़ गए हैं, उनकी बड़ी पुत्री विवाह योग्य हो चुकी है. इस घटना से परिवार में शोक की लहर व्याप्त है. वही परिजनों ने बिजली विभाग से मुआवजे की मांग की है.

### स्वीप के तहत बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार निर्देशानुसार गांधी प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ में स्वीप कार्यक्रम चला. इसके अंतर्गत सभी बीएलओ को मतदाताओं को मतदान के दौरान दिए जाने वाले सुविधाओं व मतदाता जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो ने आगामी विधानसभा निर्वाचन में पहला चरण 22 बड़कागांव, दूसरा चरण -23 रामगढ़ में होने वाले मतदान प्रक्रिया को सरल व पारदर्शिता के मद्देनजर बीएलओ द्वारा किए जाने वाले कार्यों को जानकारी दी. वहीं प्रशिक्षण के दौरान नोडल प्रशिक्षण पदाधिकारी सह जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा ने शत प्रतिशत मतदाताओं को मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बीएलओ द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी दी.

### पुलिस और सीआईसीएफ ने किया फ्लैग मार्च

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने व आचार संहिता को लेकर शनिवार को रजरप्पा थाना पुलिस और सीआईसीएफ के जवानों ने शनिवार को भुचुंगडीह पंचायत के कोइहारा गांव में फ्लैग मार्च निकाला. इस फ्लैग मार्च की अगुवाई रजरप्पा थाना के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने किया. उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च कराने का मकसद क्षेत्र के लोगों को यह विश्वास दिलाना है कि वह पूरी तरह से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें. साथ ही उन्होंने लोगों से किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की भी अपील की. फ्लैग मार्च के जरिए नगर क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ भयमुक्त मतदान करने का संदेश दिया गया. फ्लैग मार्च मंडई टाड़ से होते हुए उत्कृमित मध्य विद्यालय पहुंची. उसके बाद पिपरा टोला, महतो टोला, पाहन टोला, रानी टोला होते हुए वापस मंडई टाड़ में समाप्त किया गया. फ्लैग मार्च में अवर निरीक्षक रंजीत महतो, सतेंद्र शर्मा के अलावा मौजूद रहे.

### व्यय प्रेक्षक ने की बैठक, दिए निर्देश

**चतरा।** विकास भवन में संचालित लेखा व्यय कोषांग पहुंच व्यय प्रेक्षक बुद्रुक गणेश बालासाहेब ने लेखा व्यय कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक की. बैठक में व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अक्षरशः अनुपालन करने की बात कही. साथ ही सभी पदाधिकारी कर्मियों को लेखा व्यय कोषांग के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी.

**शुभम संदेश** ने जिला शिक्षा विभाग को बताया था कि ड्राइवर अनुभवहीन हैं, गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को रांची रेफर किया गया

# स्वामी विवेकानंद स्कूल का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल

**संवाददाता। हजारीबाग**

बरही थाना क्षेत्र के खोड़ाहर स्थित चारमाइल कदवा के पास शनिवार को स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चों से भरा एक टाटा मैजिक ट्रेलर से टकरा गया, जिसमें पांच बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से घायल बच्चों को हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया. बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. वहीं एक बच्चे को रांची रेफर कर दिया गया है. दुर्घटना में अपलिसी कश्यप, आलेख टोप्पो, अनुज टोप्पो, कोमल कुमारी, इशांत कुमार शामिल हैं. इशांत कुमार को गंभीर हालत में रांची रेफर कर दिया गया है.

हजारीबाग जिले में चल रहे निजी स्कूल के कुछ संचालकों की मनमानी की वजह से लगातार स्कूली बच्चों के साथ के साथ हादसा हो रहा है, जबकि पूर्व में भी जिला विभाग यातायात विभाग को शुभम संदेश ने जानकारी अखबार के माध्यम से दिया था और खबर को प्रकाशित की थी, जिसमें लिखा था कि जिले में कई ऐसे स्कूल वाहन है, जिनका ना ही कोई कागजात हैं और ना ही उनके चालक के पास लाइसेंस है. चालक अनुभवहीन भी हैं. लेकिन परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग व सड़क सुरक्षा विभाग मौन धारण कर बैठा रहा और फिर शनिवार को बड़ा हादसा हो गया. आखिर कब तक छात्रों की जिंदगी से स्कूल के संचालक और पदाधिकारी खेलते रहेंगे.

इस संबंध में प्रमुख मनोज रजक व उपमुखिया रोहित यादव ने बताया कि स्कूल की वैन कदवा से बच्चों को छोड़कर विपरीत दिशा से पांचमाइल की ओर आ रही थी और इसी कारण ट्रेलर से टकरा गई. स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूल वाहन की सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे. गंभीर लापरवाही की वजह से यह दुर्घटना हुई, जिससे बच्चों की जान पर बन आई. इस दुर्घटना के बाद स्कूल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि स्कूल वाहन की स्थिति ठीक नहीं थी और सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था. अभिभावकों ने प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की मांग की है कि स्कूल वाहनों के लिए सख्त सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो.

**खास बातें**

- घायल चार बच्चों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया
- स्कूल वाहनों की मनमानी से हादसे होने का आरोप






शुभम संदेश ने प्रमुखता से उठाया था मामला, दुर्घटनाग्रस्त वाहन का जायजा लेते पुलिस अधिकारी.

# धर्मांतरण का विरोध करने पर पिटाई, अस्पताल में इलाजरत

## पूर्व में भी दिए जा चुके हैं आवेदन, मौन साधे है लोहसिंघना थाना की पुलिस

**संवाददाता। हजारीबाग**

लोहसिंघना थाना क्षेत्र के मंडई कलां में प्रत्येक रविवार को सत्संग के बहाने चंगाई सभा आयोजित की जा रही है. रविवार को यहां जबरदस्ती धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है, जहां विरोध करने पर मतांतरण में शामिल लोगों ने पूरे परिवार के साथ जमकर मारपीट कर दी. मारपीट में विरोध करने वाला युवक घायल हो गया और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है. इस बाबत लोहसिंघना थाना में आवेदन देकर मंडई कलां निवासी प्रभु कुमार पिता स्व. महेंद्र राम ने पूरे परिवार सहित धर्मांतरण नहीं करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप शीला देवी पति दिनेश रविदास, सचिन कुमार दास, दिनेश रविदास, रिक्की कुमार दास सहित अन्य पर लगाया है. आरोप लगाया है कि उसे धर्मांतरण कराने का दबाव बनाया गया. उसने पूरे परिवार सहित मनाकर दिया और जब रविवार सुबह चंगाई सभा में विरोध किया तो वहां मौजूद लोगों जमकर इसकी पिटाई कर दी है. सिर व गर्दन में चोट लगी है. जानकारी मिली है कि शीला देवी ही चंगाई सभा चलाती हैं. सत्संग के नाम पर बुलाकर बीमारी ठीक होने, भूत भगाने का दावा करती हैं.

बताया गया कि उसके कई एजेंट हैं, जो इस साजिश में शामिल हैं. प्रमोद रविदास एक सरकारी शिक्षक हैं, जिसके इशारे पर मारपीट की गई, घटना शनिवार सुबह करीब सात बजे की है. प्रभु का घर शीला देवी के घर के बगल में है और प्रभु पर दबाव बनाया जा रहा था कि पूरा परिवार ईसा मसीह का भजन करे और पूजन करें और उसके साथ मिलकर काम करें.



अस्पताल में इलाज कराते घायल परिजन.

### अंदर ही अंदर सुलग रहा मंडई खुर्द, हो सकती है बड़ी घटना

मंडई खुर्द में शीला देवी करीब दो साल से सत्संग के नाम पर चंगाई सभा का संचालन करती हैं. इस दौरान कई बार इसे बंद भी कराया गया. परंतु वह नहीं मानी और हर बार इस तरह की घटना को अंजाम देती रही है. पूरे समाज ने भी इस पर रोक लगायी गयी थी. लेकिन वह लगातार लोगों को हिंदू धर्म के खिलाफ भड़का रही हैं, जिसे लेकर गांव में माहौल गर्म है और कभी बड़ा विरोध हो सकता है.

### विद्यार्थी को पीट कर किया लहूलुहान

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अज्ञात लोगों द्वारा एक विद्यार्थी को मारपीट कर लहूलुहान करने का मामला सामने आया है. इस संबंध में सरिया निवासी मनोज कुमार पिता चिंतामणि महतो ने थाना में लिखित आवेदन देकर जानकारी दी है. आवेदन के अनुसार रविंद्र कुमार हरनगंज गुलमोहर कॉलेज के समीप रूम लेकर ग्रेजुएशन की पढ़ाई करता है. वह सब्जी लेने गया था और इस दौरान हनुमान मंदिर के समीप दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार से सर पर वार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया. ट्यूशन पढ़कर लौटे उसके छोटे भाई ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया.

अपराधियों-नशेड़ियों का अड्डा बना कनहरी पहाड़

# केंद्र प्रशिक्षक व शिक्षक पर हमला

**संवाददाता। हजारीबाग**

कनहरी पहाड़ी का क्षेत्र दिन में प्रेमी जोड़ी और शाम में नशेड़ियों-अपराधियों का अड्डा बनता जा रहा है. हर दिन यहां मारपीट और छिनतई की घटना हो रही है. ताजा मामला शुक्रवार संध्या करीब सात बजे की है, जहां कनहरी ओवरब्रिज के समीप वन प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक विशाल कुमार और डीपीएस विद्यालय के शिक्षक रंजन कुमार दास पर अज्ञात हमलावर ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. विशाल कुमार तथा रंजन कुमार किसी तरह स्कूटी चलाकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे और इलाज कराने के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी. विशाल कुमार को सिर में पांच टांके लगे है, वहीं रंजन कुमार दास को एक टांका लगा है. इस हमले में रंजन कुमार की आंख बच गई.

वहीं विशाल कुमार को सिर में मल्टीपल कट लगे हैं. जानकारी के अनुसार हर दिन विशाल कुमार प्रशिक्षण केंद्र में जाते हैं. शुक्रवार को वे लौटने के दौरान ओवरब्रिज के नीचे खड़े थे. इसी क्रम में पीछे से आए युवक ने गले से चेन छीनने का प्रयास किया. इसी दौरान सिर में लोहे के किसी नुकीली चीज से सिर पर वार कर दिया. इसके बाद जब विशाल कुमार चिल्लाए तो पास खड़े रंजन कुमार मुड़े और लपकने का प्रयास किया. इसी कड़ी में रंजन पर भी युवक ने वार कर दिया और उनकी आंख के ऊपर बुरी तरह कट गया. रात के अंधेरे में विशाल कुमार ने आवाज देते हुए युवक को पकड़ने की कोशिश की. परंतु वह जंगल की ओर भाग गया और रात के अंधेरे में घायल विशाल कुमार आरोपित को खोज नहीं सके. विशाल ने बताया कि युवक की उम्र करीब 30 साल की होगी और जींस पहने हुए था. वह अपने चेहरे को ढंका हुआ था व टोपी पहन रखा था, जिस कारण उसकी पहचान नहीं कर सके. घटना के बाद अस्पताल में कई लोग पहुंच गए और देर रात इलाज के बाद दोनों को छुट्टी कर दी. इस बाबत थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई है.

### गुरुवार को प्रेमी जोड़ी से संध्या में मारपीट के बाद मोबाइल छिनकर हो गए थे फरार

जानकारी के अनुसार गुरुवार संध्या करीब छह बजे कनहरी ओवरब्रिज के समीप एक प्रेमी युगल जो स्कूटी से जा रहा था, उसे रोककर कर मारपीट की थी और उनका मोबाइल छिनकर फरार हो गए थे। डर के कारण प्रेमी युगल ने इसकी शिकायत थाने में नहीं की थी.

### चितरपुर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य का निधन

**रामगढ़।** चितरपुर इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सह गोला डभातू निवासी अरुण कुमार दांगी (80 वर्ष) का निधन हो गया. इनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है. वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं. इनका अंतिम संस्कार गोला के स्थानीय श्मशान घाट में किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. इनकी मृत्यु की सूचना पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, कॉलेज के सचिव सफीक अनवर, आजसू नेता अमृतलाल मुंडा, दिनेश कुमार महतो, जलेश्वर महतो, अशोक महतो के अलावे अशोक कुमार उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार, दीपेश्वर सिंह सहित कई शामिल हुए.

## 35 लीटर से अधिक महुआ शराब जब्त, भट्ठियों को किया ध्वस्त

**संवाददाता। रामगढ़**

रजरप्पा पुलिस ने शनिवार को अहले सुबह अवैध देशी महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया. इसका नेतृत्व रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय व सहायक अवर निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान थाना क्षेत्र के दुलमी प्रखंड के धुठुआ फनिकपुर गांव में छापेमारी कर चल रहे अवैध देशी महुआ शराब के कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया. करीब 35 लीटर से भी अधिक अवैध महुआ शराब व 250 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया. इसके अलावे शराब बनाने में प्रयुक्त होनेवाला उपकरण और छोटे छोटे ड्राम सहित अन्य सामान को भी नष्ट किया गया. वहीं अवैध शराब निर्माण करने वाले प्रमोद साहू पिता स्व जोधन साहू के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया. थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर विशेष छापामारी कर धुठुआ फनिकपुर गांव में अवैध महुआ देशी शराब निर्माण भट्ठी ध्वस्त किया. उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के किसी भी गांव-टोले में अवैध शराब बनाने और बेचने वाले लोगों के विरुद्ध पुलिस सख्ती से पेश आएगी.

## रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से करें गैस बुकिंग, मिलेगी सुविधा

**संवाददाता। चौपारण**

प्रखंड सहित पूरे क्षेत्र में रसोई गैस वितरण में आमूल-चूल बदलाव किया गया है, जिससे उचित लाभुकों तक सरलता से गैस उपलब्ध हो और सब्सिडी के रूप में समुचित लाभ मिल सके. इसके लिए सरकार ने गैस उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल नंबर उपलब्ध करवाया है. इसपर उपभोक्ता अपने रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से सरकार द्वारा उपलब्ध मोबाइल नंबर पर कॉल करने के उपरांत ओटीपी आएगा. उसे अपने गैस वितरक को देने के बाद ही भरा हुआ गैस सिलेंडर दिया जाएगा. इसके लिए सरकार ने भारत गैस एजेंसी का बुकिंग मोबाइल नंबर 7715012345 व 7718012345, एचपी गैस के लिए बुकिंग नंबर 9493602222 व इंडियन गैस का बुकिंग नंबर 8454955555 पर कॉल करने पर बुकिंग नंबर ओटीपी के रूप में मिलेगा, जिसे गैस एजेंसी वितरक को बताने के बाद ही गैस सिलेंडर का वितरण हो पायेगा. साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी सीधा खाता में उपलब्ध होगा.

मालूम हो कि चौपारण प्रखंड के 26 पंचायत के 269 गांवों में एरिया के हिसाब से तिरुपति भारत गैस ग्रामीण वितरक बरही, देवीशिका एचपी गैस एजेंसी चौपारण, सत्यनाम भारत गैस ग्रामीण सिंघरावां, विशाल इंडियन ग्रामीण वितरक कान्हाचट्टी चतरा-चौपारण व मां भद्रकाली इंडियन ग्रामीण गैस वितरक दैहर बानाचक से गैस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा. उक्त जानकारी भिन्न-भिन्न गैस एजेंसी के प्रोपराइटर उमेश ठाकुर, इंद्रजीत केशरी, दयानिधि यादव, गोपाल सिंह व श्याम सिंह ने देते हुए कहा कि जिन उपभोक्ता का मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड नहीं है.

### दिनदहाड़े वृद्ध महिला से सोने की चेन और मंगलसूत्र की छिनतई

**हजारीबाग।** कोर्रा थाना क्षेत्र के मटवारी गांधी मैदान गली में दिनदहाड़े एक वृद्ध महिला के गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र की छिनतई की गई. पीड़ित महिला की पहचान चौपारण के निवासी सविता सिन्हा (पति विजय कुमार सिन्हा) के रूप में हुई है. सविता वर्तमान में गांधी मैदान गली में किराए के मकान पर रह रही हैं. घटना के अनुसार, साबिता सिन्हा शनिवार की सुबह गांधी मैदान गली से निकाल कर मेन रोड़ पर आ रही थी. तभी पीछे से आए दो अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र खींच लिया. घटना के समय महिला रोती-बिलखती रहीं. भागते समय, सविता को मंगलसूत्र जमीन पर गिरा मिला, जो संभवतः छीनने के दौरान गिर गया था. महिला ने इस घटना की जानकारी थाना में लिखित आवेदन देकर दी है.

व्यय प्रेक्षक ने व्यय कोषांग के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## व्यय निगरानी सेल संग तालमेल बिठाने का निर्देश

**संवाददाता। हजारीबाग**

झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक (व्यय) हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संबंधी व्यय कोषांग के क्रियाकलापों का जायजा लेने पहुंचे. व्यय प्रेक्षक घोडके रोहित रमेश (आईआरएस), योगेश कुमार (आईआरएस) व ए.मणिमरन (आईआरएस) ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की. समाहरणालय सभागार में व्यय कोषांग के नोडल अधिकारियों को चुनाव के दौरान व्यय निगरानी सेल के साथ समन्वय और तालमेल बनाकर काम करने और केंद्रीय टीम के साथ सभी बरामदगी के बारे में तुरंत जानकारी देने का निर्देश दिया. व्यय प्रेक्षक ने बैंक प्रतिनिधियों को 10 लाख से अधिक के किसी भी संदिग्ध लेन देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा, साथ ही अभ्यर्थियों के भी बैंक खातों से 10 लाख रुपये से अधिक के वित्तीय लेन-देन पर अपनी पैनी नजर रखने को कहा और इसकी सूचना भी साझा करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि चुनाव अवधि के दौरान अवैध शराब की आवाजाही की निगरानी बहुत महत्वपूर्ण है. इसलिए सभी प्रमुख चौकियों पर अतिरिक्त चौकसी बरतने की आवश्यकता है. व्यय प्रेक्षक द्वारा आदर्श आचार संहिता विधि व्यवस्था कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता संबंधी शिकायतों पर उड़न दस्ता दल की दैनिक व्यय क्रिया-कलाप संबंधी प्रतिवेदन संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध कराएंगे. सभी पुलिस के नोडल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दैनिक नगदी /अन्य मदों संबंधित शिकायतों पर उड़न दस्तों (द्वारा दैनिक क्रियाकलाप का रिपोर्ट प्राप्त कर एवं स्थैतिक निगरानी टीम द्वारा जब्त अन्य मदों से संबंधित शिकायतों पर दैनिक गतिविधि रिपोर्ट प्राप्त कर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक को उपलब्ध करायेंगे.



### हजारीबाग के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**हजारीबाग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हजारीबाग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं. 20 बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के लिए घोडके रोहित रमेश (आईआरएस) को जिम्मेदारी दी गई है, जिनका मोबाइल नंबर 9504981181 है. 21 बरही विधानसभा क्षेत्र के लिए योगेश कुमार (आईआरएस) को नियुक्त किया गया है, उनका मोबाइल नंबर 8092559737 है. वहीं, 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के लिए ए. मणिमरन को नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 8987833278 है.

**चर्चा में** कोई अपनी बिरादरी वालों के साथ कर रहा है बैठक तो कोई असंभव को भी संभव करने का भर रहा दंभ

# कोविड काल में नेताजी हो गए थे क्वारंटीन, चुनाव में लगा रहे दौड़

**प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग**

किसी कवि ने लिखा है बज उठी समय की रणभेरी, अब रण कौशल की बारी है. इस महासमर में उठती, प्रश्नों की पावन चिंगारी है, चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने के लिए लड़ते तो राजनीतिक दलों के नेता हैं, पर जीत या हार जनता ही तय करती है. चाहे कोई कितना भी दंभ भर ले. पर चुनाव के जनता के सामने नतमस्तक होना ही पड़ता है. बहरहाल, जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर खूब चर्चा चल रही है. विधानसभा की चुनाव अब लगभग 24 दिन बाद होना है, हालांकि, ग्रामीण इलाकों में क्षेत्रीय नेता जनता के बीच अपनी पैठ बनाने के लिए लगातार जनसंपर्क लोकसभा चुनाव के समय से ही शुरू कर चुके हैं. कोई अपनी जाति-बिरादरी वालों के साथ बैठक कर रहा है, तो कोई असंभव को भी संभव करने का दंभ भर रहा है. कुल मिलाकर नेताजी द्वारा तरह-तरह के लोकलुभावन वादे करने का सिलसिला शुरू है. इनमें हजारीबाग सदर विधानसभा, बरकट्ठा विधानसभा, बड़कागांव विधानसभा और मांडू विधानसभा शामिल हैं.

कोई नेता जी को विधायक बना रहा है, कोई मंत्री बनाने की बात कर रहा है. यहां तक कि कोई जाति वाले का पूरा वोट दिलवाने की बात कर रहा है, तो कोई पंचायत के वोट का ठीका ले रहा है. इससे खुश होकर नेताजी भी ऐसे लोगों पर पूरा ध्यान दे रहे हैं. नेताजी पूरी खर्च कर रहे हैं वह कभी चिकन बिरयानी तो कभी शराब की बोतल पहुंचा रहे हैं.



### कुछ जनप्रतिनिधियों ने किया सराहनीय कार्य

सदर प्रखंड के संतोष कुमार, मेघाली देवी, अरुण कुमार सिंह, विजय कुमार, सुरेंद्र राणा, रोहित, एमडी रसूल, सरिता देवी आदि ने यह भी कहा कि सदर विधानसभा में कुछ समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने सचमुच काम किया है. दो, चार नेता कोरोना काल में भी क्षेत्र की जनता के लिए काम करते थे. वहीं, कुछ नेताजी पब्लिसिटी बटोरने के लिए ग्रामीण इलाकों में अनाज या जरूरत की चीजों का वितरण करने जाते थे, तो हम गरीबों का खूब वीडियो बनाते थे और सोशल मीडिया पर खूब प्रचारित करते थे. उस वक्त ऐसे नेताओं को कोई जनता दूर से भी प्रणाम करती थी, तो नेताजी पीछे भाग जाते थे. अब चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है, तो नेताजी कीचड़ में काम कर रहे मजदूर और बिरहोर परिवार के साथ बैठकर खाना भी खा रहे हैं और उन्हें गले भी लगा रहे हैं.

### कोविड के समय गुम हो गए सभी

बरकट्ठा के महादेव यादव, इचाक प्रखंड के संतोष मेहता सहित सैकड़ों ग्रामीणों का कहना है कि विधानसभा चुनाव में 23 दिन बाकी है. लेकिन लोकप्रियता दिखाने के लिए नेताजी चुनाव की घोषणा से पहले ही गांव घर में घूमते हुए नजर आ रहे हैं. दो साल पहले कोविड काल में नेताजी खुद को क्वारंटीन हो गए थे और अपने फोन को भी क्वारंटीन कर दिए थे. कभी फोन उठा भी लेते थे, तो दिल्ली-मुंबई में होने की बात करते थे. अपने और परिवार के लिए अस्पताल व वैक्सीन का पूरा इंतजाम कर रखे थे और अधिकारियों से वैक्सीन लेकर परिवार वाले के पास पहुंचा रहे थे. लेकिन जब आम जनता एक पेरासिटामोल के लिए मोहताज रहती थी, अस्पताल में जगह नहीं थी, उस वक्त नेताजी खुद अनाज स्टॉक करने में लगे रहते थे नेताजी.

## निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सफल संचालन पर मंथन

**संवाददाता। रामगढ़**

आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के मद्देनजर शनिवार को व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागांव सुमेंदु कुमार दास की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार व पुलिस अधीक्षकअजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभा कक्ष में चुनाव व्यय निगरानी समिति के साथ समीक्षा बैठक हुई. बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष और सफल संचालन के लिए बनाए गए चुनाव व्यय निगरानी समिति द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी. बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागांव सुमेंदु कुमार दास ने उपस्थित समिति के सभी सदस्यों को पारदर्शिता के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए टीमवर्क के रूप में कार्य करने का निर्देश दिया. इस दौरान उन्होंने सीजर प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी. साथ ही जांच के दौरान आ रही समस्याओं की जानकारी लेते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया. वहीं बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने व्यय निगरानी समिति के सदस्यों से कहा कि जांच के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई गाइडलाइन का पालन करें. साथ ही संबंधित पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** धन भाव में चंद्रमा और गुरु का योग है. कारोबारी बड़ा लाभ होने के योग हैं. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. कोई धनहानि हो सकती है, सावधानी रखें. रोजगार प्राप्ति के प्रयास भरपूर करें. सफलता प्राप्त होगी. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**वृष** समय बहुत ही शुभ है. पैतृक संपत्ति में कोई विभाजन हो सकता है. लगन व उत्साह से कार्य कर पाएगा. रचनात्मक कार्यों में रुचि रहेगी. धन प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. इत्र का प्रयोग और दान करें.

**मिथुन** मंगल कुछ विवाद का कारण बन सकता है. स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही न करें. कोई बुरी खबर मिल सकती है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. दुष्टजनों से सावधान रहें. हानि पहुंचा सकते हैं. भावना में बहकर कोई निर्णय न लें.

**कर्क** नीच का मंगल लग्न है. यात्रा में भय हो सकता है. मान-सम्मान मिलेगा. खोई हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे. निवेश शुभ रहेगा. हनुमान चालीसा का पाठ करें.

**सिंह** अचानक धन का आगमन होगा. पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. शुभ समाचार प्राप्त होंगे. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. नौकरी में मातहतों का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा. किसी कार्य के प्रति चिंता रहेगी.

**कन्या** ससुराल में कोई हानि का योग है, पर भाग्य का साथ मिलेगा. रोजगार में वृद्धि होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. विवाद में विजय प्राप्त होगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यापार अच्छा चलेगा.

**तुला** किसी से कोई विवाद हो सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी होने की आशंका है. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है. इंद्र गायत्री का जाप करें.

**वृश्चिक** व्यापार में लाभ होगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. संतान पक्ष से अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता का वातावरण बन सकता है. डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. हनुमानजी का ध्यान पूजन करें.

**धनु** मानसिक तनाव हो सकता है. सावधानी आवश्यक है. आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. रुके कार्य पूर्ण होंगे. मित्रों तथा रिश्तेदारों में सुधार होगा. रुके कार्य पूर्ण होंगे. मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग कर पाएंगे.

**मकर** शिक्षा में कोई नया बदलाव हो सकता है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. धर्म-कर्म में रुचि रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में लंबित कार्य अनुकूल होंगे. व्यस्तता रहेगी. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**कुंभ** समय सामान्य है.किसी से विवाद से मानहानि हो सकती है. लापरवाही न करें, विशेषकर गृहिणियां सावधान रहें. वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. आय में निश्चितता रहेगी और कार्य में वृद्धि होगी.

**मीन** सोच समझ से राजयोग बनेगा. पर कुछ राजभय रहेगा. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. कोर्ट-कचहरी के कार्य गति पकड़ेंगे. धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी. व्यापार अच्छा चलेगा. शनि को खुश करें.

## सीनियर पुरुष हॉकी टीम के लिए ट्रायल रांची में संपन्न



**रांची।** 4 से 15 नवंबर 2024 तक तमिलनाडु में आयोजित 14 वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2024, में झारखंड हॉकी टीम के भागीदारी को लेकर चयन ट्रायल किया गया. झारखंड के हॉकी खिलाड़ियों का चयन ट्रायल मरांग गोमके जयपाल सिंह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित किया गया. इस चयन ट्रायल में झारखंड के विभिन्न जिला से 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस चयन ट्रायल में 25 खिलाड़ी चयनित किए गए है, जिनका विशेष प्रशिक्षण के उपरांत बेहतर 18 खिलाड़ियों को झारखंड टीम में शामिल किया जाएगा.

## रेंज अफसर और सहायक वन संरक्षक की नियुक्ति में दें आरक्षण

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में रेंज अफसर और सहायक वन संरक्षक के पदों पर होने वाली नियुक्ति में वानिकी(फॉरेस्ट्री) में स्नातक करने वालों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रोशन की पीठ ने कहा है कि राज्य सरकार ने इसको लेकर नीतिगत निर्णय भी लिया है. ऐसे में आगामी नियुक्तियों में वानिकी में स्नातक करने वाले अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ दिया जाना चाहिए. इस संबंध में आलोक आनंद सहित 20 अन्य प्रार्थियों की ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई है. सभी प्रार्थी बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी हैं.

### दो दिवसीय कला महोत्सव में युवा मतदाताओं में मतदान के प्रति फैली जागरूकता, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार सिंह, बोले-

# चुनाव में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए अहम

**संवाददाता। रांची**

जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय आर्ट 81 फेस्टिवल का शनिवार को समापन हुआ. मौके पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार सिंह ने कलाकारों व युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए अहम है. युवा मतदाता के जागरूक व नैतिक मतदान के प्रति सजग होने से निर्वाचन की प्रक्रिया में सुगमता आएगी. कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा लाइव पेंटिंग के माध्यम से झारखंड की 81 विधानसभा सीट के बारे में दर्शाते हुए पेंटिंग की गई. इसके साथ ही कार्यक्रम में आए विभिन्न महाविद्यालयों के बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा का आयोजन भी किया गया. प्रतिस्पर्धा में विजयी प्रतिभागियों को पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित भी किया गया. आर्ट 81 में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. इसमें बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मारवाड़ी कॉलेज को ओवरऑल चैंपियन का खिताब मिला. इस अवसर पर डीडीसी रांची दिनेश यादव, सहायक समाहर्ता रांची आदित्य पांडेय, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता सहित रांची जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे.

**प्रतियोगिता के परिणाम**

नुक्कड़ नाटक ग्रुप में जेवियर कॉलेज प्रथम, मारवाड़ी कॉलेज द्वितीय व वीमेंस कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा. ग्रुप डांस में मारवाड़ी कॉलेज (टीम ए) प्रथम, जेवियर कॉलेज द्वितीय, विमेंस कॉलेज (टीम ए) तृतीय. ग्रुप सॉन्ग में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी प्रथम, डोरंडा कॉलेज द्वितीय. डिबेट में सलोनी कुमारी व प्रणव राम प्रथम, हरमन नदीम व ईशा गुप्ता द्वितीय. कविता में नूर अफ्शा प्रथम, अविनाश कुमार द्वितीय श्रुति कुमारी तृतीय.



### सीएमपीडीआई में एक दिवसीय सेमिनार संपन्न

# खनिज गवेषण व जल संसाधन प्रबंधन पर वक्ताओं ने रखे विचार

**संवाददाता। रांची**

सीएमपीडीआई और सोसाइटी ऑफ जियो-साइंटिस्ट्स झारखंड (एसजीएसजे) के संयुक्त तत्वावधान में खनिज गवेषण और जल संसाधन प्रबंधनः अभिनव प्रवृतियां विषय पर एक-दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन संस्थान के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने किया. इस सेमिनार का उद्देश्य खासकर झारखंड राज्य में रणनीतिक और महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों और जल संसाधन प्रबंधन से सतही और भूजल दोनों से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करना है. इस सेमिनार में तकनीकी सत्रों की एक श्रृंखला के तहत जिसमें संगठन के आंतरिक और बाह्य तथा क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों द्वारा की-नोट और मौखिक प्रस्तुतियां पेश की गयी, जिसका उद्देश्य झारखंड में खनिज गवेषण और सतही और भूजल दोनों स्तर पर जल संसाधन प्रबंधन में स्थायी प्रथाओं पर चर्चा को बढ़ावा देना है. इस सेमिनार में 6 की-नोट सहित कुल 22 तकनीकी पेपर प्रस्तुत किए गए और जीएसआई, एनटीपीसी, अदानी, सेल, एमईसीएल, रांची विश्व विद्यालय, सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी और झारखंड, आईआईटी-आईएसएम, धनबाद आदि के लगभग 300 प्रतिनिधियों ने भाग लिया.



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथिगण

इस सेमिनार की मुख्य अतिथि कोयला मंत्रालय के अपर सचिव रूपिंदर बराड़ ने वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई का प्रयास बहुत ही सराहनीय है और सेमिनार का विषय बहुत ही समसामयिक और प्रासंगिक है. इस सेमिनार के संरक्षक और सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कहा कि इस राष्ट्रीय सेमिनार की मेजबानी करना संस्थान के लिए गर्व की बात है. विस्तारित भूगर्भ संसाधन क्षेत्र और सम्बद्ध व्यावसायिक गतिविधियों में एक मार्केट लीडर बनने के अपने दृष्टिकोण को प्राप्त करने हेतु सीएमपीडीआई के प्रयासों को दर्शाता है. आज का सेमिनार झारखंड की खनिज संपदा के साथ देश में स्थित खनिज सम्पदा की खोज के लिए उन्नत तकनीक अपनाने और हालिया रुझानों और तकनीकों के माध्यम से भूजल प्रबंधन पर नवीन दृष्टिकोण पर चर्चा करने का एक बड़ा अवसर होगा.

मौके पर झारखंड पुलिस के एजीडी (ऑपरेशन) संजय ए. लाठकर, सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, जीएसआई-कोलकाता के उप महानिदेशक सुदीप भट्टाचार्य, एमटीसीएस के शांतो मुखर्जी, सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3 के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती एवं क्षेत्रीय संस्थान-1 के क्षेत्रीय निदेशक इरशाद अहमद, महाप्रबंधक (गवेषण) आरके सिंह विभागाध्यक्षगण, वरीय अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे.

# गृह विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ स्वीकृत की

**संवाददाता। रांची**

गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आपदा पीड़ितों के लिए 19.19 करोड़ की राशि स्वीकृत की है. स्वीकृत राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के सभी 24 जिलों के लिए है. जारी आदेश में कहा गया है कि आपदा से प्रभावित लोगों के लिए यह अनुदान राशि स्वीकृत की जायेगी. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार के निर्णय के बाद डीसी द्वारा राशि का भुगतान किया जायेगा.

**24 जिलों के लिए 19.19 करोड़ की राशि आवंटित**

- रांची : 1.50 करोड़
- खूंटी : 68 लाख
- लोहरदगा : 01 करोड़
- गुमला : 02 करोड़
- सिमडेगा : 50 लाख
- लातेहार : 50 लाख
- पलामू : 1.40 करोड़
- गढ़वा : 1.05 करोड़
- चाईबासा : 45 लाख
- सरायकेला : 50 लाख
- जमशेदपुर : 70 लाख
- दुमका : 50 लाख
- जामताड़ा : 27.82 लाख
- साहिबगंज : 66 लाख
- पाकुड : 30 लाख
- गोड्डा : 80 लाख
- देवघर : 58 लाख
- हजारीबाग : 01 करोड़
- रामगढ़ : 01 करोड़
- चतरा : 50 लाख
- कोडरमा : 60 लाख
- गिरिडीह : 1.50 लाख
- धनबाद : 60 लाख
- बोकारो : 60 लाख
- कुल : 19.19 करोड़

## चतरा में नहीं बिका एक भी नामांकन पत्र

**चतरा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जारी अधिसूचना के दूसरे दिन शनिवार तक चतरा विधानसभा से एक भी नाम नामांकन प्रपत्र की बिक्री नहीं हुई. चुनाव में किसी दल के प्रत्याशी ने नाम प्रपत्र खरीदने में रुचि नहीं दिखाई है. वहीं, जिले के सिमरिया विधानसभा से आधिकारिक अधिसूचना जारी होने के दिन शुक्रवार को एकमात्र नाम निर्देशन प्रपत्र की खरीदारी जेएमएम प्रत्याशी मनोज चंद्रा की पत्नी प्रेमलता चंद्र द्वारा तीन सेट में खरीदी गई. चतरा में पहले चरण के 13 नवंबर को मतदान कराया जाएगा. इसके लिए 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किया जाएगा. 28 अक्टूबर को नामांकन प्रपत्रों की स्क्रूटनी कराई जाएगी.

### आईएचएम की कहीं गुम ना हो जाए राष्ट्रीय कुकरी प्रतियोगिता

# आईएचएम की कहीं गुम ना हो जाए राष्ट्रीय कुकरी प्रतियोगिता 21 को

**संवाददाता। रांची**

होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) रांची द्वारा कहीं गुम ना हो जाये सीजन 7 - हमारी विरासत, हमारा व्यंजन विषय पर राष्ट्रीय पाक प्रतियोगिता का आयोजन एनजीओ लेट्स गिव बैक के साथ 21 अक्टूबर को संस्थान परिसर में किया जाएगा. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की पारंपरिक स्वस्थ और अनूठी खोए हुए व्यंजनों, जो हमारी समृद्ध संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती हैं, को प्रस्तुत करना और बढ़ावा देना है. ताकि हमारी समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को पुनर्जीवित किया जा सके. प्रतियोगिता की सहयोगी एनजीओ 'लेट्स गिव बैक' ट्रस्ट की स्थापना बबिता सक्सेना द्वारा की गयी है, जो बैक टू रूट्स के तहत लेट्स गिव बैक स्थिरता, स्वस्थ जीवनशैली और भारतीय कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रयास कर रहा है.

कुकरी प्रतियोगिता में झारखंड के प्रतिभागी भाग लेंगे. निर्णायक मंडली में शेफ निशांत चौबे, होटल प्रबंधन संस्थान के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार, आईएचएम रांची के शेफ रामचंद्र उरांवव डॉ. मनीषा उरांव होंगे. मुख्य अतिथि पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख होंगे. चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का मौका दिया जाएगा, जिसमें प्रमुख निर्णायक मंडली में पद्म पुष्पेश पंत, शेफ मनजीत गिल, शेफ वेनित मिनोचा, कमल कुमार अग्रवाल (अध्यक्ष झारखंड कैटरर्स एशोसिएशनः, डॉ.सचिदानंद जोशी, संदीप मारवाह (निदेशक एफएटी), शिक्षाविद् रितु भगत और डॉ. ज्ञान भूषण )सीईओ भारतीय कुकरी संस्थानः, शेफ वैभव भार्गव, शेफ गौतम चौधरी, शेफ विमल धर, शेफ डॉ. संगीता धर, शेफ बाली, शेफ डॉ. सौरभ, शेफ विनोद सैनी, शेफ राजीव गोयल, शेफ इज्जत हुसैन और शेफ आशीष भसीन एवं अन्य होंगे . राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार के रूप में क्रमशः 51,000/- रु , 31,000/- रुपये और 21,000/- रुपये प्रदान किये जायेंगे. इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का इच्छुक प्रतिभागी 20 अक्टूबर से पहले पंजीकरण करा सकता है.

**खास बातें**

- कुकरी प्रतियोगिता में झारखंड के प्रतिभागी भाग लेंगे.
- प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51000 रुपये मिलेंगे

## किसी को लंबे समय तक कम वेतन पर नहीं रखा जा सकता : हाईकोर्ट

**विनीत आभा उपाध्याय। रांची**

संविदा कर्मियों की सेवा विस्तार किये जाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने ने मौखिक रूप से कहा कि किसी भी व्यक्ति को कम वेतन पर लंबे समय तक नहीं रखा जा सकता है. सरकार संविदा कर्मियों को शोषित नहीं कर सकती है. अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि राज्य में पंचायत स्तर पर विभिन्न संविदा कर्मियों से काम ले रही है. यदि सरकार लगातार ऐसे लोगों से काम ले रही है और भविष्य में भी ऐसे पद बने रहेंगे तो इस पदों पर नियमित नियुक्ति की जानी चाहिए. अदालत ने इस मामले में सरकार को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है.

**एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल की थी अपील :** दरअसल आइता उरांव और अन्य 158 द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की एकल पीठ ने यह आदेश दिया था कि संविदा कर्मियों को सेवा विस्तार का लाभ नहीं मिल सकता. एकल पीठ के इस आदेश के खिलाफ अपील दाखिल की गयी थी. जिसपर चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ सुनवाई कर रहा है. प्रार्थियों की ओर से अजीत कुमार और अपराजिता भारद्वाज ने बहस की.

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए तैयार है कैलेंडर

**संवाददाता। रांची**

शनिवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट सेल के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक की. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए फॉर्म 12 एवं 12डी मतदाताओं द्वारा भरा जाना है. इसकी सूची तैयार करते समय इस बात पर अवश्य ध्यान दें कि आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों, अबसेंटी वोटर, फिजिकली डिसेबल्ड एवं सीनियर सिटीजन द्वारा फॉर्म 12डी भरा जाना है. वहीं जिन मतदाताओं का निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है, वैसे मतदाताओं को फॉर्म 12 भरना है. उन्होंने कहा कि 20 अक्टूबर को मुख्यालय स्तर पर सभी जिले के पोस्टल बैलेट सेल की पहली बैठक बुलाई गई है. इस बैठक में अपने जिले में प्राप्त वैसे सभी फॉर्म, जो अन्य जिलों से संबंधित हैं, उसे बैठक में संबंधित जिलों को उपलब्ध करा दें. उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान कराने हेतु सभी कार्यों के लिए कैलेंडर तैयार है. उसके अनुपालन के साथ पोस्टल बैलेट से मतदान का कार्य कराना सुनिश्चित करें. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अर्हता रखने वाले एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहें, इसे लेकर ससमय आवंटित कार्यों का निष्पादन करें. उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवा से संबंधित कुल 16 सेवाएं चिह्नित हैं. उसमें रेलवे परिवहन (यात्री और माल) सेवा, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें मतदान दिवस की गतिविधियों को कवर करने के लिए आयोग की मंजूरी से प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं, बिजली विभाग, बीएसएनएल, डाक और टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवाणी, राज्य दुग्ध संघ और दुग्ध सहकारी समितियां, स्वास्थ्य विभाग, विमानन, अग्निशमन सेवाएं, यातायात पुलिस, एम्बुलेंस सेवा, जेल, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और पत्र सूचना कार्यालय के लोग शामिल हैं.



इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव घनश्याम प्रसाद मौजूद थे. वहीं ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सहित उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोस्टल बैलेट प्रकोष्ठ के नोडल पदाधिकारी जुड़े थे.

**समापन** रांची को चार और गुमला को तीन स्वर्ण पदक मिले

# धनबाद ओवरऑल चैंपियन, प्रतियोगिता में जीते छह गोल्ड मेडल

**संवाददाता। रांची**

एसजीएफआई राज्यस्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 का शनिवार को समापन हुआ. इस प्रतियोगिता में राज्य के 2500 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए. प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए धनबाद की टीम ओवरआल चैंपियन बनी. धनबाद को इस प्रतियोगिता में कुल छह स्वर्ण पदक मिले, रांची को चार और गुमला को तीन स्वर्ण पदक मिले. अंडर 14 बालक वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में दो स्वर्ण और दो कांस्य पदको के साथ पलामू की टीम विजेता रही. अंडर 17 बालक वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक के साथ धनबाद की टीम विजेता रही. अंडर 19 बालक वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में धनबाद की टीम दो स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक के साथ विजेता बनी. अंडर 14 बालिका वर्ग मुकाबले में धनबाद और बोकारो की टीम समानांतर विजेता बनी. दोनों ही टीमों ने एक - एक स्वर्ण और रजत पदक प्राप्त किये. अंडर 17 बालिका वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में गुमला की टीम दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक के साथ विजेता बनी. अंडर 19 बालिका वर्ग मुकाबले में हजारीबाग की टीम ने दो स्वर्ण और दो कांस्य पदकों के साथ जीत हासिल की.

**राज्यस्तरीय खेलो झारखंड एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन**



**इन खिलाड़ियों को मिला बेस्ट एथलीट का पुरस्कार**

अंडर 14 बालिका वर्ग मुकाबले में धनबाद की डॉली कुमारी को स्वर्ण पदक मिला. अंडर 14 बालक वर्ग मुकाबले में साहिबगंज के एमानुएल किस्कू को स्वर्ण पदक मिला. अंडर 17 बालिका वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में गुमला की अनामिका उरांव ने जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया. अंडर 17 बालक वर्ग एथलेटिक्स मुकाबले में धनबाद के राहुल कुमार महतो को स्वर्ण पदक मिला. अंडर 19 बालिका वर्ग मुकाबले में गुमला की शालिनी लकड़ा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया. अंडर 19 बालक वर्ग मुकाबले में धनबाद के राजू रजवाड को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ.

### लचरागढ़ में परंपरागत इंद मेला पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# हमारी संस्कृति गांव में बसती है : एक्का

**संवाददाता। सिमडेगा**

कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में पारंपरिक इंद मेला के मौके पर शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में युवा नेता संदेश एक्का शामिल हुए. साथ में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुखिया जिरेन मड़की, फुल केरिया डांग,विधादर पंडा शामिल हुए, जहां पर कार्यक्रम का अतिथियों और कमेटी के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से विधिवत फिता काटकर उद्घाटन किया गया. इस मौके पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति, हमारी परंपरा गांव में बसती है. उन्होंने सभी लोगों को सामाजिक स्तर पर संगठित रहकर समाज में फैली बुराई व कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया. वहीं, इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया जिरेन मड़की और फुलकेरिया डांग भी शामिल हुए. मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी कोई मिलजुल कर प्रेम भाव से मेला का आनंद लें, आपसी सौहार्द और प्रेम की भावना बनाए रखें. वहीं आए हुए अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष, संरक्षक और समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया. मौके पर झारखंड के मशहूर कलाकार जगदीश बड़ाईक, रूपेश बड़ाइक, सुलोचना देवी, चांदनी कुमारी, गायक गोपाल बरला, दुर्गा बड़ाइक, जीवन लकड़ा, लालजीत कच्छप, शंभू बड़ाइक, राजा प्रधान ने कार्यक्रम पेश किये.



"किसी विदेशी भाषा को सीखना अहितकर हो, ऐसी बात नहीं है. दुनिया के सभी देशों में कम-से-कम एक विदेशी भाषा सीख लेना शिक्षाक्रम में आवश्यक माना जाता है और यह उचित भी है. इसलिए अंग्रेजी भाषा के प्रति द्वेष रखने का, खासकर भारत के आजाद होने के बाद, कोई कारण नहीं है. लेकिन अंग्रेजी भाषा सीख लेना एक बात है और उसे समूची शिक्षा का माध्यम बना देना दूसरी बात है. -देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद"

# जिन रिश्तों को अपना समझा मिला वहां अंधियारा



**कविता कलम**
**डॉ. विनय कुमार पाण्डेय**

**चुनाव** का बिगुल बज गया. बरसात का मौसम जाते ही आ गया चुनाव का मौसम. अब होगी कसमों और वादों की बरसात. नेता गण बिछायेंगे अपनी-अपनी बिसात. पहले मेढ़क टर्राते थे, अब नेता टर्रायेंगे. अपने समधुर भाषणों से जनता-जनार्दन को लुभायेंगे. सुन-सुन कर नारे झूम उठेंगे सारे. हमारा नेता कैसा हो मंडूक बाबू जैसा हो. नेता कैसा हो, इस विषय पर विद्वान, चिंतक और साहित्यकार भी अपना मगज खपाते रहे हैं. हास्य रस के जाने-माने कवि चोंच ने कहा है-नेता ऐसा चाहिए, जैसा रूप सुभाय, चंदा सारा गहि रहै देय रसीद उड़ाय. काफी मेहनत करने के बाद चिंतक विद्वान राजनीति को गहराई से नहीं पढ़ पाये और नेताओं का कोई सर्वमान्य परिभाषा नहीं गढ़ पाये. यही कारण है राजनीति अराजकताओं का अखाड़ा बन कर रह गयी. जो कभी सेवा का माध्यम होती थी, अब मौज-मस्ती के साथ जीने-खाने का साधन बन गयी है, व्यवसाय बन गयी है. राजनीति में सबके लिए द्वार खुले हैं. नौकरी के योग्य नहीं हैं, खेती का काम भाता नहीं, व्यवसाय करना आता नहीं, अपराध-सेवा कार्य में पुलिस और कानून का भय सताता है, मन हर समय खौफ खाता है तो राजनीति कहती है-आ जा प्यारे पास हमारे काहे घबराय, कहे घबराय. उम्र के एक पड़ाव पर पहुंच कर तो घोर अपराधकर्मी भी समाज सेवा के भंवर जाल में खो जाता है. वह अगर राजनीति का धर्म भी अपना ले तो सोने पर सुहागा हो जाता है. बात चाहे जो भी हो सच तो यह है कि राजनीति लोकतंत्र का आधार है, इसी के बल पर बनती कल्याणकारी सरकार है. इसीलिए आज जाने-अनजाने सबको राजनीति की दरकार है. चुनाव के मौसम पर पलामू निवासी कवि **अमित गुप्ता** की यह रचना प्रस्तुत है, जिसका शीर्षक है-नेता बने बरसाती मेढ़क.



चुनावी दौर के आते ही,
नेता बने बरसाती मेढक,
नए वादों का झूला झुलाते,
जनता को सपनों से बहलाते.
कल तक थे जो मौन पड़े,
आज जुबां उनकी टर टर बोले,
सड़कें होंगी सोने की,
और हर घर में खुशहाली खोले.
वादों का अम्बार लगाए,
जनता के दिलों को खूब भरमाए,
कभी गरीबी का राग आलापें,
कभी विकास की लहर दिखाए.
बरसात में मेढक टर टराए,
सूखे में फिर गुम हो जाए,
ऐसे ही ये बरसाती नेता,
चुनाव के बाद न दिखने पाए.
झूठे वादों की सच्चाई,
अब जनता भी पहचान गई,
आएगी बरसाती नेताओं की फौज,
पर न चलने देंगे उनकी मौज.
आओ हम एकजुट हो उनको जिताएं,
जो वादे करके उन्हें पूरा निभाए,
सावधान, बरसाती मेढक की टर- टर
लालच देकर फिर मोह न पाए .

अमित जी पेशे से शिक्षक हैं और देश के राजनेताओं के चाल-चरित्र को देखकर मर्माहत हैं, ऐसा उनकी इस रचना से प्रतीत हो रहा है. आज हालत ऐसी हो गयी है कि राजनेता हास्य रस के आलंबन बन कर रह गये हैं. तो राजनेताओं को भी सोचना चाहिए और स्वयं में सुधार की चेष्टा करनी चाहिए. उन्हें इस पर ध्यान रखना चाहिए कि मजबूत राष्ट्र और स्वस्थ समाज के लिए वे आधार स्तंभ हैं. नेता का मतलब समाज का अगुआ होता है. समाज को विकास की दिशा में अग्रसर करना उनका मुख्य कर्तव्य है. याद रखना चाहिए कि उन्हें देश की दीन-दुःखी जनता का दुःख हरना है, देश और समाज के लिए बहुत कुछ करना है. उनके कानों तक वयोवृद्ध कवि **शम्भुनाथ मिस्त्री** का यह गीत भी पहुंचना चाहिए, ताकि वे दुःखियों के मर्म तक पहुंच सकें-



उलझन में जिन्दगी उमर भर रत रही.
जिन रिश्तों को अपना समझा मिला वहां अंधियारा,
भटका जिसके लिए वही ले भागा पथ-उजियारा.
सिर के ऊपर नहीं कहीं भी छत रही.
कोई समझा नहीं कहीं से दर्द अकेलेपन का,
सभी रहे उड़ते ले अपने सपने निजी गगन का.
नहीं एक भी पीर खुशी के नत रही.
मैं खुद को भी कहां रख सका अपनों की चाहत में,
छला नींद ने बीत न पायी रात एक राहत में.
यादें जैसे मौन बांचती खत रही.

दुमका के कुम्हारपाड़ा निवासी कवि शंभुनाथ मिस्त्री छंदबद्ध कविताओं के साथ गीत गजल आदि की रचना में भी पारंगत हैं. इनकी गजलें भी दिल को छूती हैं. अगर मेरी बात पर विश्वास नहीं हो रहा हो तो खुद देख लें इनकी यह गजल-

दर्द को समझो जरा विस्तार से, जिन्दगी भाने लगेगी प्यार से.
कौन सा परिणाम देगा सोच लो इस तरह की चल रही तकरार से.
भीड़ ऐसे भी जुटा लेते बहुत कर रहे बकवास जो बेकार से.
अब कफन सिर बांध कर जिन्दा रहो यों रहोगे कब तलक लाचार से.
पूछते हो शम्भु को पूछो मगर पूछना यह हो बिना दरकार से.

कवि शंभुनाथ की लेखनी को सादर नमस्कार करते हुए आगे बढ़ते हैं तो मिल जाती हैं रांची की कवयित्री **लोकृति गुप्ता 'अनोखी'**. ये बहुत उत्साही रचनाकार हैं, जम कर लिखती हैं, छपती हैं और प्रसारित होती रहती हैं. नाम की ही तरह इनकी चाह भी अनोखी है. आप भी सुनकर चौंक जायेंगे. ये चाहती हैं-चुटकी भर मायका.



वो फ्रीज खोल कर कुछ भी खा लेना
रसोई के डिब्बे से कुछ मेवे भी चबा लेना
मां की कुल्हड़ सी गोद में छलकती
अनमनी अल्हड़ सी चाय बन जाना
वो घर-आंगन में चहकना
वो बारिश की सोंधी माटी सा महकना
वो कुछ बातें गुनगुनाना, कुछ गाने बड़बड़ाना
वो जोर-जोर से चिल्लाना वो देर से सोकर उठना
वो पैर-पे-पैर चढ़ा के बैठना वो औपचारिक बेड़ियां तोड़
बचपने की पतंग सा उड़ना हर औरत को कभी-कभी ही
मिलता है यूं आजादी से जीना मां के जाते ही वो
पीहर, नइहर, मायका सब बदल जाता है और वो
कभी-कभी आने वाला पल फिर कभी नहीं आता है
एक औरत वहां अब भी जाती है वो उन पलों को
हर बार जीना चाहती है दिखने में वो दीवारें, छतें,
रसोई सब वैसा ही पाती हैं पर उनसे वो अपनेपन की
सुगंध नहीं आती है और खुद को वो फिर
औपचारिकताओं में कसा पाती है ठीक से बैठना, कम से कम हंसना
सोच के बोलना, संभल के चलना लेना तो जरूर देना
इन सब में फंस कर रह जाती है और 'मां बिन मायका' तो बस
कहने की बात रह जाती है तो बेटी दिवस जब आये, यह प्रण लें
कुछ ऐसी व्यवस्था हम बहाल करें कि मां बिन घर आयी बेटी के लिए
चुटकी भर मायका तैयार करें जहां वो बढ़ती उम्र में भी
अपना बचपना छलका सके कुछ पल चहचहा सके और
खुल के खिलखिला सके.

वाह, बहुत खूब. लोकृति की यह रचना उनके नाम के अनुरूप ही अनोखी है और मार्मिक है. कवयित्री के आह्वान को आदर देते हुए हम अपनी बेटियों के लिए भी ऐसा वातावरण तैयार करें कि माता-पिता के महाप्रस्थान के बाद भी मायका उनके लिए अपना घर ही बना रहे और मायके के सभी लोग उतने ही प्यारे लगें. वही मान-सम्मान मिले. उनके लिए मायका अतीत का चित्र नहीं बनकर सुनहरा वर्तमान बना रहे. आशा है, हमारा समाज इस आह्वान पर पूरी सहृदयता के साथ विचार-विमर्श करेगा और बेटियों के लिए सम्मान जनक स्थान सुरक्षित करेगा. इन्हीं शब्दों के साथ जय हिंद ! जय झारखंड !!



## मुझको सरकार बनाने दो

जो बुड्ढे खूसट नेता हैं, उनको खड्डे में जाने दो
बस एक बार, बस एक बार मुझको सरकार बनाने दो.
मेरे भाषण के डंडे से भागेगा भूत गरीबी का.
मेरे वक्तव्य सुनें तो झगडा मिटे मियां और बीवी का.
मेरे आश्वासन के टानिक का एक डोज़ मिल जाए अगर,
चंदगी राम को करे चित्त पेशेंट पुरानी टीबी का.
मरियल सी जनता को मीठे, वादों का जूस पिलाने दो,
बस एक बार, बस एक बार, मुझको सरकार बनाने दो.
जो कत्ल किसी का कर देगा मैं उसको बरी करा दूंगा,
हर घिसी पिटी हीरोइन की प्लास्टिक सर्जरी करा दूंगा;
लडके लडकी और लैक्चरार सब फिल्मी गाने गाएंगे,
हर कालेज में सब्जैक्ट फिल्मका कंपल्सरी करा दूंगा.
हिस्ट्री और बीज गणित जैसे विषयों पर बैन लगाने दो,
बस एक बार, बस एक बार, मुझको सरकार बनाने दो.
जो बिल्कुल फक्कड हैं, उनको राशन उधार तुलवा दूंगा,
जो लोग पियक्कड हैं, उनके घर में ठेके खुलवा दूंगा;
सरकारी अस्पताल में जिस रोगी को मिल न सका बिस्तर,
घर उसकी नब्ज़ छूटते ही मैं एंबुलैंस भिजवा दूंगा.
मैं जन-सेवक हूं, मुझको भी, थोडा सा पुण्य कमाने दो.

**- अल्हड़ बीकानेरी**



# मोबाइल फ़ोन और आज़ादी



**चौराहा**
**प्रमोद कुमार झा**

**अभी** के समय में यूं तो कई पीढ़ियों के लोग साथ साथ रह रहे हैं पर मोटे तौर पर आप इसे कुछ अलग श्रेणियों में बांट सकते हैं. सुविधा के लिए हम पहली श्रेणी में उन लोगों को रख लेते हैं, जिनका जन्म देश आजाद होने के पहले हुआ. दूसरी श्रेणी में वैसे लोग हुए जिनका जन्म चीन युद्ध ( 1961 ) तक हुआ. तीसरी श्रेणी में वैसे लोग रख लीजिए, जिनका अवतरण विश्वनाथ प्रताप सिंह के देश के प्रधान मंत्री बनने से पूर्व हुआ. चौथी श्रेणी में वैसे लोग हैं जिनका जन्म 1989 से सन 2000 ईस्वी के बीच हुआ, पर सबसे प्रमुख और सबसे अधिक संख्या में ऐसी आबादी है, जो नई सदी अर्थात 1 जनवरी 2021 के बाद पैदा हुई ! इन सभी श्रेणी के लोगों ने संचार के अलग-अलग माध्यम देखे ! पहली श्रेणी के लोगों के समय चोंगा वाला फोन होना विशिष्टता का, वैभव का सूचक था ! बहुत उच्च सरकारी अधिकारियों, मंत्रियों और समाज के कुछेक रसूख वाले लोगों के पास ही फ़ोन हुआ करता था और सारे मुहल्ले और गांव वाले उसी पर आश्रित थे. उस टेलीफोन की गुणवत्ता से प्रभावित होकर हिंदी के यशस्वी लेखक अमृतलाल नागर ने एक रोचक लेख भी लिखा था. बहुत दिनों बाद फ़ोन की रिंग बजी तो कोई रॉन्ग नंबर था ! नागर जी ने कहा कि जो भी हैं चलिये कुछ देर बात कर लें. बहुत दिनों बाद फोन का रिंग बजा है ! खैर वो पिछले शताब्दी का समय था. 21वीं सदी में सब कुछ मोबाइल और इंटरनेट से ही हो रहा है. तनख्वाह, राशन का बिल, स्कूल कॉलेज की फीस, अस्पताल का बिल , होटल की बुकिंग इत्यादि बिना इंटरनेट के सम्भव ही नहीं ! इसके कुछ नुकसान भी हैं....! एक अपरिचित नंबर से फ़ोन आता है, आप उत्सुक होकर जब उठाते हैं तो उधर से आपके नाम लेकर अभिवादन सुनाई देता है. जब आप फ़ोन की वजह जानना चाहते हैं तो आवाज़ आती है कि आपके वार्ड 'अभिषेक अग्रवाल'को इंजिनीयरिंग की कोचिंग में एडमिशन पर छूट करवाने का आफर दिया जा रहा है. आप जब कहते हैं कि आपके यहां कोई भी अभिषेक नाम का कभी नहीं हुआ और किसी को कोचिंग नहीं करनी है तो बहुत नम्र भाषा में निवेदन करता है कि कोई बात नहीं, पर जब भी अभिषेक को कोचिंग करना हो तो आप इस नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं ! मज़े की बात यह है कि उस' अभिषेक ' के कोचिंग के लिए पिछले पंद्रह साल से अलग-अलग नम्बर से लगातार फ़ोन आता रहा है ! ये सारे फोन बिना व्यावसासायिक नंबर से आते हैं. मतलब कोई व्यक्तिगत फोन का उपयोग किया जाता है ! सी बीआई से लेकर ई डी, विदेश मंत्रालय, बैंक, के वाई सी के लिए वाने वाले फ्रॉड नंबरों की तो बात ही छोड़ दीजिए !

आपके घर में कोई बीमार हो और अस्पताल में भर्ती हो और आपके पास रात को दस बजे कोई अनजान नंबर से फ़ोन आता है कि अगर आपको अंत्येष्ठि करवाने की व्यवस्था चाहिए तो जिस धर्म के अनुसार चाहें उपलब्ध कराया जाएगा. पंडित, मौलवी, पादरी, लकड़ी, घी, पूजा-पाठ, दसवीं से लेकर तेरहवी तक पूजा या भोज सारी व्यवस्था करेंगे वे लोग. अगर चलिसवीं करेंगे तो इसकी भी व्यवस्था है ! अब अगर आप क्रोध में आकर अपना फ़ोन पटक देंगे तो नुकसान आपका होगा, क्योंकि अगले फ़ोन खरीदने पर आपको पहला फ़ोन ऐसे ही एक अनजान नंबर से आएगा, जो मुम्बई में समुद्र के किनारे सिर्फ पच्चीस करोड़ में आपको फ्लैट दिलवाने का आकर्षक ऑफर देगा ! नहीं सरकार के पास इन समस्याओं से निपटने का वक्त नहीं है, पर हां, आप सावधान रहिए. अगली खरीदारी करते वक्त अपना मोबाइल नंबर बिल्कुल नहीं दीजिए, क्योंकि आपका नंबर भी बिकता है ! फैसला आपको करना है.

# चित्रकूट की गुप्त गोदावरी की महिमा



**यायावर**
**डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय**

**चित्रकूट** के अनेक दर्शनीय स्थलों में एक है -गुप्त गोदावरी. आज मैं अपने पाठकों के समक्ष गुप्त गोदावरी की कथा और उसकी पावनता के संदर्भ में कुछ निवेदन करना चाहता हूं. गुप्त गोदावरी चित्रकूट के रामघाट से 20 किलो मीटर सतना चित्रकूट राजमार्ग पर अवस्थित है. यहां जाने के लिए बस, टेम्पों एवं टैक्सी की सेवाएं उपलब्ध हैं.यह अति पावन और प्रकृति की गोद में अवस्थित है. यहां की प्राकृतिक शोभा न्यारी और चित्ताकर्षक है. किवदंती है कि गोदावरी गौतम मुनि की पुत्री थी. सीता जी के मायके पक्ष की सहेली थी. गोदावरी अपने पिता के साथ महाराष्ट्र के पंचवटी में रहती थी. गोदावरी को जब पता चला कि प्रभु श्रीराम को चित्रकूट वनवास हुआ है और सभी तीर्थ के देवी देवता प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए चित्रकूट जा रहे हैं तो गोदावरी भी गुप्त रूप से श्रीराम के दर्शनार्थ आ गई.


आज भी यहां पर्वत श्रेणी के गर्भ से अनेक जल स्रोत निर्झरित होते रहते हैं, जो एक कुण्ड में विलीन होकर आगे मंदाकिनी नदी के रूप में प्रवाहित होते हैं. भगवान राम ने अपनी भार्या सीता और अनुज लक्ष्मण के साथ यहां निवास किये थे. भगवान श्रीराम के निवास के लिए देवताओं ने पूर्व में व्यवस्था कर ली थी :-

**प्रथम ही देवन्ह गिरि गुहा, राखे रुचिकर बनाय.**
**आयेंगे करुणानिधि, वास करेंगे आय.**


यहां गोदावरी गुप्त रूप में बहती है और आगे चलकर लुप्त हो जाती है. यहां पर्वत की गुफा के भीतर निरंतर झरने के रूप में गुप्त गोदावरी प्रवाहित है. यहां का प्राकृतिक दृश्य प्रत्येक पर्यटक को लुभाने वाला है.यहां पर्वतीय भाग में दो प्रकार के कुंड है-एक गर्म और दूसरा ठंडा है.यहीं एक जानकी कुंड है, जहां जानकी जी जब स्नान करने जाती थीं तो खटका चोर ( राक्षस ) उनके कपड़े चुरा लेता था, जिसे लक्ष्मण जी ने बाण मार कर गुफा में उलटा लटका दिया था, जो आज भी पाषाण स्वरूप में देखने को मिलता है. इस खटका चोर को प्रायः प्रत्येक पर्यटक पत्थर मारकर धन्यता का अनुभव करते हैं. इस गुफा से निकलने के बाद दूसरी गुफा जो धनुषाकार है, कहा जाता है कि जब श्रीरामजी यहां आये, उन्होंने नासिक से बाण गोदावरी को खींचकर यहां प्रकट किया. इसी से इसका नाम गुप्त गोदावरी पडा. इस चित्रकूट प्रदेश में पुण्यों की वृद्धि करनेवाली गुप्त गोदावरी है. अस्तु गुप्त गोदावरी की पावनता और पुनीतता असीम और अद्वितीय है. गुप्त गोदावरी के दर्शन से हम भी पावन हो गये और विश्व की पावनता और मंगलमयता की कामना की.



# जब जिया जलाए जलेबी



**नश्तर**
**सुधीर राघव**



**जलेबी** कई तरह से बनाई जाती है. कढ़ाई में भी और पढ़ाई में भी. पढ़ने वाली जलेबी वह है, जिसमें पढ़ाई बच्चे की समझ में नहीं आती और लिखाई शिक्षक की. शिक्षक कॉपी बिना पढ़े नंबर दे देता है और बच्चा बिना पढ़े पास हो जाता है. लड़ाई में तो जलेबी बनती ही है, बात गोल गोल घूमती है. न बात खत्म होती है और न लड़ाई. भाई ! जलेबी का अपना समाज है और दशहरे पर जलेबी खाना पुराना रिवाज है. कभी जलेबी मेलों की शान होती थी. युवतियां पति से गुहार करती थीं कि मेला देखन जाऊंगी, चार आना की पाव जलेबी बैठ सड़क पर खाऊंगी. ऐसा लोकगीत बताते हैं. अब न वो लोकगीत बचे हैं और न चवन्नी. मगर जलेबी कायम है. लोक गीतों की जगह डीजे ने ले ली और शुद्ध देसी घी की पाव जलेबी के लिए अब सौ की पत्ती लगती है. जलेबी ज्ञान है. वह संदेश देती है कि क्या गाया और क्या माया, सबका अवमूल्यन होगा मगर जलेबी कायम रहेगी. अपने पूरे स्वाद के साथ. कल को डीजे की जगह एआई वाला वीजे ले लेगा और सरकार की कृपा ऐसे ही बनी रही तो पाव जलेबी हजार रुपए में भी मिलेगी. रूखी बातों से बेरुखी हुई जुबान पर जलेबी चाशनी की मिठास घोलती है. हम अपने बुजुर्गों से सुनते थे, चलो अब कछु मीठो हो जाए और मीठे में पत्तल पर जलेबी ही होती थी. इसी मिठास के लिए कभी हर मुंह से यह बात निकलती थी, जिसे सितारों ने चुराकर चाकलेट पर चिपका दिया.


जलेबी जब जलेबी बाई हुई तब से उसके कद्र भी कम हुई. हालांकि इससे काफी पहले वह जलेबी जूड़ा हो गई थी. मुंह में जलेबी और पीछे जलेबी जूड़ा, ऐसी सुंदरियां हमारे जमाने में पूरा यूपी बिहार लूटने का माद्दा रखती थीं और हिला दूं रांची, हिला दूं मुम्बई की बात करती थीं. कसम से तब जिया जलाती थी, दूसरे के मुंह की जलेबी. अब तो चाकलेट और कोल्डड्रिंक छाप सुंदरियों की हालत यह हो गई है कि उन्हें नाच नाचकर गुहार लगानी पड़ती है कि आज की रात मजा हुस्न की बातों का लीजिए. जलेबी राजनीति में भी काती जाती है. नेता जुमलों की जलेबी बनाते हैं. ऐसी जलेबियां परोसी नहीं जातीं, बस उनके सपने दिखाए जाते हैं. सपने दिखाकर जलेबी लूट लेना नेता का धंधा है. मगर जलेबी पूरी राजनीति को चक्करघिन्नी बनाने का माद्दा रखती है. जलेबी का छत्ता मधुमक्खियों के छत्ते से ज्यादा मीठा और रसीला होता है और इसमें डंक लगने का खतरा भी नहीं है. जलेबी साइंस है, जो बताती हैं कि हमारे सौरमंडल का नक्शा कैसा है. इसलिए कुछ प्रकांड टाइप के ज्योतिषी दावा करते हैं कि जलेबी खाने से सभी नवग्रह दोष शांत हो जाते हैं. तो मित्रो आओ ! मिलकर जलेबी खाएं, इससे पहले कि कोई नेता आकर उन्हें लूट ले.

# मतदाता जागरूकता के लिए कलाकारों ने की पेंटिंग



**कला-संवाद**
**मनोज कुमार कपरदार**












**राज्य** की सरकार प्रत्येक पांच वर्ष के अंतराल पर चुनाव के माध्यम से चुनी जाती है. राज्य के नागरिक इस चुनाव प्रक्रिया में सीधे तौर पर भाग लेते हैं. भारतीय संविधान के अनुसार राज्य में नियमित, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव आयोजित करने का अधिकार निर्वाचन आयोग को प्राप्त है. निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर, 2024 को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा कर दी है. इस बार झारखंड विधानसभा का यह चुनाव दो चरणों में संपन्न होगा. झारखंड में यह चुनाव दो चरणों में होंगे, जो 13 और 20 नवम्बर को होंगे. नतीजे 23 नवम्बर को घोषित किए जाएंगे. इस चुनाव में राज्य के मतदाताओं को वोट डालने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर मिलेगा.

विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा पहली बार नई थीम पर कार्यक्रम का आयोजन का किया गया. रांची में 18 और 19 अक्टूबर को कचहरी रोड स्थित जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में आर्ट-81 महोत्सव का आयोजन किया गया. इसमें देश के नामी-गिरामी कलाकारों के साथ कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अपनी कला का प्रदर्शन करने का मौका मिला. इस महोत्सव में 81 कलाकार एक मंच पर आये और इस दौरान अपनी लाइव पेंटिंग, स्टेज परफॉर्मेंस के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया. महोत्सव में 81 नामचीन कलाकार झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार पर अपने कला का प्रदर्शन किया. इस अवसर पर कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित की गई. इस कार्यक्रम में रांची, नई दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरू, मुंबई, जमशेदपुर, बोकारो, वाराणसी, रामगढ़, देवघर, पुणे, लोहरदगा, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, नेपाल से आये 81 कलाकारों ने अपनी-अपनी दृष्टिकोण से पेंटिंग के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश देने का प्रयास किया. इसमें झारखंड के वरिष्ठ कलाकार प्रवीण कर्माकर, सजित मिंज, सत्यम श्री, प्रवीर शॉ, उत्तम मल्लिक, अनुपम पाल, राजा मुखी, अरविन्द पांडेय, पूजा कुमार, अमिताभ मुखर्जी, अनिल शर्मा, अशोक कुमार मैती, अर्पिता विश्वास, विप्लव राय, चंदा कुमारी, दीपक कुमार, दीपक शर्मा, दीपांकर घोष, देवानंद महतो, नरेन्द्र पंजियारा, मनोज कुमार सिन्हा, मनीष महतो, मोमिता घोष, पंकज पाल, समीर सरकार, सपना दास, शान्तनु सेन गुप्ता, सुब्रतो दास, सुमिता विश्वास, यूसुफ अली, जाकिर शाह, जाकिर हुसैन, वरूण कुमार, शालिनी भारती और शैलजा केडिया के अलावा केरल से अनीज अंजी और आशा लैला, नेपाल से अनीता भट्टाराय, कोलकाता से अनुराधा, सुमिता विश्वास, और भारती गुहा, राजस्थान से आशीष सारंगी, उत्तर प्रदेश से ओमप्रकाश गुप्ता, वाराणसी से मंती शर्मा, मथुरा से प्रताप राउत, मुंबई से राजीव कुंडू और जसबिंदर सिंह ने मतदाता जागरूकता के लिए आकर्षक कलाकृतियां कैनवास मे उकेरा. सभी कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया कि अपने मताधिकार का प्रयोग निश्चित रूप से करें. किसी के बहकावे में आकर अपना मत बेकार न जाने दें. अशक्त लोगों को भी मतदान के लिए पेंटिंग के माध्यम से प्रेरित किया गया. अपनी पेंटिंग के माध्यम से ही बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील किया गया और लोगों से कहा कि लोकतंत्र के इस उत्सव में हमें भी बाहर आना चाहिये.



# आखर



कहानी

# नाटक



राकेश कुमार सिंह

जन्म : 20 फरवरी 1960
कृतियां : ग्यारह उपन्यास,सात कथा–संग्रह, एक कथेत्तर पुस्तक "लो आज गुल्लक तोड़ता हूं".
सम्मान : राधाकृष्ण पुरस्कार,पाखी सम्मान, कथाक्रम सम्मान, विभिन्न कथा–प्रतियोगिताओं में चार कहानियों को प्रथम पुरस्कार .
कहानियों का अंग्रेजी, पंजाबी और ओड़िया में अनुवाद .
कहानी 'ठहरिए आगे जंगल है' दूरदर्शन पर प्रसारित .

दोपहर वाली रांची चोपन एक्सप्रेस से चंदर आ रहा था और मेरा मन खिन्न था. पिछले कई दिनों से अच्छा भला लातेहार के सदर अस्पताल में कार्यरत था मैं. देहात में मलेरिया का भीषण प्रकोप हुआ और बिना सूचना दिए कार्यक्षेत्र से हुटाप के चिकित्सा पदाधिकारी निलंबित कर दिए गए तो तत्कालिक व्यवस्था के अंतर्गत मुझे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुटाप का प्रभार ग्रहण करने का पत्र तामील करा दिया गया था. अब यह तत्कालिकता स्थायित्व में बदलती दिखने लगी थी तो मैं झल्ला उठा था. हुटाप पहुंचा था तो स्वास्थ्य केंद्र के नाम पर जो इमारत थी वह सरकारी भ्रष्टाचार का तिलस्म था. देहात की लचर स्वास्थ्य सुविधाओं को देख मन तिक्त हो गया था. तिस पर मेरा सामना गंवई ओझा-गुनी और झोला छाप डॉक्टरों से भी होने लगा था जिसके पास दुनिया के हर रोग की अक्सीर दवा होती है.

साईकल पर गांव-गांव फिरने वाले झोला छाप डागदर साहेब या डागदर बाबू लोगों के झोले में नीमोस्लाइड, क्रोसीन, विटामिन के कैप्सूल, खांसी-बुखार के सिरप, रूई-गॉज-डेटॉल-बैंडेज आदि आदि की चलंत दुकान भी होती थी. यह खतरे-जान बिरादरी वक्त-जरूरत इंजेक्शन देने या ग्लूकोज स्लाईन की ड्रिप लगाने से भी नहीं हिचकती थी, भले ही कभी शिरा-धमनी जैसी चिड़िया नहीं देखी थी. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुटाप में मौसमी बीमारियों या सामान्य प्रसव हेतु कामचलाऊ व्यवस्था थी पर पैथॉलॉजिकल जांच, एक्स-रे, शल्य-क्रिया या असामान्य प्रसव के मामले में मरीज को डालटनगंज या बरवाडीह रेल अस्पताल रेफर करना पड़ता था. गांवों में आधुनिक चिकित्सा का आधारभूत ढांचा ही नहीं है पर हमारे बारे में झूठ यह फैलाया जाता है कि डाक्टर गांवों में जाना ही नहीं चाहते. क्या करें हम गांवों में जा कर? स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर स्थापित मकबरों में बैठ कर नीम-हकीमों की भांति गांव वालो को धोखा दे कर पैसे बनाते रहें?

मामूली चोट-मोच, हल्के कटे-छिले या मौसमी खांसी-जुकाम जैसी अलामतो का इलाज या प्राथमिक उपचार हो झोला छाप डाक्टर बेशक कर लेते थे परन्तु बिच्छू-डंक के ये नीम-हकीम सांप-काटे के मामलों में भी हाथ डाल बैठते थे और जब मरीज की बिगड़ती हालत अनियंत्रित होने लगती तो रोगी को खटिया पर लाद लादवा कर या साईकल पर लटका कर या कंधे पर उठा कर या फिर किसी खटारा बस में टूटी-फूटी सड़क पर पटकते-पटकते बरवाडीह-डाल्टनगंज दौड़ने लगते थे जहां के निजी अस्पतालों से ये झोला छाप डाक्टर दलाली खाते थे. वर्षों से पलामू मलेरिया के सॉफ्ट टारगेट के रूप में जाना-पहचाना जिला रहा है लिहाजा मलेरियारोधी दवाओं की कमी नहीं रहती थी. हुटाप और निकट के टोले बस्तियों के निवासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से दवाएं लेते रहे थे. संताल, मुंडा या कोल अपेक्षाकृत जागरूक और प्रगतिशील लोग थे पर खड़िया आदिवासी जन अंग्रेजी डाक्टर-इलाज-दवा के सख्त विरोधी थे. मलेरिया के दौरे में तेज कंपकंपी के साथ जाड़ा-बुखार चढ़ता और तीव्र ज्वर में दहकता मरीज प्रलाप करने लगता तो खड़िया लोगों के लिए यह भूत-प्रेत का मामला था. भूत-प्रेत डायन किच्चिन आदि-आदि बुरी छायाओ से अक्रांत प्राणी के लिए आगडर- दागडर व्यर्थ थे. खड़िया लोग ओझाई-मताई के कायल थे. रोगी जी गया तो ओझा का सत्त, मर गया तो ठाकुर जी की इच्छा सर्वोपरि. ठाकुर याने इधर के लोगों के सर्वोच्च देवता... सूर्य. आदिवासी लोगों को अंग्रेजी डाक्टर- दवा पर विश्वास नहीं था. खड़िया समाज को तो अपने ओझा या देऊरी (पुजारी) पर अंध आस्था थी. थोड़ा विश्वास था भी तो झोला-छाप डाक्टरों पर था जो कि स्थानीय लोग थे और स्वयं को पी.एस.पी.ओ या पी.एम.पी.ओ. सर्टिफिकेट धारक चिकित्सक घोषित किए हुए थे. इन सर्टिफिकेटों के बारे में मैने कभी सुना था, न कहीं पढ़ा था.

परिस्थितियां इतनी विपरीत थी कि कोई ईमानदार चिकित्सक हताश हो सकता था या उस माहौल को आत्मसात करते-करते ऐसा चिकित्सक भी शनैः शनैः एक सनद प्राप्त नीम हकीम (क्वालिफाइड क्वेक) बन कर रह जाने वाला था. चर्च के फादर जेम्स स्मेट मुझे धैर्य बंधाते रहते थे पर खड़िया लोगों को समझाने बुझाने के मेरे हर प्रयास निष्फल सिद्ध होते रहे थे. सफल तो तब होते जब खड़िया पूर्वग्रह छोड़ कर कुछ सुनने समझने को राजी होते.

छः सौ तेरह अप सही समय पर स्टेशन पर आ लगी थी. कंपार्टमेंट के दरवाजे पर ही खड़ा था चंदर. ट्रेन से उतरते ही मुझसे लिपट गया था. - "कैसा है डाक्टर? तू तो बदल गया एकदम. तोंद गायब ! क्लीनशेव्ड चेहरे पर मूंछ दाढ़ी?"

- " जंगल का प्रसाद है यह "- मैंने कहा था- "चल, निकलें! अंधेरा हो गया तो दिशा भटकने का खतरा है."

- "दूर जाना है? "पीठ पर अपनी पिट्ठू लादते चंदर ने पूछा था.

- "यही कोई दस-बारह किलोमीटर."

-" रेवा भी यहीं है?"

- "नहीं, वह डालटनगंज में रहती है, इधर बच्चों के लिए स्कूल कहां है जो",- हम स्टेशन से बाहर निकल पड़े थे- "शनिवार की शाम मैं डालटनगंज चला जाता हूं. सोमवार की सुबह वापस यहां. इधर दो हफ्ते से नहीं जा पाया हूं... फुर्सत ही नहीं मिली."

स्टेशन के बाहर, किराने की दुकान के सामने मेरी मोटर साइकल खड़ी थी. उसी दुकान में मैंने अपना सेलफोन रिचार्ज कराने को दिया था. हुटाप में बिजली के खंभे गड़े थे पर खंभों पर तार लगने की मियाद अभी पूरी नहीं हुई थी.

मैंने मोबाइल बैट्री चार्ज करने के दस रुपए अदा किए थे और फिर हम मोटरसाइकिल पर सवाल हुटाप की ओर निकल पड़े थे. चंदर और मैं इंटरमिडियट तक सहपाठी रहे थे. आगे मेरा मेडिकल कालेज में दाखिला हो गया था और कालेज के दिनों में ही साहित्य और संस्कृति कला रूपों के प्रति परम आसक्त चंदर स्नातक के बाद राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली में जुड़ गया था. अब क्रॉनिकल बैचलर चंदर राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम में कार्यरत था और रंग-कर्म चंदर का जुनून बन गया था. चंदर का पलामू-ज्ञान बांग्ला किताबों के जंगल-रोमांस या सिनेमाई आदिवासी प्रस्तुतियों के अधकचरेपन तक सीमित था. उसकी समझ से पूरा पलामू घोर अरण्य ही था परन्तु अब ...

- "यही जंगल है?"- वह द्वंद में था-" जंगल जैसा लगता ही नहीं."

"था कभी इधर सचमुच का जंगल. अब वह जजंगलल शहरों में ईमारती लकड़ी का फर्नीचर बना पड़ा है."

- "मतलब?"

- "जंगल के लोगों ने जंगल से उतना ही लिया जितना जीवन के लिए जरूरी था. जब से जंगल सरकारी हो गए, आदमी ने जंगल को खोखला कर दिया है. अब तो इधर गैर-ईमारती वृक्ष ही बच रहे हैं या फिर नाटे पलाश को ढाल बना है."

रास्ते में मिलने वाले टोले- पुरवे निहारता चंदर सवाल करता रहा था. मैं उत्तर देता रहा था. हम हुटाप की ओर बढ़े जा रहे थे, हुटाप गांव की आबादी मिश्रित थी. एक ओर गैर-आदिवासी तांती, अहीर, लुहार, कुम्हार, कोयरी, कुरमी जातियों के पास-पास खड़े मिट्टी के सुघड़ घर थे जिन पर खपरैल की छप्पर थी. दूसरे छोर पर अलग-अलग बेहरतीब खड़े खड़िया आदिवासियों के बांस-काठ-फूस-पत्तों की झोपड़ियां थी. गांव का तीसरा कोण बनाता था उंचे टीले पर खड़ा कैथलिक मिशन स्कूल जहां के बहुत पुराने चर्च की चोटी पर लगा चमकदार क्रॉस आस-पास के दस गांवों से देखा जा सकता था. चौहद्दी का चौथा कोण था प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुटाप जिसके पिछवाड़े सटे बारिश भर रिसते रहने वाला मेरा दो कमरों का क्वाटर था. जबकि हमारा भारत मंगल ग्रह की ओर कूच कर चुका था, किसी शहर, कस्बे या रेल स्टेशन से हुटाप पहुंचने हेतु कोई कच्ची पक्की सड़क नहीं थी. आवागमन करते लोगों या मवेशियों के खुरो से धूल-धूल हुई जमीन ही गंवई रास्ते या सड़क की पहचान थी. बारिश के दिनों में अरण्य पथ कीच-कीच हो जाता तो दस-बार किलोमीटर स्थित बरवाडीह भी काले कोसो दूर लगने लगता था. चंदर के प्रश्न चुकने लगे थे या फिर वह पूछ पूछ कर अब थक चुका था. हम अब मौन थे. रास्ता कट रहा था. चर्च का क्रॉस ढलते सूर्य की रौशनी में दमकता दिखने लगा था. हम हुटाप के निकट थे. खरीफ का मौसम था. खेतो में धान की पकती फसल होनी चाहिए थी पर नहीं थी. इस रेन शैडो जोन (वर्षा वंचित क्षेत्र) में बाजरे, सांवा, कोदो या मकई जैसी जैसे मोटांजा (मोटे अनाज वासली फसल)का ही भरोसा था जिन्हें बहुत पानी की जरूरत नहीं होती. प्रायः हर दूसरे-तीसरे वर्ष वर्षा से वंचित ही रहता है पलामू के पठार का कोई कोना. खाली पड़े खेतो, मेड़ो और बंजर ढलानों पर हठीले वनवासियों की भांति जिद्दी वन्य वनस्पतियां लहलहा रही थीं. ढलती सांझ की नर्म धूप में नागफनी, बेहया, पुटुस, वनबेर या वनतुलसी की झाडियों से वाष्पित होती भीनी-भीनी महक हवा में घुल रही थी.

हुटाप पहुंचाने तक सूरज डूब चुका था. सूर्यास्त के साथ ही वातावरण में हल्का कुहासा तैर उठा था. ढाल पर खड़े चर्च का क्रास कुहासे की परतो में छुपने लगा था. ढलान की चढ़ाई के निकट दिख गए थे फादर जेम्स.

- "गुड इवनिंग फादर! मैंने मोटरसाइकल उनके निकट जा रोकी थी."

- "गुड इवनिंग डॉक! कैसे हो?"

- "ठीक हूं फादर! धन्यवाद! मेरे मित्र से मिलिए. चंदर! चंद्रकिशोर चौधरी!"

मोटर साइकल से उतर चंदर ने भी अभिवादन किया था. फादर ने पूछा था,

- "तुम भी डाक्टर...?"

- "नहीं! यह रंगकर्मी है... आई मीन ड्रामा आर्टिस्ट! दिल्ली से है. ड्रामा-फेस्ट में रांची आया था. शुक्रवार की गरीब रथ में वापसी का टिकट है... तो मुझसे मिलने आ गया. अब यहीं से ट्रेन पकड़ लेगा."

-" गुड! याने तीन दिनों की जंगल सफारी!" फादर मुस्कुराए थे- "खैर, तुम्हारा काम कैसा चल रहा है?"

- "आदिवासियों को छोड़ दें तो" -फादर मुझसे ही संबोधित थे- "तो लगभग शत-प्रतिशत सफलता कह सकता हूं. मलेरिया को पूरी तरह खत्म करना मुश्किल है पर अभी स्थिति नियंत्रण में है. लेकिन ये खड़िया लोग तो... और गॉड ! दे आर एब्सोल्यूटली रेडिकुलस!"

- "बड़े जिद्दी हैं खड़िया जब जयपाल सिंह की नहीं सुनी तो हमारी तुम्हारी क्या मानेंगे डाक्टर. "-फादर की होंठो पर विषण्ण मुस्कान उभरी थी- "मानोगे चंदर कि चार साल से ऊपर हो गए मुझे इधर लेकिन मैं किसी खड़िया बच्चे को अपने स्कूल में दाखिला नहीं दिला सका. किताबें, यूनिफार्म, फीस, दोपहर का भोजन... हम चाहे जितनी भी सुविधाएं इन्हें दें, इन्हें तो मिशनरियों पर भरोसा ही नहीं."

> **मानोगे चंदर कि चार साल से ऊपर हो गए मुझे इधर लेकिन मैं किसी खड़िया बच्चे को अपने स्कूल में दाखिला नहीं दिला सका. किताबें, यूनिफार्म, फीस, दोपहर का भोजन... हम चाहे जितनी भी सुविधाएं इन्हें दें, इन्हें तो मिशनरियों पर भरोसा ही नहीं**

परंपरा से हठी रहे हैं खड़िया. आदिवासी नेता मरंग गोमके (बड़े मालिक) जयपाल सिंह आजीवन खड़िया लोगों को जातीय नाम गोत्र बदल कर समाज की मुख्य धारा में लाने के प्रयास करते रहे लेकिन अंग्रेजी सरकार के साथ जूझ मरने वाले छोटानागपुर के आदिवासी क्रांतिकारी तेलंगा खड़िया (1806-1980) के इन वंशधरो को उनकी परंपरा और संस्कृति से बिलगाया नहीं जा सका. फादर जेम्स से विदा लेकर हम मेरे क्वार्टर की ओर बढ़े थे. चंदर उत्सुक था,

- "हैं कौन ये खड़िया?"

- "एक आदिवासी जाति! इधर डोली या पालकी को देशज बोली में खड़ खड़िया या खुड़खुड़ी कहते हैं तो राजाओं-जमींदारो की पालकी ढोने वाले आदिवासी खड़िया कहलाए. हुटाप के पहाड़ी खड़िया बड़े जिद्दी, परंपराजीवी और अंधविश्वासी हैं. मर जाएंगे पर अंग्रेजी दवा नहीं खाएंगे... अंग्रेज विरोधी पुरखे के वंशज जो ठहरें! "

- "कुछ लोगों की जिद्द पूरे समाज पर क्यों थोपता है तू? आदिवासी समाज ने भी कई बुद्धिजीवी, चिंतक, कलाकार और एक्टिविस्ट दिए हैं. हुटाप के खड़िया को जो खाद-पानी मिला, वे वैसे ही बन गए... सिंपल!"

- "चार दिन रह कर देख यहां, सारी फिलासफी भूल जाएगा,"मैंने भिन्ना कर कहा था.

हम ठिकाने पर पहुंचे थे. मेरा कंपाउंडर नंदलाल खरवार मेरी वापसी की प्रतीक्षा में अभी तक क्वार्टर पर मौजूद था जबकि शाम चार बजे तक वह अपने दूर के गांव भेलवा के लिए निकल पड़ता था.

- "मैंने रोटी-तरकारी बना दी है सर! सरसों पत्ता की चटनी भी है. "राख से शीशा साफ कर लालटेन जलाती आशा बहन जी उर्सुला मिंज ने बताया था.

- "धन्यवाद मिस मिंज! अब रात हो रही है, आप घर जाइए, हम खाना देर से खाएंगे."

उर्सुला मिंज विदा हो गई थी. मैं नंदू से संबोधित हुआ था. पलामू में कहावत है... धन तो राजपूत : निर्धन तो खरवार! लिहाजा मैं नंदलाल के जातीय स्वाभिमान को सम्मान देते हुए ही उसे संबोधित किया था.

- "क्यों नंदू बाबू, सब ठीक रहा न दिन में?"

-"जी डाक साब!"

- "कोई नया मरीज?"

- "ना सर. मंगरू, बोधन और तेतर आए थे. आपसे भेंट करने. बोखार टूट गया था तो पथ पूछना था."

मैं पथ्य-कुपथ्य क्या बताता? जहां रोज मांड़-भात या रोटी-चटनी-प्याज जुटाना भी एक संघर्ष हो वहां विटामिन के चंद कैप्स्यूल अश्लील मजाक नहीं तो और क्या है?

- "तब तक तुम फ्रेश हो लो चंदू! चाहो तो बाहर हैंडपंप पर नहा भी सकते हो. मैं... जरा बस्ती का एक चक्कर लगा कर आता हूं" -मैंने अपनी डाक्टरी बैग उठाया था- "...और नंदू बाबू, बाबू को घर बाहर का इंतजाम दिखा, समझा कर आप भी निकल ही लिजिए."

- "तू लौटेगा कब?" चंदर ने पूछा था,

-" जल्द ही. मंगरू, बोधन, तेतर को दवाओं की खुराक देनी है... बस! हफ्ते भर के टेबलेट्स एक ही बाद दे दो तो रातोरात स्वस्थ होने के लालच में सारी दवाईयां भूंजे की तरह एक ही बार में फांक लेंगे ये लोग."

- "ओ न्नो...!"ठठा कर हंस पड़ा था चंदर. मैं क्वार्टर से निकल पड़ा था.

दीपावली की अगली शाम थी. दिन में गोवर्धन पूजा हुई थी. गैर-आदिवासियों का स्थानीय पर्व गाय-डाढ़. आदिवासी जन का त्यौहार सोहराई.

आज भी घरों-झोपडियों की देहरी-ड्योढी पर एक दिया जलाया गया था. घर के बाहर के टीकर (ऊंची कंकरीली भूमि जहां पालतू मवेशी बंधते हैं) या गोहाल की चौखट आले पर भी जलते दिए रखे गए थे.

क्वार्टर पर लोटते लौटते रात को नौ बजने लगे थे. कोहरा घना हो चुका था. हल्की खुन्नस भीगी ठंढ पड़ने लगी थी. जंगल पठार पर शरद कुछ जल्दी आ धमकता है. हमने रोटी खाई थी. इकलौती फोल्डिंग खाट पर दीवार से पीठ लगा कर गले तक कंबल ओढ़े हम गप्पें हांकने लगे थे. चंदर के पास दिल्ली के अनुभव थे. हबीब तनवीर और गिरीश कनार्ड के साथ गुजरे समय की यादें थी. रांची के रंग महोत्सव में मिथिलेश्वर के उपन्यास युद्धस्थत पर आधारित चंदर का नाटक"डायन" खूब सराहा गया था लिहाजा संस्मरण साझा करता चंदर गद्गगद् था. मेरे पास जंगल के ताजा अनुभव थे. अपर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ मलेरिया से जंग के कटु अनुभव थे. समय गुजरता रहा था. घड़ी देखने की न सुध थी, न जरूत ही थी.

कभी पास... कभी दूर, ठंड से लड़ते सियारो की हुआं-हुआं की मद्धिम आवाजें, कभी किसी निशाचर पखेरू की तीखी चीख, धीमी होकर हम तक पहुंचती बस्ती के कुत्तों के झगड़ने की आवाजें... हम बतियाते रहे थे. ध्यान तब भटका जब ढलती रात के सन्नाटे में अप्राकृतिक ध्वनियां जाग उठी. ढक-ढक.... ढक ढक... ढढढक.... ढढढक.... ढाक-ढाक... ढढढढाक..! चंदर की प्रश्नाकुल आंखें मेरी ओर ताकने लगी थी. मैंने शंका समाधान किया था.

- "कुछ नहीं, गांव की औरतें दलिद्दर खेद रही हैं. इधर एक गंवई टोटका है... दैन्य दारिद्रय भगाने का पुराना विश्वास है."

- "ये... ये आवाजे?"

- "सूप-हंसिया या सूप-झाड़ू की जुगलबंदी है यह!"

- "क्यों? मतलब कि..."

-" भईए, सूप है कृषि-संस्कृति का प्रतीक और श्रम का प्रतीक है झाड़ू-हंसिया. ढलती रात में गांव समाज से दलिद्दर को भगा कर सुबह पुराने सूप-झाड़ू घूरे पर जला दिए जाते हैं. हंसिए पर नई सान चढ़ा ली जाती है."

- "गजब-गजब के रीत विश्वास हैं इधर. " चकित चंदर!

- "यह जंगल है चंदू"- मैं हंस पड़ा था-" कई संस्कृतियां' आदिम विश्वास, अंधी आस्थाएं! लक्ष्मी से भेंट नहीं दारिद्रय से मारा-मारी."

- "छोड़ यार! इधर कोई देखने-घुमने लायक जगहें हैं तो बता!"

- "कुछ प्रपात हैं या पलामू टाइगर रिजर्व है पर यहां से काफी दूर है. नजदीक तो कोई नहीं मैं शायद इतना समय न निकाल सकूं... सॉरी यार. तू ऐसे समय में आया है जब मलेरिया का तांडव... खड़िया टोले में तो स्थिति बेहद विकट है."

- "सो क्यों?" जो उपलब्ध था, चंदर अब उसी में रूचि लेने को विवश था.

- "एक खड़िया बच्चा बीमार है. बड़ी... मलेरिया. तेज बुखार में कांपता बच्चा प्रलाप करता है. बूढ़ी चरकी आजी का नाम लेता है बार-बार! टोले में एक बूढ़ी है जिसे सफेद दाग है सो लोग उसे चरकी... माने सफेद बुढिया कहते हैं. खड़िया टोले में अंधविश्वास है कि चरकी डायन है. उसी ने बच्चे पर कोई टोना कर दिया है. टोले में तनाव है."

- "ओ... गाड! इन्क्रेडेबल!"

- "बच्चे को कुछ हो हवा गया तो यकीन मान चंदू, बूढ़ी की खैर नहीं. लोग उसका सिर मुंडा कर नंगी घुमाएंगे गांव में. तपते हंसिए से दाग देंगे. गोबर-पखाने का घोल पिलाने लगेंगे."

- "उस औरत की जान ले लेंगे. बच्चे को भी मरने को छोड़ देंगे लेकिन तेरा इलाज उन्हें मंजूर नहीं?"

- "कतई नहीं."

- "इन्हें ओझा-औघड़ पर पूरा विश्वास है."

-"हां."

- "देबू, मै इस मामले में कुछ कर सकता हूं. अलाऊ मी!"- चंदर की आंखें चमक उठी थी.

- "तू क्या कर लेगा. कभी पास से देखा भीहै उन्हें? कभी मिला है किसी खड़िया से जो उन्हें समझा सकेगा?"

- "यह भी अच्छा रहा देबू कि मुझे तेरे साथ यहां आते किसी ने नहीं देखा... सिवाय तेरे स्टाफ के."

- "तू करना क्या चाहता है ?" मैं उलझन में था.

- "नाटक! मैं एक नाटक खेलना चाहता हूं. मैं अपना बेस्ट परफार्मेंस देना चाहता हूं, खड़िया टोले में "- चंदू उत्साह से भर उठा था.

- "तू करेगा क्या भाई?"

-" मैं दलिद्दर खेदूंगा."

- "नुक्कड़ नाटक? खड़िया टोले में?" उसकी नाटकीय भंगिमा देख मेरी हंसी फूट पड़ी थी. कहा था-" तू पगला है रे?

- "हां. हूं."

- "दो दिन के लिए तो आया है तू! मैं तुझे अपने झमेले ओढ़ने नहीं दूंगा."

- "क्यों नहीं देगा? तेरा झमेला मेरा भी झमेला है. मैं तुझे परेशान और यूं हताश नहीं देख सकता देबू! मेरे होते कोई बच्चा सिर्फ मलेरिया या उल्टी-दस्त से तेरी आंखों के सामने मर जाए यह मैं नहीं सह सकूंगा. मैं तुझे यूं असहाय छोड़कर यहां से जा नहीं सकूंगा."

-"तो करेगा क्या तू? आ बैल मुझे मार कहेगा? खुद तो साले मरेगा ही, मुझे भी मरवाएगा."

- "सुन.... सुन... देबू, मेरे उस्ताद हैं हबीब तनवीर"- चंदर ने कान की लवें छू कर कहा था- "उनकी योग्यता पर दुनिया को शक नहीं, तू कर रहा है? मैं उनके प्रिय छात्रों में से एक हूं."

- "यह रंगमंच नहीं है चंदू .आदिवासी हिंसा पर भी उतर सकते हैं. कहीं तू पहचान लिया गया तो बस गजब हो जायगा."

- "गोया मै तो एन.एस.डी. में बस घास खोदता रहा हूं. यकीन कर भाई, एक नंबर का हरामी हूं मैं, तिस पर दिल्ली रिटर्न. अब उठ मेरे शेर पुत्तर. मैं अंधेरे-अंधेरे ही चर्च पहुंचना चाहता हूं.

- "चर्च? वहां क्या करना?"चंदर मुझे लगातार परेशान किए जा रहा था.

- "वहां फादर जेम्स हैं. उन्हें विश्वास में लेना होगा क्योंकि यहां जो नाटक खेला जाएगा उसका ग्रीन रूम चर्च ही हो सकता है."

- "आर यू सिरियस?"मामला गंभीर हो उठा था. क्या करने पर अमादा था चंदर?

- "बिल्कुल! मैं गंभीर भी हूं और खबरदार भी! सुबह तेरे कंपांउडर को यह जानना चाहिए कि मैं मुंहअंधेरे बरवाडीह निकल गया और तेरी वह आशा बहन जी, उसका विश्वास किया जा सकता है?"

- "शायद! शी इज कनवर्टेड क्रिश्चियन. फादर जेम्स की कृपा है उस पर."

- "बस बन गया काम. " चंदर की आंखों में मानों चिराग जल उठे थे. चेहरा खिल उठा था. - "तू मलेरिया की टेबलेट्स का चूरन बना डाल और छोटी-छोटी पुड़िया में खुराक बांध डाल बाकी सब मुझ पर छोड़ दे."

- ".... और उर्सला की क्या बात है?"

- "कल मिस उर्सला मिंज को सुबह-सुबह औघड़ महाराज के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा."

- "यह लोगों के विश्वास के साथ धोखा है". मुझे अब कुछ कुछ समझ में आने लगा था.

- "धोखा? यार,, यह आपद धर्म है. "वह मेरी भंगिमा की नकल उतार रहा था. मैं बस फीकी मुस्कान के साथ उसकी खिली बत्तीसी देख रहा था.

- "फिर सोच ले चंदू. कोरी भावुकता में खहमखाह तू किसी झमेले में..."

- "अब उठ भी जा मेरे श्रवण पुत्तर! सोचने का काम मुझ पर छोड़. तू बस मुझ पर भरोसा रख! सब ठीक होगा." वह कंबल फेंक कर खाट से नीचे कूदा था. जूते पहने थे और अपना पिट्ठू पीठ पर लादे मानो किसी अभियान पर कूच करने को तत्पर दिखने लगा था.

(क्रमशः)

# एकाकी जीवन की दास्तां है 'सांझ ढले गगन तले' की सभी कहानियां


समीक्षा



मुक्ति शाहदेव

जानी- मानी कथाकार रीता गुप्ता का कहानी संग्रह 'सांझ ढले गगन तले' जीवन की मार्मिक सच्चाई से रूबरू कराती कहानियों से सजा एक ऐसा संग्रह है जो वास्तव में एकाकी मन की दास्तां सुनाता है. कुल 14 कहानियां हैं इसमें. एक ओर ये कहानियां प्रेम, बिछड़न, तड़पन और नियति की क्रूर सच्चाई अपने पूरे विस्तार के साथ जगह बनाती प्रतीत होती हैं तो दूसरी ओर प्रकृति प्रेम और संरक्षण, स्थानीय समस्याएं, पीढ़ियों की सोच और उनके बीच की खाई को उकेरती हैं. साथ ही पाठकों के साथ संवाद करते पात्र अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में भी कामयाब होते हैं. इस संग्रह की कहानियां स्वयं इस बात की साक्षी हैं कि इसमें स्वयं उनका भोगा हुआ, जाना हुआ और अनुभूति जन्य सच कल्पना के रंगों से सजकर मुखरित हुआ है. भीतर रिसते दर्द को काल्पनिक जामा पहना देना ही कहानीकार का हुनर है और इसमें रीता गुप्ता की कलम सफल हुई है.

संग्रह की पहली कहानी 'खोई-खोई सी बहारें' और 'बोनसाई के जंगल" उनके प्रकृति प्रेम को दर्शाती हैं. साथ ही उजड़ते जंगलों और घर की बालकनी तक सिमटती हरियाली, अपनी जड़ों से कटकर बोनसाई- सी जिंदगी की तकलीफों को उकेरती हैं तो समाधान भी सुझाती हैं. 'द गेम शो' बेहद संजीदा और वास्तविक घटना पर आधारित कहानी है जो वर्तमान समय की मशीनी होती जिंदगी के बीच संवेदनशीलता का दीप जलाती, बेहद प्रेरक कहानी है.




समीक्षा : सांझ ढले गगन तले
लेखिका : रीता गुप्ता
प्रकाशक : वानिका प्रकाशन
पृष्ठ संख्या : 128
मूल्य : 250/-

आज मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग के माता-पिताओं की वह पीढ़ी रिटायरमेंट के बाद का जीवन गुजार रही है, जिन्होंने अपने बच्चों के लिए बड़े-बड़े ख्वाब देखे, सबकुछ दांव में लगाकर अच्छे इंस्टीट्यूशन में पढ़ाया और जिनका एकमात्र सपना होता था बच्चा विदेश जाए. रिश्तेदारों और समाज को बताने के लिए यह बहुत सम्मानजनक और गर्व करने की बात है, लेकिन यह भी कड़वी सच्चाई है कि आज वह पूरी पीढ़ी अकेलेपन, अवहेलना और अवसाद की जिंदगी गुजार रही है. चाह कर भी अपने बच्चों से मिलना नहीं हो पाता, सात समंदर पार रहने वाले बच्चों की राह देखते दुनिया से अलविदा हो जाने के दिल दहलाने वाले समाचारों से हम सब वाकिफ हैं. इस सच्चाई को रीता गुप्ता ने बेहद खूबसूरती से कई कहानियों में उकेरा है. ' अमेरिका- अमेरिका' कहानी बेहद मार्मिक है. मधुरिमा की तकलीफ पाठकों को देर तक सोचने के लिए मजबूर करेगी कि जीवन का वास्तविक 'सुख' क्या है. आज छोटे शहरों में भी शक में कितने ही परिवार उजड़ रहे हैं, यह कहानी यह भी बयान करती है. के.के. की त्रासदी भी देर तक मथती है. 'तेरी उम्मीद तेरा इंतज़ार' कहानी असफल प्रेम और माता- पिता द्वारा झूठी शान के लिए थोपे गए जबरन रिश्तों की सच्चाई बयान करती है. ' कोयला भई न राख' कहानी मुझे संग्रह की बेहतरीन कहानी लगी, लेकिन इस कहानी का अंत नाटकीयता से भरपूर है. कम्मो बुआ का स्वयंसिद्धा से स्वार्थसिद्धि की समिधा बनना मुझे नहीं भाया. 'शुरू से शुरू करते हैं' और ' स्मृतियों का भ्रमजाल' कहानियां भी माता-पिता के द्वारा थोपे गए रिश्तें की मार्मिक दास्तान हैं .

"और बर्गर ठंडा होता रहा" महानगरीय जीवन से उब कर अपनी जड़ों की ओर लौटने की कहानी है जो आज हर चौथे व्यक्ति की वास्तविकता है. जीवन में जो बेहतरीन गुजर चुका उसकी यादें संभवतः हर इंसान को ताउम्र कचोटती हैं पर सच्चाई भी यही है कि हम चाह कर भी उन पुराने दिनों में नहीं लौट सकते. संभवतः यह हर पीढ़ी का शाश्वत दुख है. "देर से ही" कहानी एक ऐसी मनःस्थिति की कहानी है जो साथी के असमय बिछड़ जाने की पीड़ा को झेलता स्वयं में सिमटता जाता है और अगर परिवार वाले उसकी पीड़ा नहीं समझ सके तो संभवतः वह विक्षिप्त ही कहलाए.


'मिसेज मूर्ति का जाना' संग्रह की एक और बेहतरीन सच्चे पात्रों पर आधारित काल्पनिक रचना है. 'डायन' कहानी भी हमारे प्रदेश की सच्चाई से रूबरू कराती मार्मिक कथा है. तमाम अखबार ऐसी घटनाओं से पटे रहते हैं. कारागृह के महिला सेल में जाने कितनी 'अनीता' उम्रकैद झेलती अपनी रिहाई की आस में बैठी हैं. 'सम्राट का बेटा प्रिंस' लेखिका की देखी सच्ची घटना पर आधारित कहानी है, जो देश के जांबाज सपूतों की दास्तान है.

सभी पात्र सजीव एवं देखे- सुने- से लगे.

'इमोशनल अत्याचार' मुझे इस संग्रह की सबसे कमजोर कड़ी कहानी प्रतीत हुई. कहानी की शुरुआत और मध्य बेहतरीन किंतु जैसे लगता है हड़बड़ी में किया गया समापन.

राष्ट्रीय स्तर की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने वाली लेखिका रीता गुप्ता जी ने विज्ञान विषय में ग्रेजुएशन किया है और कम्प्यूटर एप्लिकेशन में मास्टर भी हैं. इस लिहाज से हिंदी भाषा में उनकी पकड़ लाजवाब है. उनकी भाषा सहज-सरल और प्रवाहमयी है. क्षेत्रीय शब्दों का भी बखूबी प्रयोग वे करती हैं. वास्तविक जीवन की सच्चाइयों को कल्पना के रंग में रंगने में भी वे सफल हैं. कहानी संग्रह का शीर्षक लाजवाब किंतु कहानियों के शीर्षक चयन में और सतर्कता बरती जानी थी, ऐसा मुझे महसूस हुआ. साथ ही निजी विचारों को निजी विचार की तरह ही कहानी में कह देने से कई कहानी में 'कहानीपन ' कमज़ोर हो गया है, यह भी मुझे प्रतीत हुआ. इसके बावजूद कहानियों के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली, सामाजिक व स्थानीय समस्याओं पर बेहतरीन लेखन के लिए रीता गुप्ता जी को बधाई! उनके अगले संग्रह का इंतजार है.

## कैसे कहूं अलविदा यायावर !



शंभु बादल

प्रिय भारत!
शोध की खातिर
किस दुनिया में?
कहां गए?
बातचीत महावीर से करने?
साक्षात्कार रेणु से लेने?
त्रिलोचन - नागार्जुन से मिलने?
नामवर से बतियाने?
कविता - आलोचना - जीवनी
संपादन - संस्मरण
ये भी तो थे साथ तुम्हारे
इन्हें छोड़ हमसे दूर
बहुत दूर गए
'चुपचाप'
अचानक यायावर.
कैसी-कैसी बातें?
किसकी - किसकी बातें?
साहित्य की अंतःकथा
सच - झूठ का अंतःपुर
खुली हंसी
खुश की विधि
लाएगा कौन ?
चुहल विवाद कटुता - रस
कहां से आएगा?
'झेलते हुए', 'मैं हूं, यहां हूं'
'बेचैनी', 'हाल - बेहाल'
कौन बताएगा ?
'कैसे जिंदा है आदमी ?'
सवाल रख
उत्तर जाने बिना
बेमौसम
कच्ची वय
अंतरलोक - यात्री
कैसे बन गए तुम!
तुम्हारी कविता में
कितनी बातें!
कितनी चिंता!
तुमने कहा था
'दृश्य ही अदृश्य हो जाएगा'
और आज हो कर
दिन को रात बना
तुमने बता दिया
अलविदा यायावर!
कैसे कहूं!

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



# सरफराज ने लगाया अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक

एजेंसी। बेंगलुरु

सरफराज खान ने शनिवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा. ऐसा करने में उन्हें सात पारियां लगीं. सरफराज ने 110 गेंदों में 13 चौके और तीन छक्के लगाकर यह पारी खेली. वह 154 गेंदों में 16 चौके और 3 छक्के की बदौलत 125 रन बनाकर नाबाद हैं. उन्होंने शुभमन गिल की जगह ली, जो गर्दन की समस्या से जूझ रहे हैं। 26 वर्षीय सरफराज ने इस साल की शुरुआत में राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था. कीवी टीम के खिलाफ पहली पारी में वे शून्य पर आउट हो गए थे, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने शानदार वापसी की, जिससे यह 22वां मौका बन गया जब किसी भारतीय बल्लेबाज ने एक ही टेस्ट में शून्य और शतक बनाया. सलामी बल्लेबाजों के जल्दी-जल्दी आउट होने के बाद उन्होंने विराट कोहली (70) के साथ तीसरे विकेट के लिए शतक से अधिक की साझेदारी की, लेकिन कोहली आउट हो गए. इसके बाद वे पंत (नाबाद 53) के साथ मिलकर अब तक 113 रन जोड़ चुके हैं. सरफराज ने इस महीने की शुरुआत में शेष भारत के खिलाफ ईरानी कप में मुंबई के लिए दोहरा शतक जड़ा था. प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 15 शतक लगाए हैं.

## सरफराज ने कहा : जिस मैच में मिलेगा मौका, सेंचुरी बनाऊंगा

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु टेस्ट में उस बल्लेबाज को प्लेइंग इलेवन में मौका दिया जिसे बाहर रखने पर लगातार चर्चा होती है. सरफराज खान को इंग्लैड टेस्ट सीरीज में शानदार डेब्यू के बाद बांग्लादेश के साथ खेलने का मौका नहीं मिला. तब उन्होंने कहा था कि वो जब भी मौका मिला सेंचुरी मारना चाहेंगे. बेंगलुरु टेस्ट की पहली पारी में बिना खाता खोले लौटे लेकिन दूसरी पारी में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर शतक जमाया. भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में खेला जा रहा है. इस मैच में शुभमन गिल को अनफिट होने की वजह से सरफराज खान को खेलने का मौका मिला. पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में इस बैटर ने शानदार सेंचुरी जमाई. सरफराज खान ने इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू किया था और पहली पारी में तेज फिफ्टी जमाकर रन आउट हो गए थे. 66 बॉल पर 62 रन की पारी खेल वो रवींद्र जडेजा के कॉल पर आउट हुए थे. जडेजा ने मैच के बाद उनसे माफी मांगी थी. सरफराज खान ने पहली मैच की दोनों पारी में फिफ्टी जमाई थी लेकिन शतक नहीं पूरा कर पाए. पहली पारी में रन आउट हो गए जबकि कप्तान ने दूसरी पारी घोषित कर दी थी. इसके बाद तीसरे टेस्ट मैच में वो फिर अर्धशतक जमाने में कामयाब हुए लेकिन शतक नहीं बना पाए. बांग्लादेश के खिलाफ उनको टेस्ट सीरीज खेलने का मौका नहीं मिली लेकिन उन्होंने जियो सिनेमा से बात करते हुए कहा था कि जब भी मौका मिला वो उसी मैच में शतक बनाना चाहेंगे. सरफराज खान ने दूसरी पारी में सेंचुरी ठोक अपनी बात सही साबित की.

**150 रन**

## उम्मीद है सरफराज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के धुरंधर साबित होंगे : अभिषेक नायर

**बेंगलुरु।** भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर को उम्मीद है कि सरफराज खान अपनी शानदार घरेलू फॉर्म को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भी जारी रखेंगे. मुंबई के बल्लेबाज ने शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले जा रहे चौथे दिन के पहले सेशन में अपना पहला टेस्ट शतक लगाया. सरफराज ने शुक्रवार शाम में बनाए 70 रन से आगे खेलना शुरू किया और ऋषभ पंत के साथ मिलकर भारत को मुश्किल से बाहर निकालने की कोशिश जारी रखी. भारत की पहली पारी केवल 46 रन पर सिमटने के बाद यह पारी काफी अहम थी, क्योंकि यह टेस्ट क्रिकेट में घर पर भारत का सबसे कम स्कोर था. दोनों खिलाड़ियों ने मिलकर 113 रन की साझेदारी की, जिसमें पंत ने अपना 12वां टेस्ट अर्धशतक बनाया. इसके बाद बारिश ने खेल को रोक दिया. उस समय भारत ने 71 ओवर में 344/3 का स्कोर बना लिया था और न्यूजीलैंड से 12 रन पीछे था. नायर ने बीसीसीआई द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, हम सरफराज खान को शतकों, दोहरे शतकों और तिहरे शतकों के लिए जानते हैं. इसलिए मुझे उम्मीद है कि दिन के अंत में हम घरेलू क्रिकेट के सरफराज खान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसी अंदाज में खेलते देखेंगे और वो तिहरा शतक बनाएंगे. शुक्रवार को भी सरफराज ने विराट कोहली (70) के साथ 136 रन की अहम साझेदारी की थी, इससे पहले ग्लेन फिलिप्स ने दिन की आखिरी गेंद पर कोहली को आउट कर दिया था.

### बेंगलुरु टेस्ट : टीम इंडिया की दूसरी पारी 462 रनों पर सिमटी

# न्यूजीलैंड को जीत के लिए चाहिए 107 रन

एजेंसी। बेंगलुरु

बेंगलुरु में भारत व न्यूजीलैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच रोमांचक मोड़ पर आ गया है. चौथे दिन का खेल खराब रोशनी और तेज बारिश के कारण समय से पहले ही समाप्त कर दिया गया. चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक न्यूजीलैंड ने केवल 4 गेंद खेलीं, जिनमें टीम का खाता भी नहीं खुल पाया. न्यूजीलैंड को मैच जीतने के लिए 107 रन बनाने हैं. तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए थे. चौथे दिन सुबह टीम इंडिया ने अपना स्कोर बोर्ड आगे बढ़ाया. चौथे दिन के पहले दो सेशन भारत के नाम रहे क्योंकि सरफराज खान और ऋषभ पंत के बीच 177 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई. सरफराज ने 150 रन बनाए, वहीं ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हुए. मगर इसके बाद टीम इंडिया लगातार अंतराल पर विकेट गंवाती चली गई. एक सेशन में पलट गया मैच

एक समय भारत ने 3 विकेट के नुकसान पर 408 रन बना लिए थे. मगर सरफराज खान का विकेट गिरने के बाद टीम इंडिया की बैटिंग संघर्ष के मोड में चली गई. आलम ये था कि भारत ने आखिरी 7 विकेट महज 54 रन के भीतर गंवा दिए. चौथे दिन के आखिरी सेशन में मैट हेनरी और विलियम ओ''रूर्के की घातक गेंदबाजी के आगे केएल राहुल महज 12 रन बना पाए, वहीं रवींद्र जडेजा भी केवल 5 रन बना सके. इस तरह टीम इंडिया की दूसरी पारी 462 रनों पर सिमट गई.

### खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा

एक समय भारतीय टीम बहुत मजबूत स्थिति में लग रही थी. मगर चौथे दिन के आखिरी सेशन ने मैच का रुख न्यूजीलैंड की ओर मोड़ दिया है. कीवी टीम को चौथी पारी में जीत के लिए 107 रन बनाने हैं. चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक मेहमान टीम केवल 4 ही गेंद खेल पाई. न्यूजीलैंड अभी एक भी ओवर नहीं खेल पाई थी, तभी मैदान के ऊपर घने काले बादल छा गए. ऐसे में अंपायरों ने खराब रोशनी के चलते समय से पहले ही स्टंप्स का एलान कर दिया. वहीं कुछ देर बाद ही तेज बारिश शुरू हो गई.



**99 रन**

## धौनी के बाद 99 पर आउट होने वाले दूसरे कीपर बने पंत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में खेले जा रहे भारत-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हो गए. न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में पंत ने 105 गेंद में 99 रन बनाए, जिन्हें तेज गेंदबाज विलियम ने क्लीन बोल्ड किया. वो अब भारतीय क्रिकेट इतिहास के ऐसे केवल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं, जो महज एक रन के अंतर से शतक से चूक गए. उनसे पहले साल 2012 में एमएस धौनी 99 के स्कोर पर आउट हुए हैं. ऋषभ पंत दूसरी पारी में तब बैटिंग करने आए जब विराट कोहली 70 रन बनाकर आउट हो गए थे. जब पंत क्रीज पर आए तो भारत ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए थे. उसके बाद ऋषभ पंत और सरफराज खान ने ताबड़तोड़ अंदाज में बैटिंग शुरू की. दोनों के बीच 177 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई. सरफराज ने 150 रन बनाए, वहीं पंत की पारी 99 के स्कोर पर समाप्त हुई. वो अगर शतक पूरा कर लेते तो टेस्ट क्रिकेट में धोनी को पीछे छोड़ कर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन जाते. दोनों ने अब तक टेस्ट मैचों में 6-6 शतक लगाए हैं. एमएस धौनी ऐसे पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने थे, जो 99 रन बनाकर आउट हो गए थे. दिसंबर 2012 में नागपुर में भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच खेला जा रहा था, जिसकी पहली पारी में धौनी 99 रन के स्कोर पर रन आउट हो गए थे. उन्हें एलिस्टर कुक ने रन आउट किया था. वह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा था. पिछले 10 साल में कोई भारतीय बल्लेबाज टेस्ट मैचों में 99 के स्कोर पर आउट नहीं हुआ था. आखिरी बार मुरली विजय साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक रन के अंतर से सेंचुरी नहीं लगा पाए थे. उसके बाद अब ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में 99 रन बनाकर आउट होने वाले पहले बल्लेबाज हैं. टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार 99 रन बनाकर आउट होने वाले भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ रहे. ये दोनों दिग्गज टेस्ट क्रिकेट में 10-10 बार महज एक रन के अंतर से शतक लगाने से चूक गए थे.

### मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और कप्तान पैट कमिंस ने किया खुलासा

# स्मिथ को चौथे नंबर पर भेजने का फैसला

एजेंसी। नयी दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने खुलासा किया कि उन्होंने और कप्तान पैट कमिंस ने स्टीव स्मिथ को टेस्ट में चौथे नंबर पर वापस भेजने का फैसला किया है, जबकि कुछ समय तक उन्होंने ओपनिंग की थी. डेविड वार्नर के संन्यास के बाद स्मिथ चौथे नंबर से ओपनिंग करने के लिए टेस्ट में आए, लेकिन उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली, उन्होंने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ मैचों में 28.50 की औसत से 171 रन बनाए. मैकडोनाल्ड ने शनिवार को एबीसी रेडियो के समर ग्रैंडस्टैंड शो में कहा, यह पैटी और मेरे ऊपर है और हम इस अंतिम निर्णय को लेते हैं. हमें सामूहिक रूप से लगा कि नेतृत्व समूह के रूप में, टीम के लिए यह सबसे अच्छा था कि वह ओपनिंग से हट जाए. स्पष्ट रूप से, पिछले साल के चरण में हमें लगा कि टीम के लिए यह सबसे अच्छा था कि वह ओपनिंग करे. कोच ने कहा, इससे हमें कैमरून (ग्रीन) को नंबर 4 स्लॉट पर लाने में मदद मिली. जैसे-जैसे समय बीतता है, आप भविष्य के बारे में



सोचते हैं और इस गर्मी में हमारे सामने अलग-अलग चुनौतियां हैं. यह सामूहिक निर्णय था. आखिरकार, यह ऐसा निर्णय है जो स्टीव नहीं लेते." उस्मान ख्वाजा के टेस्ट में ओपनिंग करने के साथ, शीर्ष पर उनके साथ कौन होगा, इस दौड़ पर रविवार से नज़र रहेगी, जब मार्कस हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट, मैथ्यू रेनशॉ और युवा खिलाड़ी सैम कोंस्टास शेफ़ील्ड शील्ड के अगले दौर में अपनी-अपनी टीमों के लिए खेलेंगे. हैरिस, बैनक्रॉफ्ट और कोंस्टास के साथ ऑस्ट्रेलिया 'ए''टीम में भारत 'ए' के खिलाफ़ दो चार दिवसीय मैचों के लिए, जो इस महीने के अंत में मैके और मेलबर्न में खेले जाने हैं, मैकडोनाल्ड ने कहा कि ऊपर बताए गए सभी नाम 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाली महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज़ के लिए दावेदारी में हैं. उन्होंने कहा, पहले शील्ड गेम में सैम कोंस्टास ने जो काम किया, उससे उन्हें ऑस्ट्रेलिया ए सेट-अप में मौका मिला है और साथ ही उन्हें अपना काम करने का मौका भी मिला है. हम ऑस्ट्रेलिया ए के कुछ चयनों में भविष्य को लेकर थोड़ी-बहुत नजर रखते हैं और कुछ हद तक यहां और अभी को लेकर भी. मैकडोनाल्ड ने निष्कर्ष निकाला, इसके बजाय, सामान्य उम्मीदवारों के बारे में बात की जा रही है: बैनक्रॉफ्ट, हैरिस, रेनशॉ, साथ ही कोंस्टास. लेकिन यह कोई बैट-ऑफ नहीं है, सभी कारकों को ध्यान में रखा जाएगा. हमारे पास कुछ बाएं हाथ के विकल्प हैं, कुछ दाएं हाथ के विकल्प हैं.हमारे पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने समय-समय पर रन बनाए हैं, इसलिए हम उस समय उन्हें पुरस्कृत करते हैं.

# ऑस्ट्रेलिया जा रही भारत ए की टीम में ईशान किशन की वापसी

- ऋतुराज गायकवाड़ कर सकते हैं कप्तानी

एजेंसी। नयी दिल्ली

ऋतुराज गायकवाड़ के अलावा 15 सदस्यीय टीम में अन्य ओपनिंग बल्लेबाजों में अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन को भी शामिल किया गया है. इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में एक रिजर्व ओपनर की आवश्यकता हो सकती है, क्योंकि रोहित शर्मा निजी कारणों से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले दो मैचों में से एक को मिस कर सकते हैं.

ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारतीय ए टीम का यह दौरा कुछ खिलाड़ियों को बैकअप के रूप में भारत की टेस्ट टीम में शामिल होने का अच्छा मौका दे सकता है. देवदत्त पडिक्कल, बी इंद्रजीत और रिकी भुई इंडिया ए टीम के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज होंगे. वहीं अभिषेक पोरेल और ईशान किशन टीम में विकेटकीपर के तौर पर शामिल किए गए हैं. नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन और मानव सुथार टीम के ऑलराउंडर होंगे. वहीं मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील



अहमद और यश दयाल को टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल किया गया है. 29 वर्षीय ईश्वरन पहले भी 2022 में बांग्लादेश दौरे पर भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा रह चुके हैं. साथ ही इस घरेलू सीजन में शानदार फॉर्म में हैं. उन्होंने दलीप ट्रॉफी में दो शतक और ईरानी ट्रॉफी में एक शतक बनाया था. रणजी ट्रॉफ़ी में उन्होंने सीजन की शुरुआत भी शतक के साथ ही की है. 23 वर्षीय सुदर्शन ने अगस्त में इंग्लिश काउंटी सरे के लिए एक शतक बनाया था. इसके बाद दलीप ट्रॉफी में उन्होंने एक और शतक जड़ा. दिल्ली में तमिलनाडु के चल रहे रणजी ट्रॉफी मैच में भी उन्होंने दोहरा शतक जड़ा है.

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की गवर्निंग काउंसिल का हुआ गठन

# आईएमएल की गवर्निंग काउंसिल में गावस्कर, पोलक, रिचर्ड्स शामिल

एजेंसी। मुंबई

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) ने अपनी गवर्निंग काउंसिल के गठन की घोषणा की है, जिसमें क्रिकेट की तीन महान हस्तियां लीग कमिश्नर सुनील गावस्कर, सर विवियन रिचर्ड्स और शॉन पोलक शामिल हैं. ये तीनों खिलाड़ी आईएमएल की रणनीतिक दिशा, नियमों और संचालन की देखरेख करेंगी. इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का पहला संस्करण 17 नवंबर से 8 दिसंबर, 2024 तक खेला जाएगा, जिसमें नवी मुंबई का डी.वाई. पाटिल स्टेडियम शुरुआती चरण की मेजबानी करेगा. लखनऊ और रायपुर अन्य दो स्थान होंगे, जिनमें रायपुर फाइनल की मेजबानी करेगा. क्रिकेट के अग्रणी और टेस्ट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज, सुनील गावस्कर अपने चतुर क्रिकेट दिमाग और खेल की अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं. गावस्कर ने एक विज्ञप्ति में कहा, गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों के रूप में हमारा ध्यान यह सुनिश्चित



करने पर होगा कि अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग क्रिकेट की भावना के प्रति सच्ची बनी रहे, जबकि वैश्विक स्तर पर प्रशंसकों को मनोरंजन प्रदान किया जाए. आईएमएल न केवल खेल के महारथियों के लिए एक श्रद्धांजलि है, बल्कि उन प्रशंसकों के लिए एक उत्सव भी है जो अपने नायकों को संजोना जारी रखते हैं. सर विव रिचर्ड्स, जो अब तक के सबसे विध्वंसक बल्लेबाजों में से एक हैं, 1970 और 1980 के दशक में क्रिकेट पर छाई वेस्टइंडीज टीम के अभिन्न सदस्य थे. वे सीमित ओवरों के खेल में अपने समय से आगे के खिलाड़ी थे और उनकी कप्तानी में वेस्टइंडीज एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी. आईएमएल की गवर्निंग काउंसिल में शामिल होने पर सर विवियन रिचर्ड्स ने कहा, आईएमएल एक अविश्वसनीय मंच है, जो प्रशंसकों को खेल के पिछले महारथियों को फिर से एक्शन में देखने का अनूठा रोमांच प्रदान करेगा. मैं गवर्निंग काउंसिल का हिस्सा बनने और इस अभिनव लीग को सफलता की ओर ले जाने में मदद करने के लिए उत्साहित हूं. दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और अब तक के सबसे सफल ऑलराउंडरों में से एक शॉन पोलक, आईएमएल गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में अपने अनुभव और बहुमुखी प्रतिभा को सामने लाएंगे.

### दिल्ली हाफ मैराथन — जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से आज होगी रेस, 260,000 अमेरिकी डॉलर की है पुरस्कार राशि

# एड्रिस-चेप्टेगी और मैककोलगन-लिमो के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला

एजेंसी। नयी दिल्ली

विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, दिल्ली हाफ मैराथन के आगामी संस्करण में रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में शीर्ष सम्मान के लिए कुछ विश्व स्तरीय धावक भाग लेंगे. युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी, जो दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं, का सामना इथियोपिया के दो बार के 5000 मीटर विश्व चैंपियन मुक्तार एड्रिस से होने वाला है. दिलचस्प बात यह है कि एड्रिस ने हाल ही में टिलबर्ग में 10 मील की दौड़ में चेप्टेगी को हराया था. शुक्रवार की शाम को यहां रेस से पहले प्रेस मीट में शीर्ष एथलीटों ने हिस्सा लिया. युगांडा पुलिस बल में कार्यरत चेप्टेगी

### खास बातें

- लिमो 2015 के बाद पहली बार दिल्ली लौटी है
- मैककोलगन 2008 के बाद फिर से भारत आ रही हैं

ने बताया कि कैसे भारत में उनकी पहली रेस ने उनके करियर के लिए एक बेंचमार्क स्थापित किया.

उन्होंने कहा, भारत ने मेरे लिए एक बड़ी भूमिका निभाई, खासकर इसलिए क्योंकि यह मेरी सफलता की कहानी का एक बड़ा हिस्सा था. इसने मुझे एक वास्तविक अवसर दिया, और दस साल बाद भी, मेरी



प्रबंधन टीम ने कहा, 'यदि आप अपने करियर के और 10 साल सड़कों पर बिताना चाहते हैं, तो आपको भारत वापस जाना होगा. इसलिए मैं लोगों को कुछ वापस देने के लिए भारत वापस आया हूं.दिल्ली हाफ मैराथन में अपने प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त चेप्टेगी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रविवार की दौड़ मेरे लिए अच्छी रहेगी. मेरी प्राथमिकता दिल्ली हाफ मैराथन के माध्यम से अपने अगले अध्याय की ओर बढ़ना है. हाल ही में लगी चोट से उबरने को लेकर एड्रिस ने कहा, मेरी चोट अब लगभग 95% ठीक हो गई है, हालांकि एक छोटी सी समस्या आई है. लेकिन यह प्रबंधनीय है. मैं वर्तमान में अपने पिछले फॉर्म के 70-80% पर हूं और लगातार सुधार कर रहा हूं. मेरा लक्ष्य पूरी ताकत से वापसी करना है, खासकर लंबी दौड़ के लिए. मेरे परिवार ने पूरे समय मेरा बहुत साथ दिया.2019 में एक चुनौतीपूर्ण दौड़ को याद करते हुए, एथलीट ने बताया कि कैसे चोटों के कारण उन्हें शुरुआत में मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़ा.

उन्होंने कहा, दोहा में 5000 मीटर की फ़ाइनल के दौरान, गर्मी और उमस बहुत ज़्यादा थी. यह कठिन था, लेकिन इसने मेरे पक्ष में काम किया. मैं अंतिम 400 मीटर तक समूह के साथ रहा और अंतिम चरण में, मैं अन्य एथलीटों और खुद को आश्चर्यचकित करने में कामयाब रहा. किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि मैं उस दिन जीत जाऊंगा. महिलाओं के वर्ग में 10,000 मीटर में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन, इलिश मैककोलगन शामिल हैं. हालांकि, केन्या की सिंथिया लिमो, 2016 विश्व हाफ मैराथन की रजत पदक विजेता, आगामी दौड़ में ब्रिटिश धावक को कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं.

# पीकेएल: आशु मलिक ने दबंग दिल्ली केसी. को यू मुंबा के खिलाफ दिलाई जीत

एजेंसी। हैदराबाद

दबंग दिल्ली केसी. ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए आशु मलिक के शानदार प्रदर्शन की बदौलत यू मुंबा को 36-28 से हराया. आशु मलिक ने अपनी टीम के लिए 10 अंक बनाए. मैच में शुरुआत से ही दबंग दिल्ली केसी. और यू मुंबा के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें कोई भी टीम शुरुआती बढ़त हासिल नहीं कर पाई. दबंग दिल्ली के.सी. के लिए आशु मलिक बढ़त बनाए हुए थे, जबकि यू मुंबा की तरफ से अजीत चव्हाण शुरुआती मुकाबलों में सबसे ज्यादा अंक हासिल कर रहे थे. थोड़ी देर बाद आशु मलिक ने यू मुंबा को ऑल-आउट कर दिया और दबंग दिल्ली



केसी. को पहले हाफ के बीच में 4 अंकों की बढ़त दिलाने में मदद की. इसके बाद दबंग दिल्ली केसी. ने मैच को अपने नाम कर लिया. टीम यू मुंबा को हाफ टाइम तक रोके रखने में सफल रही. हाफ टाइम ब्रेक के समय, दबंग दिल्ली केसी. की टीम यू मुंबा से 4 अंक आगे थी. इस समय, दबंग दिल्ली के.सी. के लिए आशु मलिक ने 6 अंक बनाए और टीम 19-15 से आगे हो गई.

## ब्रीफ खबरें

### जंगली जानवरों से सहमे आम लोग

**बेतिया ।** बेतिया पुलिस जिला स्थित मंगुराहा वन क्षेत्र से सटे बेलसंडी गांव में जंगल से भटक कर एक भालू के पहुंच जाने से लोगों मे हड़कंप मच गया. हालांकि वन विभाग की टीम उसे जंगल के तरफ मोड़ने का प्रयास कर रही है. लोगों की माने तो वीटीआर के जंगल को छोड़कर भालू ने गांव के आसपास गन्ने की खेत मे अपना ठिकाना बना लिया है,जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल है. भालू के गांव के पास देखे जाने के बाद किसान खेतों में जाना बंद कर दिये है. भालू देखे जाने के बाद ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी.

### विशेष समकालीन अभियान में तीन गिरफ्तार

**अररिया।** एसपी अमित रंजन के आदेश पर जिले में चले विशेष समकालीन अभियान में फारबिसगंज थाना पुलिस ने तीन विभिन्न मामलों के आरोपितों को गिरफ्तार किया. तीनों आरोपित को शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. फारबिसगंज थाना पुलिस की ओर से यह विशेष अभियान एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में फारबिसगंज थाना में विभिन्न मामलों में दर्ज प्राथमिकी को लेकर चलाया. इस दौरान अभियुक्त भागकोहलिया गांव के बबलू मंडल, शोभन मंडल आईपीसी के आरोपी अमहरा के मो. अरबाज पिता मो. हाकीम को गिरफ्तार किया.

### दो देशी कट्टा व दो खोखा के साथ एक गिरफ्तार

**भागलपुर ।** विशेष समकालीन अभियान के तहत जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 देशी कट्टा एवं 2 खोखा के साथ 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. इसी क्रम में शनिवार को विशेष अभियान में नाथनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुर जाने वाली पक्की सड़क पर पुलिया के पास से बाइक पर सवार 3 व्यक्ति पुलिस को देखते ही फायरिंग करते हुए भागने लगे, जिसमें से 1 युवक को बाइक सहित 02 देशी कट्टा एवं 02 खोखा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया. इस संबंध में नाथनगर थाना में सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया.

# जन सुराज पार्टी ने बेलागंज, इमामगंज के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की

**संवाददाता। गया**

बिहार की चार विधनासभा सीटों तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज में उप चुनाव होने वाला है. इस उपचुनाव को लेकर जनसुराज पार्टी ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है. इस बीच पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को बेलागंज और इमामगंज सीट से प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी. प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज ने बेलागंज से प्रोफेसर खिलाफत हुसैन और इमामगंज से डॉक्टर जितेंद्र पासवान को प्रत्याशी बनाया है. प्रोफेसर खिलाफत हुसैन मिर्जा गालिब कॉलेज में 2002-2017 से गणित के विभागाध्यक्ष रहे हैं. उनके पुत्र मुजफ्फर अहमद अरमान मिर्जा गालिब कॉलेज में फारसी के शिक्षक हैं. इधर, डॉक्टर जितेंद्र पासवान एक शिशु रोग विशेषज्ञ हैं. ये पूर्व में पंचायत समिति के प्रतिनिधि और मुखिया प्रतिनिधि रह चुके हैं. उल्लेखनीय है कि जन सुराज ने बिहार की चार सीटों पर हो रहे उपचुनाव में प्रत्याशी उतारने का




फैसला किया है. चार में तीन सीटों पर जन सुराज ने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है. पार्टी ने पहले ही तरारी विधानसभा सीट से रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल श्रीकृष्ण सिंह के नाम की घोषणा की थी. प्रशांत किशोर ने जन सुराज के उम्मीदवार के चयन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि जन सुराज मजबूत लोगों को नहीं चुनता, जन सुराज सही लोगों का चयन करता है. जन सुराज योग्यता के साथ-साथ स्वच्छ छवि वाले, जनता के बीच रहे और बिहार को बेहतर बनाने का संकल्प रखने वाले लोगों को अपना उम्मीदवार बनाता है. उम्मीदवार का चयन अन्य पार्टियों की तरह पैसे लेकर या पटना के एक कमरे में बैठकर नहीं किया जाता और न ही पारिवारिक पार्टियों की तरह सिर्फ नेताओं के बच्चों को मौका दिया जाएगा. गौरतलब है कि तरारी में सीपीआई के सुदामा प्रसाद, बेलागंज में राजद के सुरेंद्र यादव, इमामगंज में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतनराम मांझी और रामगढ़ में राजद के सुधाकर सिंह के लोकसभा पहुंच जाने से ये चारों सीटें खाली हुई हैं. सभी सीटों पर 13 नवंबर को वोटिंग होनी है. 2 अक्टूबर को प्रशांत किशोर ने जनसुराज पार्टी की घोषणा की थी. इस उपचुनाव में जनसुराज पार्टी जोर-शोर से लगी हुई है.

### खड़ी ट्रक को स्कार्पियो ने मारी टक्कर, दो की मौत

पटना। वैशाली जिले के हाजीपुर-महनार रोड स्थित बिदुपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत दाउदनगर में एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने शनिवार सुबह सड़क किनारे खड़ी ट्रक में टक्कर मार दी, जिससे दो लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना पर आसपास के लोग जुट गए. लोगों ने घटना की जानकारी डायल 112 की पुलिस एवं बिदुपुर थाना अध्यक्ष को दी. घटना की जानकारी मिलते ही बिदुपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए आनन-फानन में सदर अस्पताल भेज दिया.

## तकनीक का उपयोग व प्रत्यक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन में कहा-

# दो बार गलती किए थे, लेकिन अब कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे : नीतीश

**एजेंसी। पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को एक बार फिर भाजपा के साथ रहने की बात कहीं. एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुझसे दो बार गलती हो गई थी, लेकिन अब वह भाजपा के साथ ही रहेंगे. मत्स्य पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक का उपयोग और प्रत्यक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान नीतीश कुमार ने कहा, हमने दो बार गलती की. पार्टी गठन के समय से ही हम लोग भाजपा के साथ थे, अब कभी इधर-उधर नहीं जाएंगे, वो सब (आरजेडी) खूब गड़बड़ करता था.

बता दें नीतीश कुमार ने बीते दिनों भी इसी तरह का बयान दिया था. उन्होंने कहा था कि अब वह एनडीए के साथ ही बने रहेंगे. नीतीश कुमार के बयान पर जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह कहते हैं कि नीतीश कुमार दो बार राजद के साथ गए, लेकिन दोनों बार का अनुभव नीतीश कुमार के लिए अच्छा नहीं रहा. यही वजह है कि नीतीश कुमार कहते हैं कि अब कभी राजद के साथ नहीं जाएंगे. कार्यक्रम के दौरान नीतीश कुमार ने बिहार की पुरानी स्थिति का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि 2005 के पहले लोगों का



### हिंदू समाज एकजुट होगा, तो देश मजबूत बनेगा : तारकिशोर प्रसाद

**कटिहार।** बिहार में हिन्दुओं को एकजुट करने के लिए केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह हिंदू स्वाभिमान यात्रा निकाल रहे हैं. कटिहार में शनिवार को यात्रा का दूसरा दिन था. इस दौरान गिरिराज सिंह ने यज्ञशाला मैदान के मंदिर में पूजा-अर्चना की. स्वाभिमान यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए. इस कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद शामिल हुए. उन्होंने कहा, केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह के नेतृत्व में बिहार के कई शहरों में हिन्दू स्वाभिमान यात्रा निकाली जा रही है. देश को अगर



ऊंचाई पर पहुंचाना है तो इसमें हिन्दुओं का प्रमुख योगदान होगा. चूंकि हिन्दू समाज अगल-अलग वर्गों में बंटा हुआ है, इस यात्रा के माध्यम से उन्हें जोड़ने का प्रयास है. विश्व में अगर हिन्दुओं की बात होती है तो लोग भारत की ओर देखते हैं. हिन्दू समाज एकजुट होगा तो देश मजबूत बनेगा. विश्व गुरु बनने की ओर हम बढ़ रहे हैं. हिन्दू स्वाभिमान यात्रा को लेकर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया. उन्होंने पोस्ट में लिखा, हिन्दू स्वाभिमान यात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत आज कटिहार के पवित्र यज्ञशाला मंदिर में भक्तिभाव से पूजा-अर्चना कर की गई.

काम धंधा खराब था. कोई काम नहीं होता था, हम लोगों ने हर क्षेत्र के लोगों के लिए काम किया. कृषि, पशुपालन, मछली पालन पर हमारी सरकार ने ध्यान दिया. बिहार मछली उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है, यहां की मछली अब बाहर भेजी जा रही है. बिहार में हमारी सरकार ने हिंदू-मुसलमान का विवाद खत्म किया. कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा सहित, विभाग के अधिकारी समेत सैकड़ों की संख्या में बिहार के सभी जिलों से आये किसान मौजूद थे.

### बुजुर्ग किसान पर तेजाब से हमला, गंभीर हालत में पीएमसीएच रेफर

**गोपालगंज।** गोपालगंज में अपराधियों ने घर के दरवाजे पर सो रहे एक बुजुर्ग किसान पर तेजाब से हमला कर दिया है. घटना जादोपुर थाना क्षेत्र के जादोपुर दुखहरण गांव में शुक्रवार की देर रात की बताई गई है. तेजाब के हमले में किसान गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए शहर के सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी एक आंख के नुकसान होने की बात कही है. पीड़ित को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. पीड़ित किसान की पहचान स्वर्गीय भीछन सिंह के 50 वर्षीय पुत्र रामेश्वर सिंह के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार तेजाब से हमला करने वाले शख्स का नाम उदय सिंह और इसके पहले भी जमीन विवाद में उसने अपने भाईयों पर तेजाब से हमला किया था. किसान के परिजनों ने जादोपुर थाना में उदय सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है.

## बुजुर्ग की मौत पर भड़का ग्रामीणों का गुस्सा, पुलिस पर किया हमला

**संवाददाता। हाजीपुर**

वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बुजुर्ग की सड़क पर हुई मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला बोल दिया. इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए तथा सरकारी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया. वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने के बाद स्थिति नियंत्रण में आई. पुलिस के मुताबिक, शनिवार को महुआ थाना की गश्ती टीम के सहायक पुलिस निरीक्षक भुनेश्वर राम एवं गश्ती दल के सिपाही को मद्य निषेध टोल फ्री नंबर से शराब को लेकर सूचना मिली. जिसके बाद गश्ती दल जलालपुर गंगटी गांव पहुंची. इस दौरान जांच के लिए आए पुलिस वाहन को देखकर एक अधेड़ व्यक्ति भागने लगा.

पुलिस का दावा है कि पुलिस और उस व्यक्ति के बीच करीब 250 मीटर की दूरी थी. भागने के क्रम में बुजुर्ग व्यक्ति गिर गया और उसकी



मौत हो गई. मृतक की पहचान कटरा थाना क्षेत्र के करहथिया गांव निवासी राजेंद्र पासवान (50) के रूप में की गई. बताया जाता है कि इस व्यक्ति की मौत की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोग भड़क गए और पुलिस टीम पर हमला बोल दिया. इस दौरान पुलिस की टीम पर पथराव भी किया गया. ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस वाहन से कुचले जाने पर उक्त व्यक्ति की मौत हुई है.

ग्रामीणों ने गश्ती दल के पुलिसकर्मियों को बंधक बनाकर रखा और मारपीट भी किया. पुलिस वाहन को पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया.

## जमीन विवाद में दो सगे भाइयों की निर्मम हत्या

**संवाददाता। पूर्णिया**

सरसी थाना क्षेत्र के कचहरी बलवा में मामूली जमीनी विवाद ने भयानक रूप ले लिया. दो डिसमिल जमीन को लेकर चल रहे विवाद में दो सगे इयों की क्रूरता से हत्या कर दी गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस के अनुसार आरोपी मुसहरु राम ने 15-20 लोगों के साथ मिलकर पहले राजेंद्र राम को अगवा किया. जब उन्हें बचाने उनके भाई उपेंद्र राम पहुंचे, तो आरोपियों ने दोनों भाइयों को शराब पिलाकर और आंखों में मिर्च डालकर धारदार हथियारों से वार कर मौत के घाट उतार दिया. बचाव का प्रयास करने आईं सुमन देवी, उनके पति सिंटू राम और विशाखा देवी को भी हमलावरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया. तीनों घायलों को जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है. सरसी थाना प्रभारी मनीष चंद्र यादव ने बताया कि मामले में 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है. शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है. मृतकों के परिजनों ने दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है.

## कारोबार

### कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** कोटक महिंद्रा बैंक ने शनिवार को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर अवधि के दौरान अपने शुद्ध लाभ को लेकर जानकारी दी. उसने इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 3,344 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 3,191 करोड़ रुपये से 4.8 प्रतिशत अधिक है. बैंक ने अपनी नियामक फाइलिंग में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए उसका मुनाफा 5,044 करोड़ रुपये रहा, जो सालाना आधार पर पिछले साल की इसी तिमाही के 4,461 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत अधिक है.

### एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 5% बढ़ा

**मुंबई ।** प्राइवेट सेक्टर के सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी ने शनिवार को बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक को 16,820 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है, जो पिछले साल की समान तिमाही से पांच फीसद अधिक है. बैंक ने बीएसई में अपनी नियामक फाइलिंग में कहा कि पिछले वर्ष के ट्रेडिंग और मार्क टू मार्केट प्रॉफिट और टैक्स क्रेडिट को एडजस्ट करने के बाद इस तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड मुनाफा 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही की तुलना में 17 प्रतिशत बढ़ा है.

### टेक महिंद्रा ने 1,250 करोड़ का किया मुनाफा

**मुंबई ।** दिग्गज आईटी कंपनी टेक महिंद्रा ने चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 1250 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड मुनाफा कमाया है. इसमें सालाना आधार पर 153.1 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 46.8 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है. कंपनी ने शनिवार को अपने मुनाफे को लेकर यह जानकारी दी. टेक महिंद्रा ने इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 13,313 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया, जो तिमाही आधार पर 2.4 प्रतिशत और सालाना आधार पर 3.5 प्रतिशत अधिक है. इस तिमाही के अंत में टेक महिंद्रा ने अपने कुल कर्मचारियों की संख्या 154,273 बताई है, जो कि तिमाही आधार पर 6,653 और सालाना आधार पर 3,669 अधिक है.

## विदेशी निवेशकों की बिकवाली जारी


# इस सप्ताह 21,823 करोड़ के शेयर बेचे

**▸▸ अक्टूबर में अभी तक एफआईआई ने की है 80 हजार करोड़ से अधिक की बिकवाली**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) अक्टूबर में अभी तक भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं. शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों ने साप्ताहिक आधार पर 21,823.34 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिक्री की. सिर्फ शुक्रवार को ही विदेशी निवेशकों ने दिनभर में 5,485.70 करोड़ रुपये की बिकवाली की. अक्टूबर में अब तक कुल 13 दिन कारोबार हुआ है. इन 13 दिनों में विदेशी निवेशक खरीदारी की तुलना में काफी अधिक बिकवाली करते रहे हैं. इस दौरान उन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 80,217.90 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की.

स्टॉक एक्सचेंज के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में विदेशी संस्थागत निवेशक जहां अंधाधुंध बिकवाली करते रहे, वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) खरीदारी करके



लगातार शेयर बाजार को सपोर्ट देने की कोशिश करते रहे. सिर्फ शुक्रवार को ही घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,214.83 करोड़ रुपये की खरीदारी की. इस माह अभी तक घरेलू संस्थागत निवेशक करीब 74,176.20 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी कर चुके हैं.

स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों को देखें तो इस साल विदेशी संस्थागत निवेशक कुल 2.19 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली कर चुके हैं. दूसरी ओर घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस अवधि में 4.92 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की है. आंकड़े से साफ है कि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने विदेशी निवेशकों की बिकवाली की तुलना में दो गुना से काफी अधिक खरीदारी करके घरेलू शेयर बाजार को लगातार सपोर्ट देने की कोशिश की है. घरेलू निवेशकों की इस खरीदारी के कारण ही मिडिल ईस्ट के जियो-पॉलिटिकल टेंशन के बावजूद शेयर बाजार ध्वस्त होने से बच गया. अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों की वजह से बाजार में गिरावट तो जरूर आई लेकिन ऐसे समय में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार को पूरी दम के साथ सहारा दिया है.

एक्सचेंज के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान विदेशी संस्थागत और पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू बाजार में कुल 61,997.74 करोड़ रुपये की खरीदारी की, जबकि इसी अवधि में इन निवेशकों ने 83,821.08 करोड़ रुपये की बिकवाली की. इस तरह पिछले कारोबारी सप्ताह में खरीद-बिक्री को मिलाकर विदेशी निवेशक घरेलू बाजार से 21,823.34 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं. दूसरी ओर, सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान घरेलू संस्थागत निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में कुल 68,926.57 करोड़ रुपये की खरीदारी की, जबकि इसी अवधि में इन निवेशकों ने 53,542.57 करोड़ रुपये की बिकवाली की. इस तरह पिछले कारोबारी सप्ताह में खरीद-बिक्री को मिलाकर घरेलू संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से 16,384 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश कर चुके हैं.

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि पिछले कुछ साल के दौरान घरेलू शेयर बाजार के कारोबार के तरीके में बदलाव आया है. पहले विदेशी संस्थागत निवेशकों की मर्जी के हिसाब से शेयर बाजार में कारोबार होता था. विदेशी निवेशक कभी भी जोरदार खरीदारी करके बाजार की चाल को तेज कर देते थे, वहीं कभी भी बाजार में जबरदस्त बिकवाली करके शेयर बाजार को ध्वस्त कर देते थे.

## सर्राफा बाजार में तेजी से पहली बार 79 हजार के पार पहुंचा सोना

### चांदी भी एक लाख के करीब पहुंचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में शनिवार लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है. सोने की तरह चांदी ने भी शनिवार को जोरदार छलांग लगाई है. सोने की कीमत में 800 से 870 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है. इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु पहली बार 79 हजार रुपये के स्तर को पार कर गई है. देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 79,140 रुपये से लेकर 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 72 हजार का स्तर पार करके 72,560 रुपये से लेकर 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी ने भी करीब 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की मजबूती दिखाई है. भाव में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चांदी 99,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है.

दिल्ली में 24 कैरेट सोना शनिवार को 79,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,560 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं,



देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,990 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है.

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 79,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

### सेफगार्ड व जापानी कंपनी नोहमी बोसाई के बीच एमओयू

**हरिद्वार ।** हरिद्वार में सिडकुल स्थित सेफगार्ड कंपनी और जापानी कंपनी नोहमी बोसाई के बीच एमओयू हुआ है. 15 अक्तूबर को भी सिडकुल एसोसिएशन की कई कंपनियों ने तंजानिया से आए 22 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एमओयू साइन किया था. सेफगार्ड इंडस्ट्रीज ने जापानी कंपनी नोहमी बोसाई के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जो अग्नि पहचान प्रणाली कंपनियों में से एक है और भारतीय कंपनियों को अग्नि सुरक्षा, सेवा सहायता, उत्पाद विकास, विपणन फीडबैक आदि के क्षेत्र में जापानी तकनीक प्रदान करने के लिए भारतीय चैनल पार्टनर के रूप में काम करेगी.

### एआई युग में क्लाउड इंडस्ट्री का करेगा विस्तार

**सोल।** दक्षिण कोरिया प्राइवेट क्लाउड इंडस्ट्री के विस्तार की योजना बना रहा है. विज्ञान मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा है कि दक्षिण कोरिया ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस युग में दूसरों के मुकाबले खुद को मजबूत बनाने के लिए प्राइवेट क्लाउड कंप्यूटिंग इंडस्ट्री का विस्तार करेगा. विज्ञान और आईसीटी मंत्रालय ने वैश्विक संस्थाओं के साथ रणनीतिक साझेदारी बनाकर स्थानीय क्लाउड कंपनियों को बढ़ावा देने का ऐलान किया है.

**रौनक** | करवा चौथ के मौके पर दिल्ली सहित देशभर के बाजारों में रौनक लौटी

# देशभर में 22 हजार करोड़ के व्यापार होने का अनुमान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

त्योहारी सीजन से देशभर के बाजारों में रौनक लौट आई है. नवरात्रि के दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फैन्सी आइटम और कपड़े सहित अन्य चीजों की अच्छी बिक्री रही. अब कारोबारियों को करवा चौथ, धनतेरस और दिवाली से काफी उम्मीद है. देश में करवा चौथ का त्योहार आज मनाया जाएगा. इस त्योहार की विशेष महत्ता है, क्योंकि विवाहित महिलाओं के लिए यह खास त्योहार है. करवा चौथ के मौके पर दिल्ली सहित देशभर के बाजारों में करीब 22 हजार करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है. पिछले साल यह आंकड़ा करीब 15 हजार



करोड़ रुपये से अधिक का था. कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं भाजपा के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल अभियान की शृंखला में करवा चौथ पर सभी को भारत में ही बने सामानों को उपयोग में लाने का बड़ा संदेश देता है.

पिछले दो दिनों से देशभर के बाजारों में इस पर्व की खरीदारी को लेकर जोश बना हुआ है. कपड़ों, ज्वेलरी से लेकर शृंगार-कॉस्मेटिक्स का सामान, गिफ्ट आइट्म्स, पूजा के सामानों की जमकर शॉपिंग की जा रही है. व्यापारियों के मुताबिक करवा चौथ त्योहार पर देशभर में करीब 22 हज़ार करोड़ रुपये का कारोबार होगा. यदि सिर्फ दिल्ली की बात करें तो यहां करीब चार हज़ार करोड़ रुपये की बिक्री होने वाली है. यदि ऐसा हुआ तो इस अवसर पर बिक्री के पुराने सारे रिकार्ड टूट जाएंगे.

कैट महामंत्री ने कहा कि करवा चौथ पर ज्वेलरी से लेकर कपड़े, मेकअप सामग्री, साड़ियां, पूजा कैलेंडर और पूजा सामग्री जिसमें पूजा के लिए करवा, छलनी, दीया, फूलबत्ती और पूजा से जुड़ी अन्य सामग्री की खरीदारी की जाएगी. इनमें ज्यादातर महिलाएं कथा की किताब और दीपों की भी खरीदारी करती हैं. इसके अलाव शृंगार के समानों में कांच की लाल चूड़ियां, बिछिया, पायल, लॉकेट और चूड़ा जैसी अलग-अलग तरह की करवे की थाली खरीदे जाते हैं. इस बार चांदी से बने करवे भी बाजार में उपलब्ध हैं जिनकी मांग ज्यादा होने की उम्मीद है. देशभर के बाजारों में खूब भीड़ दिखाई दे रही है. इस साल बाजारों में पिछले साल के मुकाबले ज्यादा रौनक दिखाई दे रही है.

खंडेलवाल ने कहा कि करवा चौथ पर मेहंदी लगाना बहुत शुभ माना जाता है. इसलिए देशभर में मेहंदी का बड़ा कारोबार होता है. करवा चौथ पर एक बेहतर व्यापार का बड़ा अवसर है.

## अंबिकापुर एयरपोर्ट का शुभारंभ एयर कनेक्टिविटी की दिशा में बड़ी उपलब्धि

**एजेंसी। रायपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में नए एयरपोर्ट का शुभारंभ करेंगे. प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मुताबिक इससे प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा. उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को अंबिकापुर में मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे. यह एयर कनेक्टिविटी की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि होगी, जिससे छत्तीसगढ़ को और अधिक विकास की राह पर ले जाने में मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए चाहे सड़क मार्ग हो या वायु मार्ग, हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं. कल (रविवार) का दिन छत्तीसगढ़ के लिए एक और



बड़ी उपलब्धि लेकर आएगा. एयरपोर्ट के शुभारंभ को राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को यात्रा करने में आसानी होगी. बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी रविवार को वर्चुअल माध्यम से अंबिकापुर के मां महामाया एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे. एयरपोर्ट के उद्घाटन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू सहित अन्य मंत्री भी उपस्थित होंगे.



लेबनान से किया गया इजरायल पर ड्रोन अटैक

अभी तक किसी आतंकवादी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

# नेतन्याहू के घर के करीब गिरा ड्रोन एयर डिफेंस को भेदने में रहा कामयाब

एजेंसी । तेल अवीव/बेरूत

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के घर पर ड्रोन हमला हुआ है. नेतन्याहू के कार्यालय ने माना कि शनिवार को केंद्रीय शहर में लेबनान का एक ड्रोन ढांचे से टकरा गया. इस सूचना के फौरन बाद कैसरिया में उनके आवास को ड्रोन से निशाना बनाया गया. बेरूत के प्रमुख समाचार पत्र लो ओरिएंट टुडे की खबर के अनुसार, अभी तक किसी आतंकवादी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है. नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान में कहा, एक यूएवी (मानव रहित हवाई वाहन) को कैसरिया में प्रधानमंत्री के आवास की ओर भेजा गया. प्रधानमंत्री नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा घर पर नहीं थे. इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ. उल्लेखनीय है कि इससे पहले शनिवार सुबह इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने एक्स पोस्ट में आगाह किया था कि हाइफा और दक्षिणी इजराइल में सायरन बज रहे हैं. बताया जा रहा है कि नेतन्याहू के आवास को लेबनान से ड्रोन के जरिये निशाना बनाया गया. तीन ड्रोन इजरायल पर हमले के लिए भेजे गए. आईडीएफ ने कहा कि शनिवार सुबह हिजबुल्लाह ने हाइफा और उत्तरी इजराइल पर 55 आग्नेय हथियार दागे. इस कारण हजारों नागरिकों को सुरक्षित स्थानों में शरण लेनी पड़ी.

हिजबुल्ला के अल मनार टीवी के अनुसार, इससे पहले शुक्रवार तड़के इस्लामिक प्रतिरोध के ऑपरेशंस रूम ने बयान जारी कर इजराइल के साथ सैन्य टकराव के बढ़ने की घोषणा की. बयान में कहा गया कि लड़ाई में इजराइली सेना को भारी नुकसान पहुंचाया गया है.

## गाजा पर इजरायली हवाई हमले में 33 फिलिस्तीनी मारे गए : हमास



**गाजा ।** उत्तरी गाजा पट्टी में जबालिया शिविर पर शुक्रवार शाम को इजरायली हवाई हमले में कम से कम 33 फिलिस्तीनी मारे गए. सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने मीडिया कार्यालय द्वारा जारी एक बयान का हवाला देते हुए बताया, 'मारे गए लोगों में 21 महिलाएं भी शामिल हैं. इसके अलावा, मलबे और इमारतों के नीचे कई लोगों के फंसे होने की भी खबर है, जिसके चलते कुल मौतों की संख्या 50 तक पहुंच सकती है. बमबारी में 85 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हैं. इसमें कहा गया है कि इजरायली सेना ने जबालिया शिविर में कई घरों पर बमबारी की. इजरायली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है. इजरायल 7 अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा पर हमास के उत्पात का जवाब देने के लिए गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर आक्रमण कर रहा है, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 को बंधक बना लिया गया था.

## हमास जिंदा है व जिंदा रहेगा, सिनवार की मौत के बाद बोले खामेनेई



**नयी दिल्ली ।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने शनिवार को कहा कि हमास नेता याह्या सिनवार की मौत प्रतिरोध को रोक नहीं पाएगी और हमास आगे भी जिंदा रहेगा. समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, खामेनेई ने एक बयान में कहा, उनका नुकसान निश्चित रूप से प्रतिरोध के लिए दुखद है, लेकिन इस मोर्चे ने प्रमुख व्यक्तियों की शहादत के साथ आगे बढ़ना बंद नहीं किया है. खामेनेई ने कहा, हमास जिंदा है और हमेशा जिंदा रहेगा. उन्होंने याह्या सिनवार की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें वीर मुजाहिद कहा, याह्या सिनवार के लिए, जिन्होंने इस निर्दयी दुश्मन के खिलाफ लड़ाई में अपना जीवन समर्पित किया. उन्होंने यह भी कहा कि वह ईमानदार फिलिस्तीनी मुजाहिदों और लड़ाकों के साथ खड़े रहेंगे. इस महीने की शुरुआत में, पांच साल में अपने पहले शुक्रवार के उपदेश में, ईरानी नेता ने चेतावनी दी थी कि इजरायल अधिक समय तक नहीं टिकेगा.

## न्यूज अपडेट

### घायल जवान की इलाज के दौरान मौत

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में घायल हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की शनिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई. रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को सड़क हादसे में सीआरपीएफ के 19 जवान घायल हो गए थे. चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया था, जिस कारण हादसा हो गया. हादसे की जानकारी मिलने पर बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया.

### 30 लाख लोगों को हैजा होने का खतरा

**खार्तूम ।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने चेतावनी दी है कि सूडान में 30 लाख से अधिक लोगों को हैजा होने का खतरा है. यूनिसेफ ने शुक्रवार को सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पांच साल से कम आयु के 5 लाख बच्चों समेत 31 लाख लोग हैजा के खतरे में हैं. यूनिसेफ के अनुसार, अप्रैल 2023 में सूडानी सशस्त्र बलों और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच संघर्ष शुरू होने से पहले सूडान में टीकाकरण कवरेज 85 प्रतिशत था जो घटकर लगभग 50 प्रतिशत रह गया है.


### नाले में गिरी बस, 3 की मौत

**सिद्धार्थनगर ।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में शुक्रवार शाम साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में बस नाले में जा गिरी. हादसे में साइकिल सवार सहित तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 24 लोग घायल हो गए. पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्राची सिंह ने बताया कि पुलिस को शुक्रवार शाम लगभग साढ़े छह बजे सूचना मिली कि एक बस जो बलरामपुर से सिद्धार्थनगर आ रही थी, ढेबरुवा थाना अंतर्गत चरगहवा नाले में गिर गई.

### एमपॉक्स के 49 नए मामले आए सामने

**कंपाला ।** युगांडा में एमपॉक्स के 49 नए मामले सामने आए हैं, जिससे बाद देश में पुष्टि किए गए मामलों की कुल संख्या 145 हो गई है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि युगांडा की राजधानी कंपाला में बीमारी के 27 नए मामले दर्ज किए गए, जो पिछले सप्ताह पूर्वी अफ्रीकी देश में सबसे अधिक है. मंत्रालय ने पुष्टि की है कि देश के 19 प्रभावित जिलों में अब तक कोई मौत दर्ज नहीं की गई है. युगांडा में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कंपाला में कहा कि वह प्रकोप को रोकने के प्रयासों में देश का समर्थन कर रहा है.

### स्कूली बच्चों से भरी बस पलटी, 15 घायल



**चंडीगढ़ ।** पंचकूला के मोरनी हिल्स में एक बार फिर से स्कूल बस हादसे का शिकार हो गई. शनिवार को हुए हादसे में एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए. घायलों को पंचकूला के अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस हादसे में स्कूल वैन का चालक भी घायल हुआ है. बस पलटते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई. राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया तथा आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर रस्सी की मदद से बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया.

### आरजी कर मामला:भूख हड़ताल जारी

**कोलकाता ।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अपनी सहकर्मी के साथ हुए बलात्कार और हत्या के खिलाफ जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन 15वें दिन भी जारी है. इस बीच, शनिवार को उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी स्थित पीड़ित जूनियर डॉक्टर के आवास से जूनियर डॉक्टरों के आमरण अनशन स्थल एस्प्लेनेड तक एक विशाल रैली आयोजित की जाएगी. हत्या के खिलाफ आंदोलन की अगुवाई कर रहे संगठन ने आम लोगों को रैली में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है.

### दूसरे दिन भी चला ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम शनिवार को भी (मुदा) कार्यालय में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी कर रही है. इस मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके परिवार के सदस्यों और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. ईडी ने लगातार दूसरे दिन एमयूडीए कार्यालय पर छापेमारी जारी रखी. जांच एजेंसी मैसूर में मुख्यमंत्री की पत्नी पार्वती को 14 स्थलों के आवंटन से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में ये छापेमारी कर रही है.

### कराची में किशोरी समेत चार की हत्या

**कराची ।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के ल्यारी क्षेत्र की ली मार्केट इलाके में एक अपार्टमेंट (जैनब आर्केड) से तीन महिलाओं और एक किशोरी शव मिले हैं. एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, चारों के गला कटे शव शनिवार सुबह पुलिस ने जैनब आर्केड की सातवीं मंजिल से बरामद किए गए. पुलिस के मुताबिक, बदन पर यातना के निशान भी हैं. चारों की पहचान हो गई है. इनके नाम 13 साल की अलीना, 18 साल की मदीहा, 19 साल की आयशा और 51 साल की शहनाज हैं.

## बम की धमकी के बीच फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ा विस्तारा का विमान

एजेंसी । नयी दिल्ली



दिल्ली से लंदन जा रही विस्तारा की एक फ्लाइट को बम की धमकी के बाद फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ दिया गया. एयरलाइन ने बताया कि फ्लाइट को फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया गया है. एयरलाइन ने जानकारी देते हुए कहा कि अनिवार्य सुरक्षा जांच की जा रही थी. एक बार ये जांच पूरी हो जाने के बाद, फ्लाइट लंदन के लिए अपनी यात्रा जारी रखेगी. एयरलाइन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली से लंदन जाने वाली फ्लाइट यूके 17 को फ्रैंकफर्ट की ओर मोड़ दिया गया है और इसके 2110 बजे (स्थानीय समय) पर फ्रैंकफर्ट पहुंचने की उम्मीद है. कृपया आगे की अपडेट के लिए बने रहें. एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि 18 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से लंदन के लिए उड़ान भरने वाली विस्तारा की फ्लाइट यूके17 को सोशल मीडिया के जरिए सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी.

## प्रियंका गांधी 23 को वायनाड में दाखिल करेंगी नामांकन

एजेंसी । नयी दिल्ली



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावी पिच पर डेब्यू करने जा रही हैं. वह केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी जो उनके भाई और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के छोड़ने के बाद खाली हुई है. प्रियंका गांधी वायनाड लोकसभा सीट से अपना नामांकन 23 अक्टूबर को दाखिल करेंगी.

राहुल के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी सीट इस दौरान राहुल गांधी भी उनके साथ मौजूद रहेंगे. अपना नामांकन दाखिल करने से पहले प्रियंका गांधी रोड शो निकालेंगी. बता दें कि झारखंड और महाराष्ट्र विस चुनाव के साथ ही 14 राज्यों की 48 विस सीटों और दो राज्यों की दो लोस सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, जिन दो लोस सीटों पर उपचुनाव के लिए तारीखों का ऐलान हुआ है, उनमें राहुल गांधी के इस्तीफे से रिक्त हुई केरल की वायनाड लोस सीट भी है. वायनाड संसदीय सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होगा.

## विजया रहाटकर बनीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष

एजेंसी । नयी दिल्ली



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने विजया रहाटकर को राष्ट्रीय महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया है. वे वर्ष 2016 से 2021 तक महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की भी अध्यक्ष रही हैं. मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक रहाटकर को इस पद पर तीन साल या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो), नियुक्त किया गया है. वे आयोग की 9वीं अध्यक्ष होंगी. रहाटकर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रही हैं. महाराष्ट्र महिला आयोग में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने सक्षमा, प्रज्ज्वला (स्वयं सहायता समूहों को केंद्र सरकार की योजनाओं से जोड़ना) और सुहिता (महिलाओं के लिए 24x7 हेल्पलाइन सेवा) की शुरुआत की थी. उन्होंने पॉक्सो एक्ट, तीन तलाक विरोधी सेल और मानव तस्करी विरोधी इकाइयों जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कानूनी सुधारों पर भी काम किया.

## बेंगलुरु में भारी बारिश से लोग परेशान 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी



**बेंगलुरु ।** बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. शनिवार को भारी बारिश के चलते कर्नाटक की राजधानी समेत 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने (आईएमडी) कर्नाटक के 11 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. शनिवार सुबह से शुरू हुई बारिश ने पूरे बेंगलुरु में ट्रैफिक को बाधित कर दिया है. शहर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हुई, जबकि कई अन्य जगहों पर भारी बारिश हुई. मौसम विभाग ने रविवार को भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की है. इसके चलते अधिकारी हाई अलर्ट पर हैं और संभावित आपातकालीन स्थितियों के लिए व्यवस्था कर रहे हैं. बेंगलुरु में हाल ही में हुई भारी बारिश से रिहायशी और स्थानीय इलाकों में पानी भर गया था. येलो अलर्ट दक्षिण कन्नड़, उडुपी और उत्तर कन्नड़ के तटीय जिलों के लिए जारी किया गया है, जहां तेज हवाएं चक्रवात जैसी स्थिति पैदा कर रही हैं.

### उपचुनाव को लेकर सीएम योगी ने की अहम बैठक

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिप्टी सीएम, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की. इस दौरान उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गई. बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 9 सीटों पर उपचुनाव को जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों को भी निर्धारित किया. बैठक के दौरान सभी को समन्वय बनाने पर भी जोर दिया.

### छत्तीसगढ़ में आईईडी विस्फोट से दो जवानों की मौत, दो जवान घायल

**नारायणपुर ।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में शनिवार को आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी 53 बटालियन के दो जवानों का बलिदान हो गया, जबकि नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हो गए हैं. बताया गया कि अबूझमाड़ इलाके के ओरछा, मोहंदी एवं ईरकभट्टी से आईटीबीपी, बीएसएफ एवं डीआरजी की संयुक्त पार्टी अपने अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुई थी. शनिवार दोपहर संयुक्त टीम के अभियान से वापसी के दौरान मध्य ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से आईटीबीपी 53 बटालियन के दो जवान 36 वर्षीय अमर पनवार निवासी महाराष्ट्र और 36 वर्षीय के. राजेश निवासी कडप्पा, आंध्र प्रदेश बलिदानी हो गये जबकि नारायणपुर जिला पुलिस के दो जवान घायल हुए हैं.

### नाबालिग से पहले दोस्ती की फिर किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कच्छ ।** गुजरात के कच्छ से लव जिहाद का मामला सामने आया है. आरोप है कि एक शख्स ने ऑनलाइन गेम के दौरान नाबालिग लड़की से दोस्ती की. इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया और शादी के लिए इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बनाया. पीड़िता के परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी शख्स को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक, कच्छ जिले के मांडवी में रहने वाले पीड़िता के परिवार ने पुलिस को बताया कि जिगर नाम के लड़के ने उनकी नाबालिग बेटी को प्रेम जाल में फंसाया और उसके साथ दुष्कर्म किया. फिर उसने उससे शादी के लिए इस्लाम धर्म अपनाने को कहा. दरअसल, पुलिस ने बताया, तीन साल पहले पीड़िता का परिवार मुंबई में रहता था. तब उनकी बेटी ऑनलाइन गेम खेलती थी.

इसी दौरान नाबालिग की जान-पहचान जिगर नाम के लड़के से हुई. इसके बाद दोनों मोबाइल के जरिए संपर्क में रहे और आरोपी जिगर उर्फ जियाद पीड़िता को हिंदू धर्म से जुड़ी तस्वीरें भेजकर उसका विश्वास जीतता था. पुलिस ने बताया कि जब पीड़िता ने उससे पूछा कि तुम मंदिर और देवी-देवताओं की फोटो भेजते हो, तो उसने कहा कि यह उसे फंसाने के लिए था.

## एलडीपी मुख्यालय पर बम से हमला

### पीएम ऑफिस में घुसने की कोशिश, आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ जारी

एजेंसी । टोक्यो



लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) मुख्यालय पर शनिवार तड़के एक शख्स ने मोलोटोव कॉकटेल या फायर बम फेंका. इसके बाद उसने पास ही में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय के परिसर में घुसने की कोशिश की. बता दें जापान में 27 अक्टूबर को आम चुनाव होने जा रहे हैं. समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने पब्लिक ब्रॉडकास्टर एनएचके के हवाले से बताया कि ये शख्स सुबह करीब 5:50 बजे (स्थानीय समयानुसार) टोक्यो के चियोदा वार्ड में एलडीपी मुख्यालय के सामने वैन लेकर आया और इसने मोलोटोव कॉकटेल जैसी पांच या छह चीजें फेंकी. रिपोर्ट में कहा गया कि इसके बाद संदिग्ध व्यक्ति लगभग 500 मीटर दूर प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचा, जहां उसने परिसर में गाड़ी घुसाने का प्रयास किया, लेकिन एक बाड़ के कारण उसका रास्ता ब्लॉक हो गया. बैरियर से टकराने के बाद यह शख्स वैन से बाहर निकला और पुलिस अधिकारियों पर 'स्मोक फ्लेयर' फेंका, हालांकि उसे काबू कर लिया गया. संदिग्ध शख्स को सार्वजनिक कर्तव्यों में बाधा डालने के आरोप में मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया.

### मध्य पूर्व के हालात के बीच इटली में जी-7 रक्षा मंत्रियों की बैठक

**नेपल्स ।** ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) के इतिहास में पहली बार रक्षा मंत्रियों की बैठक शनिवार को नेपल्स में शुरू हुई. मीटिंग की मेजबानी इतालवी रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने की. बैठक के एजेंडे में मुख्य वैश्विक संघर्षों और अस्थिरता के क्षेत्रों पर चर्चा शामिल है. बैठक में अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन भी भाग ले रहे हैं और इसका एक सत्र रूस-यूक्रेन युद्ध को समर्पित है. रक्षा को समर्पित एक सत्र भी निर्धारित किया गया है, जिसका उद्देश्य एक प्रभावी परामर्श मंच के रूप में जी-7 की भूमिका को बढ़ावा देना, राजनीतिक और आर्थिक विषयों पर साझा दृष्टिकोण की पहचान करना है.

### हूती विद्रोहियों का दावा : अरब सागर में जहाज को ड्रोन से बनाया निशाना

**सना ।** यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने अरब सागर में एक जहाज को निशाना बनाया और इसके लिए बम से लदे ड्रोन का इस्तेमाल किया. ग्रुप ने कहा कि यह हमला लेबनान और फिलिस्तीन के समर्थन में किया गया. सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा, फिलिस्तीनी और लेबनानी प्रतिरोधों के समर्थन में, हमारे बलों ने अरब सागर में जहाज मेगालोपोलिस को कई ड्रोनों से निशाना बनाया. उन्होंने ऑपरेशन को सफल करार दिया. उन्होंने कहा कि जहाज को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि इसका स्वामित्व रखने वाली कंपनी की इजरायल के साथ डीलिंग है.

जम्मू कश्मीर का मामला

## राज्य का दर्जा देने के प्रस्ताव को उपराज्यपाल ने दी मंजूरी



फाइल फोटो

एजेंसी । श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की अगुवाई वाली कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है, जिसमें केंद्र सरकार से केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया गया है. एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि उमर अब्दुल्ला की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में राज्य के मूल स्वरूप को बहाल करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया, जिसके बाद उपराज्यपाल ने कैबिनेट द्वारा पारित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी.

प्रवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना एक उपचार प्रक्रिया की शुरुआत होगी, जिसमें संवैधानिक अधिकारों को पुनः प्राप्त करना और जम्मू-कश्मीर के लोगों की पहचान की रक्षा करना शामिल है. उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के साथ मामला उठाने के लिए अधिकृत किया है.

प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की विशिष्ट पहचान और लोगों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा नव-निर्वाचित सरकार की नीति का आधार बनी हुई है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इस संबंध में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों से मिलने के लिए आने वाले दिनों में नई दिल्ली जाएंगे. प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 4 नवंबर को श्रीनगर में विधानसभा सत्र बुलाने का भी फैसला किया है और उपराज्यपाल को विधानसभा सत्र बुलाने और उसे संबोधित करने की सलाह दी है. उन्होंने बताया कि पहले सत्र की शुरुआत में उपराज्यपाल द्वारा विधानसभा को संबोधित करने का मसौदा भी मंत्रिपरिषद के समक्ष रखा गया था, जिस पर परिषद ने फैसला किया कि इस पर आगे विचार किया जाएगा और चर्चा की जाएगी.

खौफ

### बहराइच में बुलडोजर एक्शन से पहले दिखा खौफ, 23 घरों में चिपकाया नोटिस

## तोड़फोड़ के डर से दुकानदार खुद हटा रहे अवैध निर्माण

एजेंसी । बहराइच



यूपी के बहराइच में हुई हिंसा के बाद अवैध निर्माण को बुलडोजर से हटाने की तैयारी शुरू हो गई है. लिहाजा पीडब्ल्यूडी ने करीब 23 घरों, जिनमें मुख्य आरोपी अब्दुल का घर भी शामिल है, वहां नोटिस चिपका दिया है. नोटिस में अवैध निर्माण हटाने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है. इसके बाद दुकानदारों ने अपनी दुकानें खाली करने के बाद खुद ही दुकानों के अवैध हिस्से को तोड़ना शुरू कर दिया है. यह काम बुलडोजर एक्शन से बचने और तोड़फोड़ के बाद प्रशासन को भुगतान से बचने के लिए किया जा रहा है. बहराइच हिंसा को लेकर पुलिस ने अब तक 31 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बताया जा रहा है कि कल से अवैध निर्माण को गिराने के लिए बुलडोजर एक्शन हो सकता है. विभाग की तरफ से सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण कर जो निर्माण किए गए हैं, उन पर नोटिस चस्पा किया गया है. 3 दिन में सड़क के मध्य से 60 फीट की दूरी पर बनाए गए निर्माण को हटाने के लिए नोटिस लगाया गया है. नोटिस में कहा गया है कि नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर आपने यह निर्माण जिलाधिकारी बहराइच या पूर्व विभागीय अनुमति से किया है तो उसकी मूल प्रति तत्काल उपलब्ध कराएं या उक्त अवैध निर्माण 3 दिन के अंदर खुद हटा लें. अन्यथा की दशा में अवैध निर्माण पुलिस और प्रशासन के सहयोग से हटवाने की कार्रवाई की जाएगी. इसमें किए गए खर्च को राजस्व के माध्यम से आपसे ही वसूला जाएगा.

बता दें कि बहराइच में 13 अक्टूबर को विसर्जन जुलूस के दौरान हिंसा हुई थी. इसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने पांच आरोपियों अब्दुल हमीद, रिंकू उर्फ सरफराज, फहीम, तालीम और अफजल को सीजेएम प्रतिभा चौधरी के जज कॉलोनी स्थित आवास पर पेश किया. जहां से सीजेएम ने आरोपियों को 14 दिनों की रिमांड पर जेल भेज दिया.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)